आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या 12:19 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 2 अक्टूबर 2024
वर्ष 34, अंक 244, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वेब सीरीज डायनेस्टी में काम करेंगी रवीना 15

मंगल पर मिली अजीबो-गरीब धारीदार चट्टान 16

# ईरान का इजराइल पर हमला

## 400 बैलेस्टिक मिसाइलें दागीं, कहा- हिजबुल्ला नेता नसरल्ला की शहादत का पहला बदला

## इजराइल के साथ अमेरिका ने दी ईरान को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी

- इजराइल में बजे चेतावनी के सायरन, नागरिकों को बंकरों के पास रहने का आदेश

यरुशलम, एजेंसी

ईरान ने इजराइल पर सैकड़ों बैलेस्टिक मिसाइलें दागी हैं और इसके साथ ही देशभर में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बज रहे हैं। द जेरूसलम पोस्ट ने मिसाइलों की संख्या 400 बताई हैं। ईरान के इस हमले के साथ ही इजराइल का करीब एक वर्ष पहले हिजबुल्ला और हमास के साथ शुरू हुआ संघर्ष उग्र हो गया है और इसके पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र में फैलने का खतरा मंडराने लगा है। इजराइली सेना ने निवासियों को बंकरों के पास रहने का आदेश दिया है। तेल अवीव और यरुशलम के निकट कई धमाके सुने गए, हालांकि यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये धमाके मिसाइल के गिरने की थीं या इजराइली सुरक्षा बलों द्वारा हमलों को रोके जाने की।

इजराइल और अमेरिका ने ईरान को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगरी ने कहा कि देश की वायु रक्षा प्रणाली खतरों का पता लगा कर उन्हें रोक रही है। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि ईरान ने इजराइल के खिलाफ बैलेस्टिक मिसाइल दागी तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। ईरान से हमले की स्थिति में इजराइल की सहायता के लिए अमेरिकी जहाज और विमान इस क्षेत्र में तैनात हैं। इजराइली सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि हमले में बहुत कम लोग घायल हुए हैं। लोग बंकरों से बाहर निकल सकते हैं।



ईरानी हमले के दौरान इजराइल के आसमान में बरसती मिसाइलें।

### इजराइल ने कहा-हिजबुल्ला पर हमला जारी रखेगा

इजराइल ने कहा है कि वह हिजबुल्लाह पर तब तक हमला करता रहेगा जब तक कि लेबनान सीमा के पास के घरों से विस्थापित नागरिकों के लिए वापस लौटना सुरक्षित नहीं हो जाता। इजराइल के सरकारी टेलीविजन के अनुसार ईरान ने इजराइल पर दर्जनों बैलेस्टिक मिसाइल दागने की जिम्मेदारी ली है। ईरान ने हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला और रिवोल्यूशनरी गार्ड जनरल अब्बास निलफोरुशान के मारे जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह नसरल्ला की शहादत का पहला बदला है।

### बाइडेन ने की इमरजेंसी बैठक, इजराइल की सुरक्षा पर चर्चा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने ईरान मिसाइल हमले से इजराइल की रक्षा के संबंध में अमेरिकी तैयारी की समीक्षा की है। इजराइल पर ईरान के मिसाइल हमले के शुरू होने से कुछ पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि आज सुबह उपराष्ट्रपति और मैंने इज़राइल के खिलाफ आसन्न मिसाइल हमला शुरू करने की ईरानी योजनाओं पर चर्चा करने के लिए हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम बुलाई। हमने चर्चा की कि इन हमलों से बचाव में इज़राइल की मदद करने और क्षेत्र में अमेरिकी कर्मियों की सुरक्षा के लिए अमेरिका की तैयारी कैसी है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया, जो बाइडेन ने उप राष्ट्रपति कमला हैरिस और नेशनल सिक्योरिटी टीम के साथ बैठक की। इस बैठक में ईरान के हमले की चर्चा की गई। इजराइल को इस हमले से कैसे बचाया जाए।

# नशा, स्मार्ट फोन छोड़ बहाएं पसीना तो बरसेंगी नौकरियां

## पेरिस ओलंपिक-पैरालंपिक के पदक विजेताओं को मुख्यमंत्री योगी ने दिए 22.70 करोड़ रुपये के पुरस्कार

- कहा, सम्मानित करने के साथ पदक विजेताओं को सरकार बनाएगी राजपत्रित अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेरिस ओलंपिक व पैरालंपिक गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को 22.70 करोड़ रुपये की सम्मान राशि देते हुए नवोदित खिलाड़ियों को सचेत भी किया। कहा कि नशा और स्मार्ट फोन से दूर रहकर बड़ा खिलाड़ी बनने को जितना पसीना बहाएंगे, उतना ही नौकरियों के साथ धन की बारिश भी होगी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि युवा पीढ़ी के लिए स्मार्ट फोन आज सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। यह युवाओं के समय और श्रम दोनों को प्रभावित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने को सचेत किया। कहा कि नशा नाश का कारण है। जो नशे की तरफ गया वह जीवन में फिर किसी के लायक नहीं रह पाएगा। योगी ने कहा कि युवा खुद को तैयार करें। उनकी सुविधाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार समुचित माहौल तैयार कर रही है। युवा खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। सरकार प्रदेश के शहरों से लेकर गांवों तक खेल की सुविधाएं विकसित कर रही है। अच्छे प्रशिक्षण के साथ अच्छे प्रशिक्षक भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को प्रतीक चेक सौंपते मुख्यमंत्री योगी।

### राजपत्रित अधिकारी बनेंगे पदक विजेता खिलाड़ी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए सम्मान समारोह में आए खिलाड़ियों की प्रेरक कहानी भी साझा की। कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को धनराशि आवंटन में पीछे नहीं है। सरकार ने खेलों में देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को राजपत्रित अधिकारी बनाने बनाने का निर्णय लिया है। 2 खिलाड़ी पुलिस उपाधीक्षक, 2 नायब तहसीलदार, 1 माल कर अधिकारी और 2 खिलाड़ी जिला युवा कल्याण अधिकारी बनेंगे।

### सरकार ने खिलाड़ियों को बनाया करोड़पति

पेरिस पैरालंपिक-2024 में गौतमबुद्ध नगर के प्रवीण कुमार ने ऊंची कूद प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था, उन्हें 6 करोड़ की धनराशि प्रदान की गई। कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम में शामिल वाराणसी के ललित उपाध्याय और गाजीपुर के राजकुमार पाल को एक-एक करोड़ रुपये दिए। पैरालंपिक स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई और इटावा के अजीत सिंह को 4- 4 करोड़ की धनराशि दी गई। 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाली मुजफ्फरनगर की प्रीति पाल को 4 करोड़ और 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाली गाजियाबाद की सिमरन को 2 करोड़ रुपये दिए गए।

# 18 और अधिकारियों पर हो सकती है कार्रवाई

### हाईवे भू-अधिग्रहण घोटाला

- अभी तक सामने आ चुका है 200 करोड़ से ज्यादा का घोटाला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बरेली के हाईवे भू-अधिग्रहण घोटाले में और अधिकारियों की गर्दन फंस सकती है। इस प्रकरण में 18 और अधिकारियों और कर्मचारियों के निलंबन और अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए फाइल तैयार है। इनमें चार तत्कालीन सक्षम प्राधिकारी, भूमि अध्याप्ति भी शामिल हैं। मालूम हो कि बरेली-पीलीभीत-सितारगंज हाईवे और बरेली रिंग रोड के लिए जमीन अधिग्रहण में अभी तक 200 करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला सामने आ चुका है।

इस मामले में एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी के सात अधिकारी और कर्मचारी निलंबित किए जा चुके हैं। बरेली के स्थानीय प्रशासन ने 27 मार्च 2018 से नवंबर 2023 तक कार्यरत रहे सक्षम प्राधिकारी, भूमि अध्याप्ति सुल्तान अशरफ सिद्दीकी, भरत कुमार, राजीव पांडेय और आशीष कुमार के भी निलंबन की संस्तुति की है। तहसील सदर के लेखपाल उमाशंकर, नवाबगंज के लेखपाल सुरेश सक्सेना और एसएलएओ दफ्तर के अमीन डबर सिंह पर कड़ी कार्रवाई की संस्तुति की गई है। इसके अलावा एक रिपोर्ट में लेखपाल आशीष कुमार, मुकेश कुमार, विनय, दिनेश चंद्र, विशेष भूमि अध्याप्ति कार्यालय के तत्कालीन अमीन अनुज वर्मा, ग्राम विलहरा माफी व मुडलिया गोसू के क्षेत्रीय लेखपाल मुकेश गंगवार, हेमंतडांडी के क्षेत्रीय लेखपाल तेजपाल, ग्राम भैंसहा के क्षेत्रीय लेखपाल ज्ञानदीप गंगवार, उगनपुर के क्षेत्रीय लेखपाल मुकेश कुमार मिश्रा, अमरिया के क्षेत्रीय लेखपाल विनय कुमार व दिनेश चंद्र और ग्राम हुसैन नगर एवं सरदार नगर के क्षेत्रीय लेखपाल आलोक कुमार को भी अनियमितता के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। शासन के सूत्रों के मुताबिक, इन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के निलंबन और आगे की कार्रवाई के लिए फाइल प्रक्रिया में है। शीघ्र ही आदेश होना संभव है।

# जल निगम के पांच रिटायर अफसरों के ठिकानों पर छापा

- आय से अधिक संपत्ति के मामले में विजिलेंस ने की कार्रवाई
- मकान, कृषि भूमि, फ्लैट, गाड़ियों के पेपर और जेवर बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) लखनऊ की टीम ने मंगलवार दोपहर जल निगम की इकाई कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएंडडीएस) के सेवानिवृत्त पांच अभियंताओं के घरों पर छापा मारा। कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में की गई। इन सेवानिवृत्त अभियंताओं में से तीन अपनी तैनाती के समय परियोजना प्रबंधक भी थे। पूर्व में इनके खिलाफ शासन के आदेश पर आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा दर्ज हुआ था। एफआईआर के बाद विजिलेंस ने इनसे कई दस्तावेज मांगे थे लेकिन ढुलमुल रवैया देख अदालत से सर्च वारंट लेकर यह कार्रवाई की।

जल निगम के अफसरों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के लगभग 11 मामले दर्ज हो चुके हैं। मंगलवार को विजिलेंस टीम ने इंदिरानगर, गोमती नगर और विकास नगर में छापेमारी की। लगभग आठ घंटे तक चले छापे में मकान, खेती की ज़मीन, फ्लैट, गाड़ियों के कागजात, करोड़ों की अघोषित संपत्ति में निवेश, म्यूचुअल फण्ड, बीमा पॉलिसी, पोस्ट ऑफिस निवेश के कागजात और लैपटाप, जेवरात बरामद हुए हैं। विभिन्न बैंक के खाते एवं बैंक लॉकर के प्रपत्र भी हासिल हुए हैं। दरअसल, साल 2020 में सीएंडडीएस के इन अभियंताओं के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायतें शासन को मिली थी। इन्हें गंभीरता से लेते हुए शासन ने 12 जून 2020 को जांच के आदेश दिए थे।

### इनके ठिकानों पर पड़े छापे

विजिलेंस एसपी डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी, एएसपी बबिता सिंह के निर्देश पर पांच टीमों ने दोपहर में छापा मारा। यह छापा सीएंडडीएस के तत्कालीन प्रोजेक्ट मैनेजर व सहायक अभियंता इंदिरानगर सेक्टर-19 निवासी राघवेन्द्र कुमार गुप्ता, इंदिरानगर सेक्टर सी निवासी अधीक्षण अभियंता सत्यवीर सिंह चौहान, निगम के मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ में तैनात रहे गोमती नगर विशेष खंड निवासी अधीक्षण अभियंता रहे अजय रस्तोगी, एल्डिको ग्रीन निवासी सहायक अभियंता कमल कुमार खरबंदा और विकासनगर सेक्टर दो निवासी सहायक अभियंता कृष्ण कुमार पटेल के घरों पर मारा गया। अजय मूल रूप से बरेली के हाफिजगंज, कमल कुमार मध्य प्रदेश के रामपुर और कृष्ण कुमार प्रयागराज के मऊआइमा के रहने वाले हैं।

# ध्वस्तीकरण पर सभी के लिए जारी होगा दिशा-निर्देश

## याचिका पर निर्णय होने तक निर्माणों पर बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह संपत्तियों को ध्वस्त किए जाने के मुद्दे पर सभी नागरिकों के लिए दिशा निर्देश जारी करेगा। इसके साथ ही न्यायालय ने उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जिनमें आरोप लगाया गया है कि कई राज्यों में आरोपियों की संपत्ति समेत अन्य संपत्तियां ध्वस्त की जा रही हैं।

न्यायालय ने कहा कि उसके दिशा निर्देश पूरे भारत में लागू होंगे। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति का महज आरोपी या दोषी होना संपत्ति के ध्वस्तीकरण का आधार नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि हम सभी नागरिकों, सभी संस्थानों के लिए इसे जारी कर रहे हैं न कि किसी खास समुदाय के लिए। पीठ ने कहा कि किसी खास धर्म के लिए अलग कानून नहीं हो सकता है। अदालत ने कहा कि वह सार्वजनिक सड़कों, सरकारी जमीनों या जंगलों में किसी भी अनधिकृत निर्माण को संरक्षण नहीं देगा। हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि हमारे आदेश से किसी भी सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण करने वालों को मदद न मिले।

पीठ ने मामले पर सुनवाई के बाद कहा कि आदेश सुरक्षित रखा जाता है। पीठ के आदेश सुरक्षित रखने के बाद याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट के 17 सितंबर के आदेश का उल्लेख किया जिसमें कहा गया था कि उसकी अनुमति के बगैर एक अक्टूबर तक आरोपियों समेत अन्य लोगों की संपत्तियों को नहीं गिराया जाएगा। वकील ने पीठ से अपने अंतरिम आदेश की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया। इस पर पीठ ने कहा कि इस मामले में निर्णय लेने तक यह बना रहेगा।



### अवैध कब्जों पर नहीं लागू होगा सुप्रीम कोर्ट का आदेश

इससे पहले न्यायालय ने कहा था कि अगर अवैध रूप से ध्वस्तीकरण का एक भी मामला है तो यह हमारे संविधान के मूल्यों के विरुद्ध है। न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि उसका आदेश सड़कों, फुटपाथ, रेलवे लाइन या जलाशयों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर बने अनधिकृत ढांचों पर लागू नहीं होगा और साथ ही उन मामलों पर भी लागू नहीं होगा जिनमें अदालत ने ध्वस्तीकरण का आदेश दिया है।

# अभिनेता गोविंदा के पैर में लगी गोली खतरे से बाहर

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता गोविंदा मंगलवार को अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से दुर्घटनावश गोली चलने के कारण घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब वह हवाई अड्डा जाने के लिए मुंबई स्थित अपने घर से निकलने वाले थे। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गोविंदा (60) की हालत खतरे से बाहर है। गोविंदा ने एक बयान जारी करते हुए प्रशंसकों को सूचित किया कि अब वह बेहतर महसूस कर रहे हैं। पुलिस ने अभिनेता के जुहू स्थित आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। अभिनेता के प्रबंधक ने बताया कि गोविंदा को कोलकाता में एक कार्यक्रम के लिए सुबह छह बजे उड़ान भरनी थी और वह 4:45 बजे अपने घर से निकलने वाले थे तभी लाइसेंसी रिवॉल्वर को अलमारी में रखते वक्त ट्रिगर दब गया जिससे गोली चल गई।



- रिवाल्वर आलमारी में रखते वक्त ट्रिगर दबने से चली गोली

# 1 लाख युवाओं को हर वर्ष मिलेगी वित्तीय सहायता

### मंत्रिमंडल के फैसले

- ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार का होगा सृजन स्वव्यवसाय से जुड़ेंगे युवा
- युवाओं के लिए उप्र. उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024 प्रस्ताव को मिली मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने युवाओं को स्वरोजगार के अवसर देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (मुख्यमंत्री युवा) को लागू करने का फैसला लिया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने बताया कि इस योजना के तहत, आगामी 10 वर्षों में 10 लाख सूक्ष्म इकाइयों की स्थापना की जाएगी, जिससे 1 लाख शिक्षित और प्रशिक्षित युवाओं को प्रतिवर्ष वित्तीय सहायता मिलेगी। इसका उद्देश्य रोजगार सृजन करना है और प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। इस योजना के अंतर्गत आवेदक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ पास होनी चाहिए, हालांकि इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत सूक्ष्म उद्यमों और सेवा क्षेत्र में 5 लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर ऋण पर अनुदान प्रदान किया जाएगा। यदि परियोजना की लागत 10 लाख रुपये तक है, तो शेष धनराशि का प्रबंध लाभार्थी को स्वयं करना होगा। सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को परियोजना लागत का 15 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों को 12.5 प्रतिशत, और अनुसूचित जाति, जनजाति और दिव्यांगजन को 10 प्रतिशत स्वयं के अंशदान के रूप में जमा करना होगा।

### बुंदेलखंड, पूर्वांचल और आकांक्षी जिलों के लिए विशेष व्यवस्था

योजना में बुंदेलखंड, पूर्वांचल और आकांक्षी जिलों जैसे चित्रकूट, चन्दौली, सोनभद्र, फतेहपुर, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और बहराइच के लाभार्थियों के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। इन क्षेत्रों के लाभार्थियों को भी परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अंशदान देना होगा। इस योजना में ऋण पर 4 वर्षों के लिए शत-प्रतिशत ब्याज उपदान दिया जाएगा और लोन की तिथि से 6 माह की अधिस्थगन अवधि भी मिलेगी।



अमृत विचार
www.amritvichar.com

# चालू होंगे बंद सिनेमाघर, खुलेंगे मल्टीप्लेक्स

**कैबिनेट का फैसला 1**

## एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण एवं उच्चीकरण के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए उप्र. में बंद पड़े सिनेमाघर को पुनः संचालित किए जाने का निर्णय लिया है। साथ ही मल्टीप्लेक्स विहीन जिलों में जल्द से जल्द मल्टीप्लेक्स निर्माण को प्रोत्साहित करने, एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण को प्रोत्साहित करने एवं संचालित सिनेमाघरों के उच्चीकरण के लिए समेकित प्रोत्साहन योजना को मंजूरी प्रदान की है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि यह योजना 5 साल तक प्रभावी रहेगी। सिनेमाघर, मल्टीप्लेक्स द्वारा राजकोष में जमा की गयी एसजीएसटी से प्रस्तावित अनुदान दिया जाएगा, जिससे राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त व्यय भार नहीं आएगा।

## उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति को मिली मंजूरी

**निवेश पर जोर 2**

**मथुरा और मेरठ में दो नए निजी विवि की स्थापना को मंजूरी**

योगी सरकार ने राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र को सुदृढ़ करने और युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति, 2024' को लागू किया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि यह नीति प्रदेश में बढ़ती उच्च शिक्षा की मांग को पूरा करने के लिए निजी निवेश को प्रोत्साहित करेगी। इसके माध्यम से छात्रों को राज्य में ही उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना से प्रदेश के युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। इस नीति के अंतर्गत, प्रायोजक निकायों को स्टाम्प शुल्क में छूट, कैपिटल सब्सिडी, और विशेष लाभ प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 50 में स्थान प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालयों को भी अतिरिक्त लाभ दिए जाएंगे। कैबिनेट बैठक में मथुरा और मेरठ में दो नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। मथुरा में केडी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 'राजीव मेमोरियल एकेडमिक वेलफेयर सोसाइटी' को आशय-पत्र जारी किया गया है। इसी प्रकार, मेरठ में विद्या विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 'विद्या बाल मण्डली' द्वारा 42.755 एकड़ भूमि पर प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ बनेंगे सोलर पार्क

**सोलर पार्क 3**

**निवेशकों को 1 रुपये प्रति एकड़ प्रतिवर्ष की दर से मिलेगी जमीन**

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ सोलर पार्क विकसित किया जाएगा। इसके लिए निवेशकों को 1 रुपये प्रति एकड़ प्रतिवर्ष की दर से जमीन आवंटित करेगा। जमीन 25 साल के लिए लीज पर दी जाएगी। यह सोलर पार्क 450 मेगावाट क्षमता का होगा। यूपीडा इसके लिए 1500 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध कराएगी।

**मिला दर्जा 4**

**सूचना प्रौद्योगिकी सेवा को उद्योग का दर्जा देने पर सहमति**

राज्य सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवाओं को उद्योग का दर्जा दिए जाने का फैसला लिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आईटी, आईटीईएस क्षेत्र की तीव्र वृद्धि में सहायता के लिए राज्य में परिवर्तनकारी सुधारों को कार्यान्वित किए जाने की आवश्यकता है। इन सुधारों का उद्देश्य आईटी और आईटीईएस क्षेत्र को उद्योग का दर्जा दिया जाना है। आवासीय विकास प्राधिकरणों तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में औद्योगिक श्रेणी के अन्तर्गत वर्गीकृत भूमि को आईटी, आईटीईएस क्षेत्र की इकाइयों को औद्योगिक दर पर भूमि आवंटन की सुविधा प्रदान करने से आईटी, आईटीईएस इकाइयों को भूमि उपलब्धता में सुगमता होगी। आईटी, आईटीईएस क्षेत्र की नई क्रियाशील इकाइयों, जिनका न्यूनतम लोड 150 केवी है, को औद्योगिक दरों पर विद्युत उपलब्ध कराए जाने से उनकी लाभप्रदता बढ़ाने में मदद मिलेगी और उत्तर प्रदेश राज्य आईटी, आईटीईएस क्षेत्र में अधिक निवेश आकृष्ट करने में सक्षम होगा। इस प्रकार के पुनर्वर्गीकरण से उत्तर प्रदेश में प्रचलित दरों के अनुसार इस क्षेत्र के लिए विद्युत की लागत में लगभग 18 प्रतिशत की बचत होगी।

# किसानों की आय बढ़ाएगी एग्रीस योजना

**कृषि 5**

**28 जिलों में लागू होगी 4 हजार करोड़ रुपये की योजना**

किसानों की आय बढ़ाने के लिए एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव यूपी एग्रीस को भी मंजूरी प्रदान की। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि इसमें 9 क्लाइमेटिक जोन हैं इसमें बुंदेलखंड और पूर्वांचल की प्रोडक्टिविटी पश्चिम की अपेक्षा कम रहती है। ऐसे में, इसे बढ़ाने और नवाचार, आर्थिक बढ़ोतरी समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को लाभ देना है। यह 28 जिलों में लागू होगी। झांसी, चित्रकूट, गोरखपुर, वाराणसी, विंध्य, आजमगढ़, बस्ती और देवीपाटन मंडल के जिलों में परियोजना लागू की जाएगी। यह परियोजना 4000 करोड़ की होगी और छह वर्षों के भीतर लागू होगी। इस वर्ष के बजट में 200 करोड़ का प्रावधान सरकार द्वारा किया गया था। राज्य सरकार द्वार परियोजना में कुल मिलाकर ग्यारह सौ छाछठ करोड़ रुपए दिए जाएंगे। परियोजना में विश्व बैंक द्वारा 2737 करोड़ रुपए लगाए जाएंगे। ऋण वापसी की अवधि पैंतीस वर्षों की होगी और ब्याजदर 1.23 परसेंट रहेगी।

### मक्का, बाजरा व ज्वार की एमएसपी तय

राज्य सरकार ने मक्का, बाजरा और ज्वार का समर्थन मूल्य निर्धारित कर दिया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि मक्का की एमएसपी 2285 रुपये, बाजरा की एमएसपी 3431 और ज्वार की एमएसपी 2625 रुपये प्रति क्विंटल होगी। मक्के की 21 जिलों में, बाजरा की 32 जिलों में और ज्वार की 11 जिलों में खरीद की जाएगी।

**कर्मचारी 6**

**समूह ग के 47 व समूह घ के 36 कर्मचारियों को लाभ**

## आवश्यक वस्तु निगम के 83 कर्मी रसद विभाग में होंगे समायोजित

खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम के 83 कर्मियों को खाद्य एवं रसद विभाग में बाड़ी शापिंग के आधार पर समायोजित करने का भी निर्णय मंत्रिमंडल ने लिया है। इसमें समूह 'ग' के 47 और समूह 'घ' के 36 कर्मचारी हैं। उप्र. राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम लिमिटेड में कुल 126 कर्मचारी कार्यरत हैं। कंपनी एक्ट 1956 के तहत 22 अक्टूबर 1974 को इसकी स्थापना की गई थी। राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम लिमिटेड द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना में भारतीय खाद्य निगम और राज्य भंडारागार निगम के गोदामों से राशन उठान कर अपने गोदामों को रखे जाने का काम किया जाता था। इससे निगम को मार्जिन मनी प्राप्त होती थी। प्रदेश में सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी योजना लागू किए जाने से बाद सीधे दुकानों पर राशन भेजने की व्यवस्था शुरू की गई है। इससे निगम के गोदामों की जरूरत नहीं रह गई। इससे निगम की आय में दो सालों में भारी गिरावट आई है और नुकसान भी हो रहा है। निगम अपनी आय पर इन कर्मियों को वेतन दे पाने की स्थिति में नहीं है। इसके साथ ही कर्मियों के लगातार सेवानिवृत होने या आकस्मिक निधन से निगम में अधिकांश समूह 'ग (सेल्समैन) और समूह 'घ (चतुर्थ श्रेणी) के कर्मचारी ही बचे हैं। इसीलिए इन कर्मियों को दूसरे विभागों में समायोजित करने की जरूरत को देखते हुए यह निर्णय सरकार ने लिया है।

**इन प्रस्तावों को भी मिली कैबिनेट की मंजूरी**

- आगरा में नक्षत्रशाला साइंस सिटी और विज्ञान पाठ की स्थापना होगी।
- महाधिवक्ता और विधि अधिकारी अधिष्ठान सेवा नियमावली 2009 में पंचम संशोधन को मंजूरी।
- यूपी 112 में 380 नए वाहनों की खरीद का निर्णय।
- 75 जिलों में 75 फोरेंसिक मोबाइल वैन खरीदने को मंजूरी।
- उप्र. श्रम कल्याण परिषद कर्मचारी सेवा नियमावली 2024 को मंजूरी।
- आबकारी नीति 2024-25 में संशोधन को मंजूरी।
- लखीमपुर खीरी के गोला तहसील में शिव मंदिर कॉरिडोर के लिए 19324.67 वर्ग मीटर नजूल भूमि पर्यटन विभाग को फ्री उपलब्ध करवाए जाने का प्रस्ताव पास।

# सड़क खोद कर न बने पूजा का पंडाल यातायात की सुगमता का रखें ध्यान

## मुख्यमंत्री ने छठ पर्व तक पुलिस-प्रशासन को सतर्क रहने के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्व-त्योहारों के अवसर पर पुलिस और प्रशासन को 24×7 अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। निर्देश दिए कि कहीं भी सड़क खोद कर पंडाल न बनाया जाए। पंडाल बनाते समय यातायात की सुगमता का पूरा ध्यान रखा जाए।

अपने सरकारी आवास पर मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारी व पुलिस कप्तानों से कहा है कि सभी जिले विगत वर्षों में त्योहारों के समय प्रदेश में घटी हर छोटी-बड़ी घटना का आंकलन करें और ऐसी व्यवस्था बनाएं कि इस वर्ष शारदीय नवरात्र से छठ तक के पूरे त्योहारी माहौल में कहीं भी एक भी अप्रिय घटना न घटे।

त्योहारी माहौल में जिला स्तर पर बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए निर्देश दिए कि अगले दो दिनों में सभी दुर्गा पूजा कमेटियों से थाना, सर्किल और जनपद स्तर पर संवाद कर लिया जाए। कहीं भी प्रतिमा की ऊंचाई एक सीमा से अधिक न हो। कमेटियों से बातचीत कर यह सुनिश्चित कराएं कि उनके परिसर में ऐसा कोई कृत्य नहीं होगा, जिससे किसी अन्य की आस्था आहत हो। फूहड़ अथवा कानफोड़ गीत-संगीत-नृत्य नहीं होना चाहिए। कमेटी द्वारा पंडाल व आस-पास साफ-सफाई रखी जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रतिमा विसर्जन का रूट पहले से स्पष्ट होना चाहिए। यह सुनिश्चित कर लें कि विसर्जन रूट पर कहीं हाईटेंशन लाइन न हो। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी। पंडालों में फायर सेफ्टी के संबंध में आवश्यक प्रबन्ध होने चाहिए। योगी ने निर्देश दिया कि हाल के दिनों में रेलवे ट्रैक पर गैस सिलेंडर, पत्थर रखने जैसी सूचनाएं मिली हैं। ऐसे में रेलवे के साथ मिलकर इंटेलिजेंस सिस्टम को और बेहतर बनाएं। इसके अलावा ग्राम चौकिदारों के तंत्र को और सक्रिय करें।

## 250 लोगों के मजरे तक भी बनेगी पक्की सड़क, 15 दिन में प्रस्ताव मांगा


मुख्यमंत्री योगी

**अमृत विचार, लखनऊ** : प्रदेश में मजरे से लेकर हर ग्राम पंचायत, कस्बे, नगर और महानगर में बेहतरीन रोड कनेक्टिविटी के लिए मुख्यमंत्री योगी ने 250 लोगों के मजरे को भी पक्की सड़क से जोड़ने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सभी सांसदों, विधायकों से अपने क्षेत्र में नई सड़क, बाईपास, अथवा पुल-पुलिया के निर्माण और पुराने की मरम्मत के लिए अगले 15 दिन में प्रस्ताव तैयार करने को कहा है। मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर जनप्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि गण अपने जिले के प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में कोर कमेटी के साथ बातचीत करके जिला प्रशासन के साथ मिलकर प्रस्ताव तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं भी तहसील और ब्लॉक मुख्यालय 2 लेन सड़क से नहीं जुड़े हैं तो तत्काल सूचना देनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने वर्तमान में जारी सड़कों की मरम्मत, गड्ढामुक्ति के प्रदेशव्यापी अभियान को पहले चरण में 10 अक्टूबर तक सम्पन्न करने के भी निर्देश दिए। साथ ही भारी वाहनों की ओवरलोडिंग के विरुद्ध कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री ने 'जीरो पॉइंट' पर एक्टिव रहने के निर्देश दिए। सड़क पर सामान्य आवागमन बाधित कर जांच करने की बजाए, जहां से वाहन चलना प्रारंभ किया है, वहीं कार्यवाही करें।

### राजस्व वादों के निस्तारण में लेटलतीफी पर दी चेतावनी

जिलाधिकारियों को खान-पान में मिलावट, घटतौली आदि पर कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए चेताया कि जमीन के मामलों में नामांतरण, वरासत, पारिवारिक बंटवारे, पैमाइश जैसे आमजन से जुड़े राजस्व वादों के निस्तारण में लेटलतीफी न हो। कहा कि त्योहार के समय डग्गामार, खस्ताहाल बसों का उपयोग नहीं होना चाहिए। प्रत्येक दशा में दीपावली से पहले सभी लाभार्थियों के घर रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध हो जाना चाहिए।

## बिजली कनेक्शन की दरें बढ़ाने के मामले में मांगा जवाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की याचिका पर राज्य विद्युत नियामक आयोग ने नए बिजली कनेक्शन की दरों के निर्धारण मामले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया है।

उपभोक्ता परिषद ने 20 सितंबर को आयोग में शिकायत की थी कि पावर कॉरपोरेशन के प्रस्ताव में घरेलू, वाणिज्यिक व अन्य उपभोक्ताओं के लिए कनेक्शन की दरें बढ़ाने की बात कही गई है। हालांकि, पावर कॉरपोरेशन की ओर से प्रस्ताव में उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन में छूट देने का दावा किया गया था।

उपभोक्ता परिषद की शिकायत पर आयोग ने पावर कॉरपोरेशन से बिंदुवार विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने 50 किलोवाट के ऊपर हाईटेंशन लाइन पर कनेक्शन लेने के दौरान 'क्यूबिक इंफ्रास्ट्रक्चर' व ट्रांसफार्मर की व्यवस्था उपभोक्ता के स्तर पर किए जाने के प्रस्ताव में भी जल्द स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है।

# संपत्ति का ब्योरा न देने वाले 39 हजार कर्मियों का रुका वेतन

**मानव संपदा पोर्टल पर 30 सितंबर तक अपलोड करना था संपत्ति का पूरा ब्योरा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : राज्य सरकार संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक न करने वाले 39 हजार कर्मचारियों को नोटिस देने के साथ उनका सितम्बर माह का वेतन रोक लेगी।

फिलहाल, 8,27,583 में से 7,88,506 कर्मचारियों ने ही संपत्ति की जानकारी अपडेट की है। 131748 यानी 15 फीसदी कर्मचारी 17 अगस्त को पहले ही संपत्ति की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर चुके थे। 31 अगस्त तक यह आंकड़ा बढ़कर 71 फीसदी हो गया। अगस्त में जिन 29 फीसदी कर्मचारियों ने संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया था, उनका वेतन रोकने का आदेश जारी हुआ था। लेकिन गृह विभाग की मांग पर एक माह की मोहलत और दी गई थी। इसके बाद भी 39 हजार राज्य कर्मचारियों ने पोर्टल पर ब्यौरा अपडेट नहीं किया।

## कानून व्यवस्था के सभी वादे झूठे : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ** : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि कानून व्यवस्था को लेकर सरकार के सारे दावे झूठे है। अपराधियों को कानून का कोई डर नहीं है। इस कारण हर जिले में आपराधिक घटनाएं हो रही हैं।

सपा प्रमुख ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। भाजपा सरकार में असली अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती है। महिला अपराध के मामले में उप्र. देश में नंबर एक हो गया है।

## चार सहायक निदेशक बने उप निदेशक

**अमृत विचार, लखनऊ** : कौशल विकास विभाग में मंगलवार को चार सहायक निदेशक आलोक कुमार, अमित कुमार मद्धेशिया, रत्नाकर सिंह व किशन स्वरूप पदोन्नति पाकर उप निदेशक बन गए हैं। इन्हें 67700-208700 बेसिक रुपये का वेतनमान मिलेगा।

## साइबर फ्राड पर अंकुश लगे : मुख्य सचिव

**अमृत विचार, लखनऊ** : मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने भारतीय रिजर्व बैंक की राज्य स्तरीय समन्वय समिति की 17वीं बैठक में कहा कि साइबर फ्राड पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। आम नागरिकों को जागरूक किया जाए।

उन्होंने कहा कि अनियमित जमा लेने वाली कंपनियों, डिफॉल्ट करने वाली कंपनियों पर सख्त कार्रवाई हो। बैठक में सचिव वित्त मिनिस्ती एस, क्षेत्रीय निदेशक कानपुर ईशान शुक्ला, रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक पंकज कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा के जनरल मैनेजर एवं कनवेनर एसएलबीसी यूपी समीरा रंजन पांडा, बैंक ऑफ बड़ौदा के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर लाल सिंह मौजूद रहे।

# शिक्षामित्र-संविदा कर्मियों की हो सकती है वेतन वृद्धि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : सरकार शिक्षामित्र, रसोइये, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और संविदा एवं आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे शिक्षा कर्मियों के मानदेय अथवा वेतन में बढ़ोतरी करने पर विचार कर रही है। इसके तहत बेसिक शिक्षा विभाग के दफ्तरों एवं स्कूलों से मानदेय, संविदा, आउटसोर्सिंग एवं दैनिक वेतन पर काम करने वाले शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों का ब्योरा तलब किया गया है।

दरअसल, केन्द्र सरकार ने पिछले माह अलग-अलग श्रेणी के श्रमिकों के दैनिक वेतन में वृद्धि करने की घोषणा की है। चूंकि कोर्ट के आदेश पर राज्य सरकार का भी प्रदेश के शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों के साथ समझौता है कि केन्द्र के समान ही राज्य सरकार के सरकारी शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ-साथ सरकारी उपक्रमों में कार्य करने वाले को भी वेतन भत्ता आदि दिया जाएगा। ऐसे में शासन ने प्रदेश में नियमित के साथ मानदेय एवं संविदा पर कार्य कर रहे शिक्षक एवं अन्य कर्मियों के अलावा आउटसोर्सिंग एवं दैनिक वेतन पर कार्य करने वाले शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों जिनमें आंगनवाड़ी कात्री तथा रसोइये भी शामिल हैं, के मानदेय/पारिश्रमिक में वृद्धि पर विचार शुरू कर दिया है।

**चिंताजनक** विभाग द्वारा बुलाए जाने के बाद भी नहीं छोड़ रहा केजीएमयू प्रशासन

# बिना आदेश के ट्रामा सेंटर में चल रही नौकरी

**उन्नाव के सीएमओ ने लिखा कुलपति, डीजी हेल्थ को पत्र मगर नहीं हुई कार्रवाई**


पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार** : डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा स्वास्थ्य विभाग पलायन का दंश झेल रहा है। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रामा सेंटर में प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग (पीएमएसएच) के डॉ.समीर कुमार बिना प्रतिनियुक्ति बढ़े दो साल से सेवाएं दे रहे हैं। इन डॉक्टर को लेकर उन्नाव जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कुलपति, स्वास्थ्य महानिदेशक समेत कई अधिकारियों को पत्र भी लिखा है, मगर कार्रवाई नहीं हुई है।

उन्नाव जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सत्य प्रकाश ने अधिकारियों को अवगत कराया कि जुलाई 2019 में एक साल की प्रतिनियुक्ति पर ट्रामा सेंटर गए डॉ.. समीर कुमार की प्रतिनियुक्ति, वित्त विभाग की सहमति से दो साल के लिए यानि जुलाई 2022 तक बढ़ाई गई थी। इसके बाद प्रतिनियुक्ति बढ़ी भी नहीं है, बावजूद ट्रामा सेंटर में सेवाएं देते हुए पांच साल पूरे हो चुके हैं। इस संबन्ध में केजीएमयू रजिस्ट्रार अर्चना गहरवार ने अगले हफ्ते विस्तृत जानकारी देने का आश्वासन दिया है। स्वास्थ्य महानिदेशालय डॉ.बृजेश राठौर ने महानिदेशालय में निदेशक प्रशासन शिव सहाय अवस्थी पर जिम्मेदारी डालते हुए कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया।

> ट्रामा सेंटर में ईएमओ की कमी है, सात पद के सापेक्ष छह चिकित्सक सेवाएं दे रहे हैं। इसलिए डॉ.समीर की प्रतिनियुक्ति बढ़ाए जाने की मांग रजिस्ट्रार से की गयी है। नए डॉक्टर के आने पर छोड़ दिया जाएगा।
> -डॉ.प्रेमराज, सीएमएस ट्रामा सेंटर केजीएमयू

बीते दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटन के डॉक्टर की वापसी के लिए केजीएमयू के कुलपति, स्वास्थ्य विभाग के निदेशक समेत अन्य अधिकारियों को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र के माध्यम से



डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।




मलिहाबाद से विधायिका श्रीमती जयदेवी कौशल हवन-पूजन कर साईं बाबा की अनुकम्पा की पात्र बनती हुई।

नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10, 9839163047 / 9956384848

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

## मौसम

मौसम साफ रहने की संभावना है।

33.8° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- स्मृति उपवन से आशियाना जैन मन्दिर तक सद्भावना दौड़-6:00 बजे।
- मार्टिन पूर्वा में दुर्गा मंदिर के समीप नगर विकास मंत्री एके शर्मा और मेयर सुषमा खर्कवाल द्वारा स्वच्छता अभियान की शुरुआत-8:00 बजे।
- हजरतगंज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित-9:45 बजे।
- लोकभवन में प्रधानमंत्री के जीवन चरित्र पर लिखित पुस्तक का विमोचन-10:30 बजे।
- अलीगंज कला स्रोतआर्ट गैलरी में उत्साह शीर्षक से कला प्रदर्शनी का उद्घाटन- 5:00 बजे।
- कुर्मांचल नगर मोहन सिंह प्रेक्षागृह में गांधी जयंती पर उत्तराखंड महापरिषद की ओर से रोजी मिश्रा के निर्देशन में नाटक मीठी ईद का मंचन- 6:00 बजे।
- मौसमगंज रामलीला में शिव पार्वती संवाद, रावण अत्याचार, राम जन्म लीला से लेकर जानकी जन्म लीला का मंचन रात 9:00 बजे।

## एक नजर

### बिजली के खंभे से गिरा कर्मचारी, मौत

**अमृत विचार, लखनऊ:** चंदरनगर उपकेंद्र के गुलाब वाटिका फीडर पर आर्मर्ड केबल बिछाने का काम चल रहा था। फतेहगंज निवासी जयपाल ठेकेदार प्रेम के साथ मंगलवार को दोपहर 3 बजे सीढ़ी पर चढ़कर कम कर रहा था। पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया। ट्रामा सेंटर में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने करंट लगने का आरोप लगाया है।

### पार्षद के घर पर पथराव के तीन आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोमतीनगर पुलिस ने विनीत खंड निवासी भाजपा पार्षद संजय सिंह राठौर के घर पर पथराव करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों में खरगापुर का अस्तित्व सिंह, ग्वारी गांव का ज्ञान कुमार उर्फ आर्यन और विनीतखंड का शशांक यादव शामिल हैं।

# 346 किलोमीटर खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत पर खर्च होंगे 150 करोड़

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम 150 करोड़ से शहर की खस्ताहाल 346 किलोमीटर लंबी सड़कें बनाएगा। इसके लिए नगर निगम ने टेंडर निकाल दिए हैं। 3 अक्टूबर से सड़क बनाने का काम रफ्तार पकड़ेगा। मंगलवार तक नगर निगम लगभग 52 किलोमीटर सड़क बना चुका है। 12 करोड़ से नगर निगम लगभग 310 किलोमीटर सड़कों के गड्ढे भरने और पैचवर्क करा रहा है। मंगलवार तक नगर निगम ने लगभग 70 किलोमीटर सड़कों के गड्ढे भरने और पैचवर्क का काम करा दिया।

नगर निगम के मुख्य अभियंता (सिविल) महेश वर्मा ने बताया कि गड्ढे भरने और पैचवर्क कराने के काम में तेजी लाने के अभियंताओं को निर्देश दिये गए हैं।

# ग्रीन कॉरिडोर के लिए 180 करोड़ रुपये स्वीकृत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लखनऊ विकास प्राधिकरण की अवस्थापना विकास निधि की बैठक में लगी मुहर

**अमृत विचार:** ग्रीन कॉरिडोर के काम में अब तेजी आएगी। सड़क, जलाशयों और पार्क के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष ने 180 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत कर दिया है।

प्राधिकरण की अध्यक्ष डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में मंगलवार को अवस्थापना विकास निधि की बैठक हुई। इसमें उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि लगभग 70 करोड़ रुपये से प्रस्तावित ग्रीन कॉरिडोर, जी-20 रोड और सरोजनीनगर क्षेत्र में यातायात संबंधी कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। बैठक में सचिव विवेक कुमार श्रीवास्तव, एडीएम राकेश सिंह, मुख्य अभियंता अवनीन्द्र कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा आदि मौजूद रहे।

### 26 करोड़ से झील-जलाशय का सौंदर्यीकरण

मोतीझील, बटलर झील, विराज खंड झील और जानकीपुरम के सेक्टर-ई में जलाशय के विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य के लिए 26 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।



### 29 करोड़ से संवरेंगे पार्क और ग्रीन बेल्ट

विभिन्न स्थानों पर पार्क, ग्रीन बेल्ट और अयोध्या रोड स्थित शक्ति वन के अवशेष कार्यों के लिए 29 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए।



### 10 करोड़ से लगेंगी रिवर फ्रंट पर लाइटें

गोमती रिवर फ्रंट पर हाईमास्ट लाइटें और स्प्रिंक्लर लगवाने के लिए लगभग 10 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर दी गई है।

### 6.2 करोड़ से होगा चौराहों का सौंदर्यीकरण

विभिन्न चैराहों के सौंदर्यीकरण के लिए 6.2 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई, जिसमें लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य कराए जाएंगे। विभिन्न स्थानों में सड़क निर्माण के लिए 16.52 करोड़ और नालियों के लिए 4 करोड़ रुपये दिए गए हैं।



आलमबाग सब्जी मंडी के बाहर सड़क पर लगे फलों के ठेले। अमृत विचार



कानपुर रोड पर आलमबाग में फुटपाथ पर लगीं दुकानें। अमृत विचार

# सड़क पर ठेले और फुटपाथ तक दुकानें

## अतिक्रमण से सड़कें सकरी होने से लगता है जाम, त्योहारों पर बिगड़ेगी स्थिति

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर के ज्यादातर फुटपाथों पर दुकानदारों और सड़कों किनारे ठेलेवालों व पटरी दुकानदारों का कब्जा है। सड़क पर दुकानें और वाहनों की पार्किंग होने से लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। पटरी दुकानदारों को व्यवस्थित करने और अतिक्रमण हटाने के लिए मंत्री से शासन के अधिकारी तक सड़कों पर उतरे, मंडलायुक्त से लेकर जिलाधिकारी तक बैठकों में आए दिन निर्देश देते हैं। इसके बावजूद नगर निगम अतिक्रमण के खिलाफ ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा है, जबकि व्यापारी खुद पुलिस अधिकारी से मिलकर अतिक्रमण हटाने पर सहयोग की बात कह चुके हैं। गुरुवार से नवरात्र फिर त्योहार शुरू हो रहे हैं। स्वाभाविक है बाजारों में भीड़ बढ़ेगी, तो जाम की समस्या और विकराल हो जाएगी।

अमीनाबाद, चारबाग, कैसरबाग, आलमबाग, चौक, भूतनाथ मार्केट सहित शहर के प्रमुख बाजारों में अतिक्रमण है। फुटपाथ पर स्थायी दुकानदार सामान रख जगह घेर लेते हैं। बची जगह पर पटरी दुकानदार दुकान सजा लेते हैं। आधी सड़क पर वाहन खड़े होते हैं। ऐसे में ग्राहकों का बाजारों में पैदल निकलना तक मुश्किल है।



चारबाग रेलवे स्टेशन के बाहर सड़क पर खड़े ई-रिक्शा और किनारे लगीं दुकानें। अमृत विचार

### अभियान के नाम पर होती है खानापूर्ति

अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। नगर निगम बाजारों में समय-समय पर अभियान चलाकर नो वेंडिंग जोन से ठेले, गुमटी और अतिक्रमण हटाता है लेकिन कुछ देर बाद ही फिर दुकानें लग जाती हैं। नगर निगम और पुलिस विभाग अतिक्रमण के लिए एक दूसरे पर जिम्मेदारी डाल पल्ला झाड़ लेते हैं।

### तय होगी जवाबदेही, तब मिलेगी निजात

जिम्मेदार विभागों की जब तक जवाबदेही तय नहीं होगी तब तक शहर में अतिक्रमण और जाम की समस्या से निजात नहीं मिलने वाली। यातायात विभाग, पुलिस, नगर निगम और जिला प्रशासन को मिलकर काम करना होगा। अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत है। लगभग दो वर्ष पहले अतिक्रमण और जाम के खिलाफ चलाया गया विभागों का संयुक्त अभियान काफी सफल रहा था।

### व्यापारियों के साथ कमेटी बनाने की हुई थी बात

लखनऊ व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र के नेतृत्व में 19 सितंबर को दर्जनभर से अधिक बाजारों के व्यापारी डीसीपी नार्थ रामनयन सिंह से मिले थे। व्यापारियों ने बाजारों से अतिक्रमण हटाने समेत कई बिंदुओं पर चर्चा की थी। अतिक्रमण हटाने में सहयोग का भी भरोसा दिलाया था। तब डीसीपी ने अतिक्रमण हटाने के लिए व्यापारियों को शामिल कर कमेटी बनाने की बात कही थी। किंतु 13 दिन बाद भी इस पर अमल होता नहीं दिखा।

> अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाता है, लेकिन दुकानें लगाकर फिर अतिक्रमण कर लिया जाता है। अतिक्रमण न हो इसके लिए नगर निगम की ओर से पुलिस को पत्र दिया जाता है। नगर निगम बड़े स्तर पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने जा रहा है।
>
> -इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम



अतिक्रमण व बाजार की अन्य समस्याओं पर पुलिस अधिकारियों से चर्चा करते व्यापारी।

## बाजारों में अतिक्रमण से व्यापारी परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को व्यापारियों ने डीसीपी पश्चिम ओमवीर, एडीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव के साथ राजगार्डेन राजाजीपुरम में बैठक की। इसमें बाजारों में गश्त, यातायात की समस्या, अतिक्रमण आदि पर चर्चा की गई।

अमरनाथ ने बताया कि रकाबगंज पुल, नादान महल रोड, मेडिकल कालेज, ठाकुरगंज, कैम्पवेल रोड, दुबग्गा, बुद्धेश्वर, नक्खास, बुलाकी अड्डा, राजाजीपुरम टेंपो स्टैंड आदि स्थानों पर अतिक्रमण की समस्या है। ई-रिक्शा भी परेशानी बढ़ा रहे हैं। रकाबगंज पुल पर जाम लगा रहता है। लाइसेंस न होने के बावजूद मेडिकल कॉलेज से नाका तक टैक्सी का संचालन होता है। वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने थानावार मासिक बैठकें करने और थानों में व्यापारियों को सम्मान मिलने की मां की। महामंत्री अनुराग मिश्र, अभिषेक खरे, उमेश शर्मा ने डीसीपी को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया।

अमरनाथ ने कहा कि नक्खास में फुटपाथ बाजार के कारण दुकानदारों की गाड़ी नहीं खड़ी हो पाती है। सड़क पर खड़े करने पर पुलिस व्यापारियों के वाहनों का चालान कर देती है। पटरी दुकानदारों को वेंडिंग जोन और साप्ताहिक बाजारों को शहर के बाहर शिफ्ट किया जाए।

# चिड़ियाघर में बहराइच से लाए गए दो भेड़िये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ वन मंत्री ने किया भेड़िया बाड़ा और सारस प्रेक्षागृह का उद्घाटन

▸▸ प्रेक्षागृह में भी सुविधाएं बढ़ाई गईं, बैठ सकेंगे 100 दर्शक



चिड़ियाघर के बाड़े में भेड़िया।

**अमृत विचार:** नवाब बाजिद अली शाह प्राणी उद्यान में मंगलवार को वन और पर्यावरण राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने आधुनिकीकृत सारस प्रेक्षागृह व भेड़िया बाड़े का उद्घाटन किया। बहराइच से रेस्क्यू कर लाए गए दो भेड़ियों को बाड़े में रखा गया। मंत्री ने भोजन परिवहन बैट्री वाहनों को भी हरी झंडी दिखाई।

मंत्री ने कहा कि चिड़ियाघर को बेहतर बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। लखनऊ समेत प्रदेश के सभी चिड़ियाघर को सुंदर और आकर्षित बनाया जा रहा है।

प्रेक्षागृह में 8x16 की वीडियो वॉल और नया साउण्ड सिस्टम लगाया गया है। स्मोक डिटेक्टर लगाए गए हैं। एक बार में 100 दर्शक डॉक्यूमेंट्री देख सकेंगे। 29 नवम्बर को प्राणि उद्यान की फिल्म रिलीज की जाएगी। प्राणि उद्यान की निदेशक अदिति सिंह ने बताया कि वन्य प्राणि सप्ताह के दौरान बुधवार से एक हफ्ते तक 12 वर्ष तक स्कूली बच्चों का प्रवेश निशुल्क रहेगा।

अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, वन निगम के प्रबंध निदेशक सुनील चौधरी, प्राणि उपनिदेशक डॉ. उत्कर्ष शुक्ला, क्षेत्रीय वनाधिकारी दिनेश बडोला आदि मौजूद रहे।

# जुरासिक पार्क में आज से देखें डायनासोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बड़ों के लिए 120 रुपये टिकट 12 वर्ष तक के बच्चों का 60 रुपये

▸▸ जनेश्वर मिश्र पार्क में 5 एकड़ में बनाया गया है जुरासिक पार्क

**अमृत विचार :** गोमती नगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क के पांच एकड़ में बना प्रदेश का पहला जुरासिक पार्क आज से खोल दिया जाएगा। यहां, विलुप्त हो चुके डायनासोर के रोबोटिक व निष्प्रयोज्य लोहे से बने 35 तरह के मॉडल देख सकेंगे। बड़ों का 120 रुपये जबकि 12 वर्ष तक के बच्चों का आधा टिकट लगेगा।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया जुरासिक पार्क का सफल ट्रायल होने पर इसे बुधवार से लोगों के लिए बुधवार से खोल दिया जाएगा। जहां, लोग सुबह 10 से रात 10 बजे तक डायनासोर के मॉडल देख सकेंगे।

बड़ों का किराया 120 रुपये, तीन वर्ष तक के बच्चों का निशुल्क व इससे ऊपर 12 वर्ष तक के बच्चों का आधा टिकट लगेगा। परिसर में बिना पेड़ काटे 7.85 करोड़ रुपये से जुरासिक पार्क बनाया गया है।

पीपीपी मॉडल पर आधारित जुरासिक पार्क में सरिया, लोहे के टुकड़े, वाहनों की चेन-स्पाकिट, साकर आदि निष्प्रोज्य सामग्री से बड़े व छोटे डायनासोर बनाए हैं। साथ ही जापान व अन्य शहरों से रोबोटिक डायनासोर के मॉडल चलने के साथ लोगों को डराते हैं। गेट से प्रवेश करते ही पेड़ बाबा पूरी जानकारी देते हैं। इसका उद्घाटन बाद में करेंगे। कोरोना कॉल से बंद वोटिंग चालू की जाएगी।

योजना | उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम प्रशिक्षण देकर बनाएगा हुनरमंद

# नमस्ते से सशक्त बनाए जाएंगे कचरा बीनने वाले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नगर निगम और पंचायती राज विभाग करेगा चयन

**अमृत विचार :** कचरा बीनने वालों को उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड रोजगार से जोड़कर सशक्त बनाएगा।

नगरीय क्षेत्रों में ऐसे लोगों का चयन नगर निगम और ग्रामीण में पंचायती राज विभाग करेगा। चयनित लोगों को नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम योजना (नमस्ते) के तहत कई तरह से प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाया जाएगा। प्रशिक्षण के आधार पर विभाग रोजगार व स्वरोजगार उपलब्ध कराएगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का निर्देश पर जिले में प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संबंधित विभाग ने नगर आयुक्त और जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र जारी करके कचरा बीनने वालों का चयन करके नाम समेत पूरा विवरण मांगा है।



### योग्यता के आधार पर किया जाएगा लाभान्वित

उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि के जिला प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पहले चरण में सरकार ने कचरा बीनने वालों को चिह्नित करके रिपोर्ट मांगी है। उनकी आवश्यकता के आधार पर रोजगार व स्वरोजगार की योजना बनाकर लाभान्वित किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी करके जल्द नाम मांगे हैं।

### 18 से 60 वर्ष आयु के लोग होंगे शामिल

योजना में 18 से 60 वर्ष तक के लोगों का चयन किया जाएगा। जिन्हें कचरा बीनने के काम से हटाकर सम्मानजनक आजीविका के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। पहले चरण में शासन से सिर्फ लोगों का चयन करके इस माह के अंत तक रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में कचरा बीनने वालों की संख्या, उनकी आवश्यकता, परिवार का भरण-पोषण आदि बिंदु दर्शाए जाएंगे। इसी आधार पर सरकार द्वारा रोजगार व स्वरोजगार के कार्य निर्धारित करके लाभान्वित किया जाएगा। उपचार के लिए आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड दिए जाएंगे।

## धूप ने कराया गर्मी का एहसास बढ़ी उमस

**अमृत विचार, लखनऊ :** मौसम के बदले मिजाज के कारण गर्मी का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। मंगलवार की सुबह से ही चटख धूप खिली थी। दिन चढ़ने के साथ ही गर्मी और उमस ने बेहाल किया। अधिकतम तापमान 33.8 और न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. दानिश ने बताया कि अगले तीन दिन मौसम साफ रहेगा। उन्होंने बताया कि तीन दिन बाद बूंदाबांदी हो सकती है।

# त्योहारों पर साबरमती से सीतामढ़ी तक चलाई जाएगी विशेष ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ इटावा, कानपुर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा में भी होगा ठहराव

**अमृत विचार :** त्योहारों पर लंबी वेटिंग को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे गुजरात के साबरमती से बिहार की सीतामढ़ी तक विशेष ट्रेन चलाएगा। साबरमती-सीतामढ़ी विशेष ट्रेन भरतपुर, इटावा, कानपुर, लखनऊ होकर गुजरेगी। ट्रेन में दो थर्ड एसी, 12 स्लीपर, चार जनरल, दो एसएलआर समेत 20 कोच होंगे। ट्रेन 5 अक्टूबर से साबरमती और 6 अक्टूबर से सीतामढ़ी से चलेगी।

ट्रेन नंबर 09421 साबरमती से 5 अक्टूबर से 20 नवंबर तक चलाई जाएगी। ट्रेन प्रत्येक शनिवार शाम 7:45 बजे साबरमती से रवाना होकर दूसरे दिन राजस्थान से होते हुए कानपुर के रास्ते शाम 6:30 बजे लखनऊ पहुंचेगी। तीसरे दिन ट्रेन सुबह 8.30 बजे सीतामढ़ी पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 09422 सीतामढ़ी से 6 अक्टूबर से 2 दिसंबर तक प्रत्येक सोमवार शाम 4 बजे रवाना होगी।ट्रेन दूसरे दिन सुबह 6:25 बजे लखनऊ और तीसरे दिन सुबह 6 बजे साबरमती पहुंचेगी। ट्रेन रक्सौल, नरकटियागंज, सिसवां बाजार, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, उन्नाव, कानपुर सेंट्रल, इटावा, टुंडला, आगरा फोर्ट, अछनेरा, भरतपुर, बांदीकुई, जयपुर, किशनगढ़, अजमेर, ब्यावर, मारवाड़, फालना, आबूरोड, पालनपुर एवं महेसाणा स्टेशनों पर रुकेगी।

### फिरोजपुर मंडल में 6 से कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

**अमृत विचार, लखनऊ :** 6 अक्टूबर से उत्तर रेलवे फिरोजपुर मंडल के जलंधर कैंट स्टेशन पर इंजिनियरिंग कार्य किया जाना है। 6 अक्टूबर को सहरसा से चलने वाली ट्रेन नंबर 15531 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस चंडीगढ़ तक जाएगी। यह ट्रेन चंडीगढ़ से अमृतसर के बीच निरस्त रहेगी।

# बुजुर्गों का सम्मान परम्परा ही नहीं, नैतिक जिम्मेदारी

## समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण बोले, वृद्धजन से हमेशा मिलता है मार्गदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपरा ही नहीं, नैतिक जिम्मेदारी भी है। वृद्धजनों से हमेशा ही मार्गदर्शन मिलता है। वे प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से हमें संबल प्रदान करते हैं। ये बातें समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस व दादा-दादी, नाना-नानी दिवस पर भागीदारी भवन में आयोजित कार्यक्रम में कहीं।

उन्होंने कहा कि वृद्धजनों को हमें एकाकी नहीं रहने देना चाहिए। वर्तमान पीढ़ी को चाहिए कि बड़े-बुजुर्गों का महत्व समझें और उनके अनुभवों से प्रेरणा लें। जीवन में विषम परिस्थिति आने पर उनसे मार्गदर्शन लेकर उसका सामना करें।

इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक 102 वर्षीया राधा जोशी, 90 वर्षीया कमला डी, उमा त्रीगुणायत, डॉ. वाईडी मिश्र, प्रीतम सिंह नट, वीरेंद्र सिंह, रामलाल गुप्ता, सोबरन सिंह, विजय शंकर, वीके खरे, दुर्गा दत्त, प्रो.आनंद बरनवाल वैद्य, प्रो. योगेंद्र सिंह और रघुनाथ सिंह आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के बच्चों के साथ उपस्थित जनसमूह ने वृद्धजनों के सम्मान व उनके कल्याण के लिए सतत सक्रिय रहने की शपथ ग्रहण की। सिटी मांटेसरी स्कूल के बच्चों ने दादा-दादी, नाना-नानी के लिए मनमोहक गीत पर नृत्य पेश किया। कार्यक्रम में डॉ. हरिओम प्रमुख सचिव समाज कल्याण, समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत, निदेशक अनूप पंत हेल्पेज इंडिया समेत अन्य मौजूद रहे।

▶▶ भागीदारी भवन में वृद्धजन दिवस पर समाज कल्याण विभाग की ओर से हुआ कार्यक्रम

### 14 एकाकी महिलाओं के साथ परिवार की तरह रहती हूं

लखनऊ : शतायु सम्मान से सम्मानित कमला डी ने बताया कि वह लखनऊ विश्वविद्यालय से प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद जीवन का जमकर लुत्फ उठाया। विदेश घूमा और समाज सेवा की। निराला नगर में अकेली रहती हैं, मगर 14 ऐसी ही एकाकी जीवन जीने वाली महिलाओं के साथ एक परिवार की तरह रह रही हैं। शतायु सम्मान से सम्मानित सोबरन सिंह ने बताया कि वह मंदबुद्धि बच्चों की खेल अभिरुचि को प्रोत्साहित करने में जुटे हुए हैं। वृद्धजन अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें।




गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में हेल्पेज इंडिया व वरिष्ठ नागरिक महासमिति के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित समारोह में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग डॉ. हरिओम की ओर से सम्मानित होने वाले वृद्धजन।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रदेश में बनेगा डे केयर-हेल्थ सेंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** वरिष्ठ नागरिकों के लिए लखनऊ में डे केयर-हेल्थ सेंटर बनाया गया है। यहां पर स्वास्थ्य सुविधाओं की भी व्यवस्था होगी। डे केयर सेंटर को जल्द शुरू किया जाएगा। प्रदेश में भी डे केयर सेंटर खोले जाएंगे और पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनशिप) मोड पर इसका संचालन किया जा सकता है। भागीदारी भवन में विकसित भारत में वरिष्ठ नागरिक आवासीय नीति पर ऑनलाइन चर्चा के लिए आयोजित वेबिनार में उक्त बात प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने कही। वेबिनार में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि निम्न, मध्य व उच्च आयु वर्ग के वरिष्ठजनों को आवासीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए नीति पत्र तैयार कर भविष्य की कार्ययोजना बनाई जाएगी। ऑनलाइन बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि वरिष्ठ नागरिक परिषद वरिष्ठजनों के लिए आवासीय गाइड लाइन तैयार करेगा। इसमें घर बनाते समय रैंप, इलेक्ट्रानिक उपकरण जैसी अन्य कौन-कौन सी सुविधाएं आवश्यक हैं, इन्हें शामिल करेगा। ऑनलाइन परिचर्चा में राज्यसभा सदस्य संजय सेठ, डॉ. अभिषेक शुक्ला संस्थापक आस्था सेंटर फॉर जेरिएट्रिक मेडिसिन पैलिएटिव केयर हॉस्पिटल एंड हॉस्पिस, लखनऊ, रजित मेहता एमडी एंड सीईओ अंतरा सीनियर लिविंग, समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### केक काट कर मनाया गया पूर्व राष्ट्रपति का जन्मदिन

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का जन्मदिन केक काटकर मनाया। जन्मदिन के अवसर पर वृद्धजनों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता शिव प्रसाद सोनकर के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य भवन चौराहे के पास आयोजित कार्यक्रम में बुजुर्ग घनश्याम पाठक, आलोक सक्सेना और शैलेंद्र यादव को सम्मानित किया गया। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर मिष्ठान वितरित किया। मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता शिव प्रसाद सोनकर ने कहा कि महात्मा गांधी ने बिना हथियार के अंग्रेजों को देश से भगाया था। इस दौरान प्रसून शुक्ला, विक्की सिंह, नवीन सोनकर, कल्पना रावत, इंदू शर्मा, कंचन गौतम, विजय सोनकर आदि मौजूद रहे।

### लविवि में रक्तदान शिविर आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कमांड अस्पताल में 64 यूपी बटालियन एनसीसी ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य सामुदायिक सेवा को बढ़ावा देना और आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करना है। शिविर में 64 यूपी बीएन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल पीपीएस चौहान, सूबेदार मेजर भूपेन्द्र सिंह धामी, नायब सूबेदार रामकिशन, जीसीआई कुमारी शिवानी उपस्थित रहीं।

### भाषण प्रतियोगिता में स्वर्णिमा प्रथम, आदित्य रहे दूसरे स्थान पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग में 'आत्मनिर्भर भारत ही विकसित भारत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्वर्णिमा सिंह ने प्रथम, आदित्य विक्रम ने द्वितीय व शलभ अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डॉ. सुशील सिंह चौहान, डॉ. नंदिता कौशल और डॉ. सौरभ चौहान रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. उत्कर्ष मिश्र ने और कार्यक्रम का संचालन और समन्वय प्रकम्या, आर्य, अंकित, प्रियंका और अंकिता ने किया।

### भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव के निर्देशन में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। महाविद्यालय में एनएसएस व समाज शास्त्र के संयुक्त तत्वाधान में, अंग्रेजी विभाग व वाणिज्य विभाग में आत्मनिर्भर भारत पर एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

प्रो. रचना श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि अतुल कुमार श्रीवास्तव का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उसके बाद मुख्य अतिथि ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य, आवश्यकता, प्रासंगिकता की संक्षिप्त जानकारी साझा की। प्रतियोगिता में छात्राओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मंडल में प्रो. निधि सिद्धार्थ, प्रो. श्वेता तिवारी और डॉ. ऋचा मुक्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन में शिक्षकों की भूमिका पर संगोष्ठी का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ विद्यार्थी बन कर सीखने वाले शिक्षक पाते हैं सम्मान : डॉ. दिनेश शर्मा

**अमृत विचार :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय अपना 15वां स्थापना दिवस मना रहा है। इसकी शुरुआत राष्ट्रीय संगोष्ठी के साथ हुई। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान की ओर से उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के सफल क्रियान्वयन में शिक्षकों की भूमिका पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्य सभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति -2020 के आने के बाद शिक्षा व्यवस्था में बदलाव हो रहा है। ऐसे में जो शिक्षक विद्यार्थी बनकर सीखता रहेगा, वही विद्यार्थियों के बीच सम्मान पाएगा। शिक्षकों का समय-समय पर प्रशिक्षण करते रहना चाहिए। डॉ. शर्मा ने कहा कि शिक्षा का कोई धर्म या सम्प्रदाय नहीं होता है। शिक्षा का सिर्फ राष्ट्रधर्म होता है। इससे पहले प्रो. जयशंकर प्रसाद पाण्डेय, क्षेत्र संयोजक विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विषय प्रवर्तन करते हुए प्रो. एनके तनेजा राष्ट्रीय महामंत्री, विद्या भारती ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 आने से पहले हम शिक्षण की भारतीय संस्कृति को भूल चुके थे। संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि प्रो. सच्चिदानन्द मिश्र, सदस्य सचिव, भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद ने कहा कि प्राचीन काल से ऋषि ऋण की परंपरा रही है। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षक के रूप में हमें अपनी भूमिका निभानी है। समारोह में आभार ज्ञापन संयोजक डॉ. नीरज शुक्ल ने दिया। सत्र का संचालन डॉ. नलिनी मिश्रा, आयोजन सचिव ने किया। तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया।

### बीबीएयू में पोषण माह का समापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में पूरक आहार के माध्यम से बच्चों का स्वस्थ विकास सुनिश्चित करना विषय पर पिछले एक महीने से आयोजित 7वें राष्ट्रीय पोषण माह का समापन हुआ। समापन सत्र के दौरान गृह विज्ञान विद्यापीठ की संकायाध्यक्ष प्रो. यूवी किरण, कार्यक्रम की चेयरपर्सन की विभागाध्यक्ष प्रो. नीतू सिंह, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रियंका शंकर व आयोजन सचिव डॉ. माधवी डैनियल उपस्थित रहीं। सर्वप्रथम प्रो. नीतू सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। इसके पश्चात डॉ. प्रियंका शंकर ने सभी के समक्ष राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की रिपोर्ट को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में प्रो. शालिनी अग्रवाल, डॉ. अनुराम कैलाश मिश्रा, डॉ. पद्मिनी पाण्डेय, विभिन्न शोधार्थी व विद्यार्थी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनएमपी वर्मा ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर बीबीएयू के पूर्व कुलपति प्रो रणबीर चंद्र सोबती उपस्थित रहे।

# काम के बोझ से दबे हैं गुरुजी, कैसे पढ़ें बच्चे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षकों और शिक्षक नेताओं की शिकायत है कि शिक्षकों को दर्जन भर प्रशासनिक कार्यों को सौंप दिया गया है, जिसमें वे उलझे रहते हैं। इसके अलावा तरह-तरह के एप से शिक्षक जूझते रहते हैं। जिसके कारण मूल पठन-पाठन का माहौल नहीं बन पाता। पठन-पाठन के मूल कार्य से इतर अनेक अतिरिक्त सरकारी कार्य शिक्षकों को करने पड़ रहे हैं।

> शिक्षकों में आक्रोश है, लेकिन नौकरी की भी मजबूरी है क्या करें। यह आक्रोश आंदोलन बन कर सामने आ सकता है। इसके लिए शिक्षक आंदोलन की रणनीति पर विचार कर रहे हैं।
> **ब्रजेश मिश्र, प्राथमिक शिक्षक नेता।**

काम के बोझ तले दबे शिक्षक बच्चों को नैसर्गिक शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं। अब उनको शिक्षा के अलावा अन्य प्रशासनिक कार्यों को सौंप दिया गया है। शिक्षक नेता ब्रजेश मिश्र ने कहा कि शिक्षा निदेशक ने बच्चों के जन्म पंजीकरण संबंधी निर्देश जारी किया है। छात्र नामांकन, प्रवेशोत्सव, मैपिंग, पीएफएमएस के ढेरों काम यथा बिल बाउचर, पीपीए फीडिंग, प्रिंटिंग, बैंक में जमा करना, अलग से बैठक बुलाना, भुगतान आदेश, एसएमसी गठन, ऑडिट, एमडीएम खाता प्रबंधन, आधार, टीसी, यू डायस में टीचर मॉड्यूल, स्टूडेंट मॉड्यूल, स्कूल मॉड्यूल ऑनलाइन भरना, शाला प्रमाण पत्र, पौधरोपण, शैक्षिक संवाद, ट्रेनिंग, हाउस होल्ड सर्वे, रैलियां, सभाएं, स्कूल चलो अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रक्तदान आयोजन, खेल महोत्सव, स्वच्छता अभियान, शिक्षा सप्ताह, बच्चों के आधार बनवाने के साथ अभिभावकों के डीबीटी खातों में आधार फीड और सीड संबंधी कार्य आज शिक्षकों को करने पड़ रहे हैं।

# जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 21 को

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ के युवा कल्याण विभाग की ओर से आगामी 21 अक्टूबर को जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। युवा उत्सव कार्यक्रम गोमतीनगर के विनम्र खंड स्थित पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में प्रस्तावित किया गया है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक अवयव लोकनृत्य एकल और समूह में होगा, जिसमें आदिम शैली या भारत शैली में चरकुला, ख्याल, रासलीला, नौटंकी, कथक, कजरी इसके अलावा लोकनृत्य एकल व समूह में सोहर, कजरी, कहरवा, कीर्तन, नौका झक्कड़, रागिनी, चनयनी, बंजारा, नजावा, बिरहा, चैती, गजल, कव्वाली आदि क्षेत्रीय भाषा में कराया जाएगा। इसके अलावा जीवन कौशल अवयव के अंतर्गत कविता, कहानी लेखन, चित्रकारी, डिक्लेमेशन की प्रतियोगिताएं होंगी। थीमेटिक अवयव के तहत अभिनव प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण करते हुए विज्ञान मेला का आयोजन एकल व समूह दो श्रेणियों में कराया जाएगा। कार्यक्रम में शहर या देहात क्षेत्र का कोई भी प्रतिभागी हिस्सा ले सकता है, जिनकी आयु 15 से 29 वर्ष के बीच हो। कार्यक्रम की विशेष बात यह है कि जो कलाकार अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उनको मंडल स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। युवा उत्सव में हिस्सा लेने के इच्छुक कलाकार अपने जन्म तिथि, निवास संबंधी प्रमाण, पहचान आदि की छायाप्रति और नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो के साथ संबंधित विधा, जिसमें वह भाग लेना चाहते हैं।

### छात्र को अमेरिकी यूनिवर्सिटी की स्कॉलरशिप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के छात्र रोशन मूलचंदानी को उच्चशिक्षा के लिए अमेरिकी यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना की ओर से 76,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप मिली है। रोशन को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्च शिक्षा की अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने छात्र की सफलता पर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### समाज शास्त्र विभाग में हुआ सेमिनॉर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग में शोध में तकनीक के प्रयोग को लेकर सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसमें शोध छात्रों ने अपने-अपने शोध विषयों के बारे में विस्तार से बताया। छात्र अब आधुनिक समाज की समस्याओं को लेकर शोध कर रहे हैं। समाजशास्त्र विभाग परंपरागत शोध विषयों से आगे बढ़ कर आधुनिक और तकनीक विषयों को शोध के लिए प्रस्तुत कर रहा है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डीआर साहू कहते हैं कि हम छात्रों पर विषयों को थोपने के बजाए उनको उनकी पसंद के अनुसार विकल्प देते हैं। जिसमें छात्र बेहतर तरीके से शोध प्रस्तुत कर सके।

### राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विवि में ओहरोत्सव का आयोजन

**लखनऊ:** राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समिति तहज़ीब द्वारा 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक सांस्कृतिक महोत्सव ओहरोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारतोत्सव 10.0 और ओहर 12.0 का अनूठा संगम है। आयोजन का विषय स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र वीर कश्यप (VEER KASHYAP) के विद्यालय में मेरा नाम (JEETENDRA KASHYAP) अंकित हो गया है, जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम (JEETENDRA KUMAR) है जो कि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में भी अंकित है। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय में मेरा नाम (JEETENDRA KASHYAP) के स्थान पर (JEETENDRA KUMAR) अंकित किया जाये। **जीतेन्द्र कुमार पुत्र श्री राम अवतार, निवासी– ई–4/33, सेक्टर–डी, बसन्तकुंज, हरदोई रोड योजना, लखनऊ।**

**सूचना**

मैं, **मुन्नू लाल एवं मुन्नी देवी पता– म. नं. 4/107 विकास नगर, लखनऊ** ने अपने पुत्र संजीव कुमार व पुत्रवधू नीतिका के गलत आचरण के कारण इन्हें अपनी चल – अचल संपति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किये किसी भी कृत्य की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रंजीत कुमार पुत्र श्री राम दुलारे, निवासी– ग्राम व पो0– रमिया बेहड लखीमपुर खीरी, उ0प्र0** मेरे इण्टरमीडियट जिसका रोल नं0 –0900753 वर्ष –2016 तथा प्रमाण पत्र 31000695 और हाईस्कूल अंक पत्र जिसका रोल नं0–2522424 वर्ष– 2024 प्रमाण पत्र– 6624451 की मूल प्रति वास्तव में खो गई है।

**सूचना**

मैने अपना नाम परवेज खान से बदलकर मोहम्मद परवेज खान (MOHD PARVEZ KHAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद परवेज खान के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **मोहम्मद परवेज खान पुत्र श्री इकबाल खान निवासी सीमान्त नगर, गुरसहायगंज, जनपद कन्नौज।**

**सूचना**

मेरे पुत्र मो. सफीक का चाल चलन सही नहीं है, नशा करके मेरे साथ मेरे परिवार के सदस्यों को मारपीट कर प्रताड़ित कर रहा है। जिससे तंग आकर मै अपने पुत्र मो. सफीक को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज से वह अपने द्वारा किये गये कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मो. शरीफ पुत्र छंगा ग्राम गौरवा खुर्द ककरहा वि. खं. हलधरमऊ थाना को. करनैलगंज जिला गोंडा।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्यालय अभिलेखों में मेरी पुत्री, माता एंव पिता का नाम त्रुटिवश सिर्फ गार्गी, माता का नाम नीतू एवं पिता का नाम विजयंत विक्रम सिंह अंकित है। जबकि सही नाम गार्गी सिंह (GARGI SINGH), माता का नीतू सिंह (NEETU SINGH) एवं पिता का नाम कुंवर विजयंत विक्रम सिंह (KUNWAR VIJAYANT VIKRAM SINGH) है। कृपया विद्यालय अभिलेखों में नामो में सुधार कर अब इसे उक्त नाम से लिखा, पढ़ा व दर्ज किया जाए। **कुंवर विजयंत विक्रम सिंह,निवासी– के. एन.आई कस्बा, जिला सुल्तानपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **संगीता पत्नी नन्हें लाल, निवासी– छिपिया पो0 लक्ष्मीगंज इटौरा–बुजुर्ग जिला रायबरेली** मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 218457530 में मेरा नाम संगीता अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक खाता आदि में सुनीता देवी दर्ज है। उक्त दोनों नाम एक ही महिला के है। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **ऋचा पाण्डेय पुत्री अंजू पाण्डेय पत्नी सुनील शुक्ला, निवासिनी– म0नं0–647/21, के0एल0 सिटी नियर एम0डी0एम0 स्कूल, सेक्टर–एच, जानकीपुरम, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226021** की हूँ। यह कि मेरा सही व दस्तावेजी नाम ऋचा पाण्डेय है। जबकि पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश ऋचा शुक्ला दर्ज हो गया है जो कि गलत है। आज के बाद मुझे ऋचा पाण्डेय के नाम से जाना जाये तथा पासपोर्ट में मेरा नाम ऋचा पाण्डेय दर्ज किया जाय।



## लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश

लोक आयुक्त उत्तर प्रदेश

कुप्रशासन | **प्रदेश को भ्रष्टाचार/कुप्रशासन मुक्त बनाने हेतु जनता से अपील** | भ्रष्टाचार

उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त लोक सेवक यथा माननीय मंत्रीगण/विधायकगण, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष व अन्य अधिकारी, जिला पंचायत/क्षेत्र पंचायत तथा अन्य पंचायत के अध्यक्ष/अन्य अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा वित्त पोषित समस्त इकाईयाँ/संस्थान/प्राधिकरण, सोसाइटियों व परिषदों आदि से संबधित भ्रष्टाचार/कदाचार/कुप्रशासन तथा सेवानिवृत्तिक देयकों से संबंधित शिकायतों की जॉच हेतु निम्न पते पर सम्पर्क करें–

पताः– टी0सी0–46/वी–1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 अथवा पोस्ट बाक्स नम्बर–172, जी0पी0ओ0, लखनऊ, फैक्स नं0– (0522) 2306647
फोन नं0: (0522) 2306717, 2306160 (पी0बी0 एक्स),
Web site - www.lokayukta.up.nic.in, E-mail :- lokayukta@hotmail.com

**सचिव, लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ**



## क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

**जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!**

**कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं?** जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें**

VACHAK **वाचक आयुर्वेद®**

**आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश**

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरु कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीआॅक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



**डॉ. ओम प्रकाश वर्मा**
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

**अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –**
**7080239313**
**7570060266**

**आलमबाग**
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सांय 06:00 से 09:00 तक

**रविवार सांय अवकाश**

## एक नजर

### निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** आज होम्योपैथिक चिकित्सा बहुत प्रभावी हो रही है, प्रचार के अभाव में आमजन इसका अधिक लाभ नहीं उठा पाते हैं। यह विचार मंगलवार को खुशबू राखी मिश्रा, पूर्व पार्षद ने जानकीपुरम विस्तार स्थित हॉलिस्टिक हेल्थ केयर द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर के उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त किये। शिविर में 200 से अधिक मरीजों की डायबिटीज तथा आंखों की जांचकर होम्योपैथिक औषधि का वितरण किया गया। इस अवसर पर हेल्थ केयर क्लिनिक की डॉ. अर्चना श्रीवास्तव, लायंस क्लब की रिहाना सिद्दीकी, मधु सिंह, साधना सिंह, राधा बिष्ट आदि गणमान्य मौजूद रहे।

### इटौंजा सीएचसी में स्थापित होगा ब्लड बैंक

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** बख्शी का तालाब तहसील की इटौंजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भी ब्लड बैंक की स्थापना की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने इसके निर्माण को हरी झंडी दे दी है। सीएचसी अधीक्षक जेपी सिंह के मुताबिक ब्लड बैंक करीब छह महीने में बन जायेगा, जिससे गर्भवती महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी। अधीक्षक ने बताया सीएचसी में ब्लड बैंक सहित अन्य व्यवस्थाएं न होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल में रेफर करना पड़ता है।

# आंत से बनाया बच्चेदानी का रास्ता, मां बन सकेगी पीड़िता

## क्वीनमेरी की डॉक्टरों ने जन्मजात समस्या से ग्रसित किशोरी का जटिल ऑपरेशन करने में हासिल की सफलता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (क्वीनमेरी) की डॉक्टरों ने जटिल ऑपरेशन कर बड़ी आंत से 17 वर्षीय किशोरी के बच्चेदानी का रास्ता बनाने में सफलता हासिल की है। जन्म से बच्चेदानी का रास्ता न होने के कारण माहवारी का खून जमा हो रहा था। असहनीय पीड़ा से किशोरी परेशान थी। ऑपरेशन के बाद पीड़िता किशोरी पूरी तरह से सेहतमंद है। डॉक्टरों ने मां बनने की भी उम्मीद जाहिर की है।

क्वीनमेरी की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. एसपी जायसवार ने बताया कि बाराबंकी की रहने वाली किशोरी को चार साल से पेट में दर्द की शिकायत थी। निजी अस्पताल में जांच के बाद बच्चेदानी के मुंह का रास्ता न बना होने की पुष्टि हुई। इसकी वजह से माहवारी नहीं आ रही थी। पेट में गंदा खून जमा हो रहा था। जिससे भीषण दर्द व संक्रमण हो रहा था।



ऑपरेशन में शामिल डॉक्टरों की टीम और किशोरी। अमृत विचार

### सिग्माइड वैजिनोप्लास्टी कर आंतों से बच्चेदानी का मुंह व योनि का रास्ता बनाया

डॉ. सीमा मेहरोत्रा ने बताया जन्म से किशोरी की बच्चेदानी व योनि अविकसित थी। जिसकी वजह से पीरियड नहीं हो पा रहे थे। युवती में यौन रोग व बांझपन की समस्या भी हो सकती थी। क्वीनमेरी की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. एसपी जायसवार ने बताया कि सर्विकोवैजिनल एट्रेसिया में ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण होता है। सिग्माइड वैजिनोप्लास्टी कर आंतों से बच्चेदानी के मुंह व योनि का रास्ता बनाया। ऑपरेशन के बाद से मरीज को नियमित मासिक धर्म शुरू हो गया है। दर्द की समस्या से निजात मिल गई है। पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एसएन कुरील ने बताया कि वैजिनोप्लास्टी के लिए बड़ी आंत को प्राथमिकता दी जाती है। क्योंकि यह वैजिनल कोशिकाओं के सामान होता है। क्वीनमेरी की विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू अग्रवाल ने बताया कि लोगों में जागरुकता की कमी है। यही वजह है कि लोग जन्मजात प्रजनन विकार की दिक्कतों को समय पर दिखाने नहीं आते हैं। उम्र बढ़ने पर अस्पताल आते हैं। 5000 में एक बेटी को यह समस्या देखने को मिलती है।

**परिजन बच्चेदानी निकालने का बना रहे थे दबाव :** क्वीनमेरी में डॉ. सीमा मेहरोत्रा की देख-रेख में इलाज शुरू हुआ। जांच के बाद डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी। शुरुआत में परिवारीजन ऑपरेशन को राजी नहीं हुए। बच्चेदानी निकलवाने का दबाव बनाने लगे। उनका कहना था कि पहले चार बार हुए ऑपरेशन के बाद भी समस्या से निजात नहीं मिली है। लिहाजा बच्चेदानी ही निकालना सही है। डॉक्टरों ने बच्चेदानी का रास्ता बनाने के लिए कहा। इस पर परिवारीजन ऑपरेशन कराने को तैयार हुए।

### निजी अस्पताल में चार बार हुई सर्जरी

निजी अस्पताल में डॉक्टरों ने उसका ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद कुछ समय तो युवती ठीक रही। फिर पेट दर्द होने लगा। जांच कराई तो पता चला बच्चेदानी का मुंह फिर से सिकुड़ गया है। डॉक्टरों ने दोबारा सर्जरी कराने की सलाह दी। इस प्रकार किशोरी के चार ऑपरेशन हुए। लेकिन बीमारी से पूरी तरह से निजात नहीं मिला। समस्या गंभीर होने पर डॉक्टरों ने युवती को क्वीनमेरी ले जाने की सलाह दी।

### ऑपरेशन टीम के सदस्य

क्वीनमेरी की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. एसपी जयसवार, पीड़ियाट्रिक सर्जरी विभाग के डॉ. एसएन कुरील, डॉ. सीमा महरोत्रा, डॉ. पीएल शंखवार, डॉ. मंजूलता वर्मा, एनस्थीसिया विभाग के डॉ. एहसान सिद्दीकी, डॉ. श्रुति, डॉ. ख्याति और सिस्टर ममता शामिल थी। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने ऑपरेशन टीम को बधाई दी है।




हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करतीं कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद।

# रक्तदान से हृदय संबंधित बीमारियों में आती है कमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आज भी काफी लोग रक्तदान करने में डरते और घबराते हैं। उन्हें लगता है कि रक्तदान करने से कमजोरी आ जाएगी। जबकि, सच्चाई तो यह है कि रक्तदान करने से व्यक्ति और भी ज्यादा स्वस्थ हो जाता है। जो व्यक्ति समय-समय पर रक्तदान करता है उसको हृदय रोग की संभावनाएं कम हो जाती है और साथ ही व्यक्ति की अस्थिमज्जा सक्रिय हो जाती है। व्यक्ति दीर्घायु होता है। यह बातें के केजीएमयू कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने मंगलवार को कहीं।

केजीएमयू के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की ओर से मंगलवार को रक्तदान जागरूकता रैली आयोजित किया गया। रक्तदान जागरूकता रैली को कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने आसमान में गुब्बारे उड़ाकर और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली का आयोजन केजीएमयू के शताब्दी फेज-2 से शहीद स्मारक स्थल तक किया गया। इस मौके पर ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. तुलिका चन्द्रा ने बताया कि कि तीन महीने के अन्तराल पर नियमित रक्तदान करते रहने से पांच प्रतिशत हृदय रोग में कमी आती है। इस मौके पर डॉ. बीके ओझा, डॉ. विश्वजीत सिंह, डॉ. आरएस कुशवाहा, डॉ. अर्चना सोलंकी सहित मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

## सार-संक्षेप

### डेंगू के सर्वाधिक 62 मरीज चिन्हित, इंदिरा नगर में 11 मिले

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में डेंगू के 62 नए मरीज चिन्हित किए गए। इन मरीजों के सैंपल 28 और 29 सितंबर को लिए गए थे। जांच के बाद डेंगू की पुष्टि होने पर सभी को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। सीएमओ प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कि चिन्हित हुए नए मरीजों में इंदिरानगर और अलीगंज सीएचसी क्षेत्र के सर्वाधिक 11-11 मरीज हैं। वहीं, चिनहट-3, चन्दरनगर-10, सरोजनीनगर-5, रेडक्रास-2, एनके रोड-5, सिल्वर जुबली-2, बीकेटी-3, टूडियागंज-4 और ऐशबाग सीएचसी क्षेत्र के 3 मरीज चिन्हित हुए है। लगातार तीसरे दिन भी मलेरिया का कोई नया रोगी नहीं मिला।

**10 भवन मालिकों को दी गई नोटिस :** टीम ने अभियान चलाकर मंगलवार को 1854 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों की जांच की। इनमें से 10 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी की गई है। नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों ने भी विभिन्न स्थानों पर लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव कराया। टीम ने लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक भी किया।

### पीजीआई :गेट खुलने से अंग प्रत्यारोपण के मरीजों को फायदा

**अमृत विचार, पीजीआई :** जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक ने संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई) के निदेशक को पत्र लिखकर पीजीआई नवीन परिसर की तरफ बने एयरपोर्ट को जाने वाले रास्ते को खोलने को कहा है। गेट खुलने से अंग प्रत्यारोपण के मरीजों को काफी लाभ होगा। मालूम हो कि इस संबंध में मोहनलालगंज के सपा सांसद आरके चौधरी ने सीडीओ को पत्र लिखकर गेट खुलवाने की मांग की थी जिस पर सीडीओ ने जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक को समस्या के निराकरण के लिए कहा था। संजय गांधी पीजीआई मेडिटेक एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी सरोज कुमार वर्मा ने बताया कि गेट खुलने से अंग प्रत्यारोपण को और ज्यादा सुविधाजनक बनाया जा सकता है साथ ही 15 वर्षों से जाम की समस्या झेल रहे कर्मचारियों, मरीजों और उनके तीमारदारों को जाम की समस्या से भी काफी निजात मिलेगी।

### लोहिया संस्थान में रक्तदाताओं को किया गया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में रक्तदाता सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह और राज्य रक्त संचरण परिषद की उपाध्यक्ष अमृता सोनी ने रक्तदाताओं और रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इससे पहले जागरुकता बाइक रैली का आयोजन हुआ। राज्य रक्त संचरण परिषद की उपाध्यक्ष अमृता सोनी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में मेडिकल के छात्र-छात्राएं, पैरामेडिकल स्टाफ, डॉक्टर और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी को रक्तदान की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर राज्य रक्त संचरण परिषद उत्तर प्रदेश के निदेशक डॉ. रविन्द्र कुमार, सदस्य सचिव गीता अग्रवाल, डॉ. प्रद्युम्न सिंह और डॉ. सुभ्रत चंद्रा मौजूद रहे।

### 72 बार रक्तदान करने वाले संजय सचदेवा सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाने के साथ संस्थाओं और रक्तदाताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया कि इस मौके पर 72 बार रक्तदान करने वाले संजय सचदेवा और 42 बार रक्तदान करने वाले नावेद को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य रक्तदाता कर संस्थाओं को भी प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर सीएमएस डॉ. एनबी सिंह, एमएस डॉ. हिमांशू चतुर्वेदी मौजूद रहे।

### बुखार व संक्रामक रोगों से बचाव में इंफ्लूएंजा वैक्सीन कारगर


**अमृत विचार, लखनऊ :** वायरल बुखार और अन्य संक्रामक रोगों से बचाव के लिये इंफ्लूएंजा वैक्सीन कारगर है। लोगों को साल में एक बार इस वैक्सीन को जरूर लगवाना चाहिए। यह बातें सोसाइटी फॉर एक्यूट केयर, ट्रॉमा एंड इमरजेंसी मेडिसिन (सैक्टेम) की ओर से हजरतगंज में आयोजित सम्मेलन में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. लोकेंद्र गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि वैक्सीन महंगी है। लिहाजा सरकार को सरकारी अस्पतालों में निशुल्क मुहैया कराना चाहिए। डॉ. गुप्ता ने बताया कि वैक्सीन गर्मी की शुरुआत में लगवानी चाहिए। आयोजन सचिव डॉ. शुभांकर ने डॉक्टर और रेजिडेंट को बताया कि बुखार के गंभीर रोगी इमरजेंसी में आते ही लक्षण के आधार उपचार शुरू करें और जरूरी जांच कराएं। बुखार व अन्य संक्रामक रोगियों के लक्षण एवं उपचार को लेकर तैयार पुस्तिका सभी को मुहैया करायी। सम्मेलन में आयोजन अध्यक्ष डॉ. राजीव गुप्ता सहित केजीएमयू, लोहिया,पीजीआई समेत दूसरे सरकारी व निजी अस्पतालों के इमरजेंसी के 100 डॉक्टर शामिल हुए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

### नर्सिंग अधिकारी किए गए सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** रोगियों की देखभाल और उनके प्रति मेहनत व समर्पण करने वाली नर्सिंग अधिकारियों को सैन्य अधिकारियों ने सम्मानित करके उनका हौसला बढ़ाया गया। मंगलवार को छावनी स्थित कमान हॉस्पिटल, मध्य कमान में सैन्य नर्सिंग सेवा का 99वां स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि लेफ्टीनेंट जनरल मुकेश चड्ढा, एसएम, वीएसएम, चीफ ऑफ स्टाफ, मध्य कमान ने एमएनएस अधिकारियों की रोगियों के प्रति देखभाल, मेहनत और समर्पण की प्रशंसा की और सम्मानित किया। ब्रिगेडियर एलसम्मा जॉर्ज, ब्रिग एमएनएस, मध्य कमान और मिलिट्री नर्सिंग सेवा की पूर्व एडिशनल डायरेक्टर जनरल मेजर सुशीला शाही ने सेना चिकित्सा कोर केंद्र एवं कॉलेज के युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाली नर्सिंग अधिकारियों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में स्टेशन के सभी सैन्य नर्सिंग अधिकारी उपस्थित रहे।

### रक्तदान करके लोगों को दिया संदेश, दिलाई शपथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर मंगलवार को छावनी परिषद सार्वजनिक चिकित्सालय में एनएनएचए ब्लड बैंक निराला नगर के संयुक्त तत्वावधान में शिविर लगाया गया। निदेशक मध्य कमान प्रधान निदेशालय एनवी सत्यनारायण व संयुक्त निदेशक अजय कुमार ने रक्तदान किया। साथ ही छावनी परिषद के कर्मचारी व अन्य लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान लोगों को रक्तदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर, उप मुख्य अधिशासी अधिकारी आरपी सिंह ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### गोवंश की हत्या से तनाव

**अमृत विचार, मलिहाबाद:** लखनऊ-हरदोई राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कनार गांव में सोमवार शाम गोवंश पशु के क्षत-विक्षत अवशेष मिले। पुलिस को मौके पर औजार बरामद हुए है। फिलहाल घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी है। एसीपी मलिहाबाद धर्मेंद्र रघुवंशी ने बताया कि देर शाम कंट्रोल रूम पर ग्रामीणों ने गौवंशीय पशु की हत्या की सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि तस्करों ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए पशु को मारा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### विरोध करने पर किसान को पीटा

**अमृत विचार, माल:** क्षेत्र के बीरपुर गांव के सुनील कुमार निगम ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि मंगलवार को गांव के राज पुतान,जय सुभाष,जयकिशन जेसीबी तथा आधा दर्जनअज्ञात कार सवार लोगों को लेकर उसके पैतृक जमीन पर कब्जा करने की नीयत से मेड़ बनाने लगे ।जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीटी की।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता

**अमृत विचार, नगराम:** नगराम थाना क्षेत्र के देवीखेडा निवासी शिवबहादुर ने मंगलवार को पुलिस से शिकायत करते हुए बताया उसकी पत्नी साक्षी (29 वर्ष) 30 सितंबर को संदिग्ध हालात में लापता हो गई है। काफी खोजबीन के बाद उसका पता नहीं चला। वहीं पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

### चलाया स्वच्छता अभियान

**अमृत विचार, गोसाईंगंज:** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने हरदोइया बाजार स्थित कार्यालय पर स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष रज्जन लाल वर्मा सहित भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पेट्रोल पंप पर स्वास्थ्य कर्मी की बाइक में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **दमकल की गाड़ी पहुंचने से पहले ही आग पर पाया काबू**

**अमृत विचार:** मोहनलालगंज के गोपालखेड़ा पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलाने पहुंचे स्वास्थ्यकर्मी की बाइक में अचानक आग लग गई। पेट्रोल पंप पर आग लगने से हड़कंप मच गया।

इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया मूल रूप से गोरखपुर निवासी स्वास्थ्य कर्मी एमपी वर्मा गोसाईंगंज में रहते है। वह जगदीशपुर सीएचसी पर तैनात है। मंगलवार दोपहर वह बाइक से गोपालखेड़ा पेट्रोल पंप से पेट्रोल डलवाने के बाद जैसे ही चले, उनकी बाइक में आग लग गई। पेट्रोल पम्प पर आग लगने पर हड़कंप मच गया। पेट्रोल पम्प कर्मियों ने अग्निशमन यंत्रों से आग बुझाने का प्रयास किया। आग कुछ कम होने पर बाइक को पेट्रोल पम्प से दूर किया गया। बाद में लोगों और पेट्रोल पम्प कर्मियों ने दमकल की गाड़ी पहुंचने से पहले आग बुझा ली। बताया जा रहा कि पाइप लीक होने के चलते पेट्रोल की कुछ बूंद इंजन पर गिर गई जिससे आग लगी।

# चारबाग स्टेशन पर मिले नकली नोटों की जांच करेगी एटीएस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चारबाग रेलवे स्टेशन पर रविवार को जीआरपी ने नकली नोट के साथ एक युवक को दबोचा था। उसके पास से मिले नकली नोट की जांच के लिए जीआरपी ने एटीएस से संपर्क करना शुरू कर दिया है। सीओ जीआरपी ने बताया कि नोट की जांच के लिए एटीएस को जल्द पत्र लिखा जाएगा, ताकि गिरोह के नेटवर्क का खुलासा हो सके।

जीआरपी की टीम ने रविवार को चारबाग रेलवे स्टेशन से नकली नोट के गिरोह के सक्रिय सदस्य को 1.97 लाख रुपये के नकली नोट के साथ दबोचा था। सभी नोट 500-500 रुपए के हैं। गिरोह पश्चिम बंगाल से संचालित होने की बात सामने आई। आरोपी ने नोट की आपूर्ति बरेली में करने की बात कुबूल की थी। सीओ जीआरपी विकास पांडेय ने बताया कि आरोपी दिल्ली के मदनपुर खादर सरिता विहार का आमिर खाना है। वह मूलरुप से बरेली के आंवला का रहने वाला है। गिरोह के बारे में उसने सिर्फ इतना बताया कि करीब डेढ महीने पहले दोस्त आफताब ने मामा नजमुलहक उर्फ राजन खान से मिलवाया था। आफताब के मामा ने बताया कि हम मालदा पश्चिम बंगाल से जाली नोट का व्यापार करने की जानकारी दी।

▸▸ **रविवार को प्लेटफार्म पर नकली नोटों के साथ पकड़ा गया था एक आरोपी**

### दिल्ली तक फैला है नेटवर्क

सीओ ने बताया कि गिरोह का नेटवर्क पश्चिम बंगाल से लेकर दिल्ली तक फैला है। नजमुलहक उर्फ राजन खान उर्फ मामा की तलाश की जा रही है। वहीं, इस गिरोह के नेटवर्क के बारे में एटीएस को जानकारी दी गई है। जल्द ही कागजी कार्रवाई पूरी करने के लिए पत्राचार शुरू कर दिया गया है। ताकि देशभर में फैले इस नेटवर्क को तोड़ने के लिए एटीएस काम करे।



एडीजी जीआरपी प्रकाश डी के साथ सम्मानित पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### नकली नोट पकड़ने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** जीआरपी हेडक्वार्टर में बलिया स्टेशन में 825 कारतूस और दो तमंचा, चारबाग रेलवे स्टेशन 1,97,000 रुपये के नकली नोट बरामद करने वाले पुलिसकर्मियों को एडीजी जीआरपी प्रकाश डी ने प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। शनिवार को बलिया की टीम ने कारतूस और तमंचा बरामद किया था। वहीं, रविवार को चारबाग स्टेशन पर नकली नोट बरामद हुए। सम्मानित होने वाले पुलिसकर्मियों में चारबाग स्टेशन के एसआई सुमित कुमार, सीआई राजन त्रिपाठी और बलिया के मुख्य आरक्षी अरविंद यादव शामिल है।

# बीमा का 50 लाख पाने के लिए कराई थी हत्या

## साजिश के तहत कराया विवाह, कार से कुचल कर की गई थी हत्या, पति और ससुर थे शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **मास्टरमाइंड, अधिवक्ता समेत तीन गिरफ्तार, पिछले वर्ष 19 मई को हुई थी घटना**

**अमृत विचार:** चिनहट पुलिस ने विवाहिता की हत्या की साजिश का खुलासा किया। साजिश की तहत पूजा की शादी कराई गई। फिर चार कार समेत छह वाहन उसके नाम पर फाइनेंस करवाए। 10 लाख का मुद्रा लोन लिया और 50 लाख का बीमा कराया। बीमा की रकम हड़पने के लिए पिता-पुत्र और साथियों के साथ मिलकर पूजा की मटियारी में कार से कुचलवा कर हत्या करवा दी। इसको हादसा बताते हुए पुलिस को सूचना दी। मंगलवार को पुलिस ने खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी पति, ससुर और चार हत्यारों की तलाश कर रही है।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि अयोध्या निवासी राज मिस्त्री राम मिलन काम के लिए लखनऊ आकर कंचनपुर मटियारी में रहने लगा था। उसकी मुलाकात रियल एस्टेट का काम करने वाले चिनहट निवासी कुलदीप सिंह से हुई। उसने राम मिलन को पूरी योजना बताई। राम मिलन ने अयोध्या में अपनी ससुराल में बेटे अभिषेक की शादी पूजा (28) से वर्ष 2021 में करा दी।

साजिश में अधिवक्ता आलोक निगम , अभिषेक शुक्ला और दीपक वर्मा को शामिल किया। वाहन से कुचलकर पूजा की हत्या की योजना बनाई। दीपक वर्मा को सड़क हादसे की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार किया गया। हामी पर पूजा का 50 लाख रुपए का लाइफ बीमा कराया गया। इंश्योरेंस के नामिनी में ससुराल पक्ष के लोगों को ही रखा गया। मुद्रा बैंक से 10 लाख का लोन भी लिया गया। इसके अलावा 4 कार और 2 बाइक भी पूजा के नाम पर फाइनेंस कराई गई। लोन का भी इंश्योरेंस कराया गया था।

आरोपियों ने एक मित्र से कार गोंडा जाने के लिए ली। जिसे अभिषेक शुक्ला चला रहा था। योजना के तहत पूजा को 19 मई 2023 को मटियारी इलाके में ले जाया गया। वहां सुनसान इलाके में पूजा को कुचल कर मार डाला गया। राम मिलन ने सड़क हादसे में बहू पूजा की मौत की सूचना चिनहट पुलिस को दी। पुलिस ने चालक दीपक वर्मा को पकड़ा गया। 20 मई को आरोपी पंचायतनामा में गवाह बन गए। पुलिस ने सड़क हादसे में रिपोर्ट दर्ज कर चार्जशीट दाखिल कर दिया।

### लोकेशन से खुला भेद

डीसीपी ने बताया कि दोबारा जांच शुरू करते हुए आरोपियों की सीडीआर निकाली। घटना के दिन भी 6 आरोपी एक दूसरे से लगातार बात कर रहे थे। लोकेशन घटनास्थल के पास मिली। पकड़े गए आरोपियों में कुलदीप सिंह निवासी राधापुरम कालोनी चिनहट ,दीपक वर्मा निवासी इंदिरानगर और आलोक निगम निवासी डालीगंज हैं। पुलिस ससुर राम मिलन, पति अभिषेक और कार से कुचल कर हत्या करने का आरोपी अभिषेक शुक्ला फरार है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। आरोपियों के पास से दो कार और एक बुलेट बरामद कर लिया है।

### बीमा कंपनी को ऑडिट पर हुआ शक

आरोपियों ने 50 लाख के क्लेम के लिए बीमा कंपनी से बात की तो ऑडिट हुआ। बीमा कंपनी की जांच में सामने आया कि पूजा का बीमा आरोपियों ने ही कराया था। जांच में बीमा कंपनी को शक हुआ। पुलिस से दोबारा जांच का अनुरोध किया।

# पत्नी को पीटा, जिंदा जलाने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **पीड़िता ने हुसैनगंज कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** जुए और नशे की लत में डूबे पति ने शिवपुरी जिले में काफी कर्ज लिया। सूदखोरों का दबाव बढ़ने पर आरोपी ने पत्नी से 5 लाख मायके से लेकर आने का दबाव बनाया। इनकार पर मारपीट करते हुए जिंदा जलाने की कोशिश की। हुसैनगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वीरनगर निवासी तत्सवी वर्मा की शादी 3 मई 2022 को मध्य प्रदेश के शिवपुरी के रहने वाले अंकित सोनी से हुई थी। ससुराल पहुंचते ही उससे सारे जेवर ले लिए गए। तत्सवी ने बताया कि अंकित को शराब और जुए की लत थी। उसने काफी कर्ज ले रखा था। सूदखोरों के दबाव में आकर अंकित शिवपुरी जिला छोड़कर झांसी में बहन के घर परिवार संग किराए पर रहने लगा।

शिवरात्रि से पहले अंकित ने पत्नी का सारा सामान बेच दिया। पूछने पर आरोपी ने मारपीट करते हुए जिंदा जलाने की कोशिश की। किसी तरह पीड़िता ने खुद को कमरे में बंदकर बचाया। आरोपी ने कुछ कागजों पर जबरन साइन कराकर लोन लेने का प्रयास किया। 5 लाख की डिमांड पूरी न होने पर अंकित ने मायके भेज दिया। पीड़िता ने हुसैनगंज कोतवाली में पति अंकित सोनी, ससुर बसंत कुमार और सास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# लाखों रुपये का सामान लूटने के इरादे से हुई थी डिलीवरी ब्वॉय की हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** फ्लिपकार्ट के डिलीवरी ब्वॉय भरत कुमार की हत्या लाखों रुपये के सामान लूटने के लिए की गई थी। हत्या और लूट की साजिश 10 दिन पहले ही गजानन ने आकाश के साथ मिलकर रची थी। पुलिस ने आकाश को मंगलवार को जेल भेज दिया।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी आकाश बाराबंकी के दरियाबाद के मोहरियाना मोहल्ले का रहने वाला है। उसकी निशानदेही पर लूट के दो मोबाइल समेत कई सामान बरामद कर लिए गए हैं। मुख्य आरोपी गजानन की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। वहीं, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीमें और गोताखोर इंदिरा नहर में चिनहट से लेकर बाराबंकी तक शव की खोजबीन कर रहे हैं।

एडीसीपी पूर्वी पंकज कुमार सिंह के मुताबिक गजानन अपराधिक प्रवृत्ति का है। वह पकड़ा न जाए इस लिए चालाकी से उसने परिचित हिमांशु के फोन से दो मोबाइल का आनलाइन कैश आन डिलीवरी आर्डर किया था। भरत डिलीवरी देने रविवार को पहुंचा तो उसने हिमांशु को फोन किया। हिमांशु ने डिलीवरी ब्वाय की कांफ्रेंस पर गजानन से बात कराई और कहा कि डिलीवरी उसके पते पर पहुंचा दें। भरत कुमार जब गजानन के यहां डिलीवरी देने पहुंचा तो उसने अंदर खींच लिया। विरोध पर आकाश ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। गजानन ने लैपटॉप के चार्जर से गला कसकर उसकी हत्या कर दी। फिर डिलीवरी वाले बैग का सारा सामान निकाल लिया। बैग में भरत का शव भरकर आकाश के साथ कार से ले जाकर इंदिरा नहर में फेंक दिया।

### ये सामान हुआ बरामद

गूगल पिक्सल सेवन प्रो–मोबाइल, वीवो मोबाइल, रेडमी मोबाइल, कुर्ती, प्लाजो, दुपट्टा, डागरी, न्यू कोरियो साइज नेल आर्ट सेट दो, पानी की बोतल, क्रीम, बेबी म्यूजिकल ट्वाय, क्रस्टल ब्रास, गारबेज पैक तीन सेट, क्लिंजर बोतल, लिपिस्टिक, टूटा हुआ एक मोबाइल।

# गर्लफ्रेंड के साथ टेक्नीशियन ने चुराई थीं 24 बैट्रियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोबाइल टॉवर का रखरखाव करने वाली इंडस कम्पनी के टेक्नीशियन ने गर्लफ्रेंड की मदद से बैट्रियां चुराई थी। वारदात में टेक्नीशियन का छोटा भाई और दो दोस्त भी शामिल थे। मंगलवार को सैरपुर पुलिस ने सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से चोरी की 24 बैट्री, एक कार और अन्य सामान बरामद हुआ है।

इंस्पेक्टर सैरपुर जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को आईआईएम तिराहे से लखीमपुर मितौली निवासी अनमोल सिंह, उसकी गर्लफ्रेंड प्रिया कुमारी, सगे भाई रजत सिंह, दोस्त कुलदीप और अजय को पकड़ा गया। आरोपी अनमोल इंडस कम्पनी में टेक्नीशियन है।

# छपरी गैंग ने की थी सेवानिवृत्त आईएएस से लूट, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **विकासनगर सेक्टर-3 में 27 सितंबर की शाम हुई थी घटना**

**अमृत विचार :** विकासनगर सेक्टर-3 में 27 सितंबर को सेवानिवृत्तआईएएस अधिकारी प्रेम नारायण द्विवेदी से छपरी गैंग ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने इस गिरोह के सरगना समेत दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

डीसीपी उत्तरी आरएन सिंह के मुताबिक लूट की वारदात के खुलासे के लिए सर्विलांस, क्राइम और स्थानीय थाने की पुलिस टीम लगाई गई थी। पकड़े गए आरोपियों में गोसाईंगंज कस्बा के पशु चिकित्सालय के पास का राज प्रताप सिंह उर्फ बाबू उर्फ छपरी ओर अमेठी के मिरजागर का इंद कुमार उर्फ इंदल शामिल है। दोनों को विकासनगर मिनी स्टेडियम के पास से मंगलवार सुबह गिरफ्तार किया गया है। वहीं तीसरे साथी विकासनगर सेक्टर-3 निवासी सैव्य श्रीवास्तव उर्फ राहुल की तलाश की जा रही है। गिरोह का सरगना राज प्रताप उर्फ छपरी है। उसके खिलाफ गाजीपुर, गोमतीनगर, विकासनगर और आशियाना में आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र द्विवेदी ने बताया कि 27 सितंबर की शाम को रिटायर्ड आईएएस घर के बाहर टहलने निकले थे। इसी बीच बाइक सवार तीन युवकों ने उनकी चेन लूट ली। घटना के खुलासे के लिए आसपास के करीब 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। जिसमें तीनों की तस्वीर मिली।

## सार-संक्षेप

### तिहरे हत्याकांड के आरोपी का बारहसिंघा के शिकार का फोटो वायरल

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** 10 वर्ष पहले बारहसिंघा का शिकार करने वाले तिहरा हत्याकांड के मुख्य हत्यारोपी लल्लन खां उर्फ सिराज खां व उसके भतीजे ख्वाज मोहम्मद गौस खां के खिलाफ वन दरोगा आशीष वर्मा ने मलिहाबाद कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दो दिन पूर्व सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हिस्ट्रीशीटर के भतीजे की एक फोटो वायरल हुआ थी। वायरल फोटो में हिस्ट्रीशीटर का भतीजा शिकार किए गए बारहसिंघा के साथ दिखाई नजर आ रहा है। एसीपी मलिहाबाद धर्मेंद्र रघुवंशी ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर के भतीजे ख्वाज मोहम्मद गैस ने पूछताछ में बताया कि फोटो करीब 10 वर्ष पुरानी है। हिस्ट्रीशीटर लल्लन खां शिकार कर मृत जानवरों में दुबग्गा के बेगरिया स्थित घर पर लाता था। तब उसका आना–जाना लल्लन खां के घर पर था, लेकिन तिहरा हत्याकांड के बाद उसकी बोलचाल बंद हो चुकी थी। वन विभाग का मानना है कि वन्यजीव का शिकार करने के बाद हिस्ट्रीशीटर उनकी खाल व सींग की खरीद–फरोख्त खड़ी देशों से भी करता था, प्रशासन की अनुमति मिलने के बाद ही हिस्ट्रीशीटर के बंद मकान की सील खोल तलाशी ली जाएगी।

### दो घरों से ताला तोड़ कर लाखों की चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा में बैंक कर्मी के और गोमतीनगर विस्तार में बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। गुडंबा आदिल नगर निवासी सलीमुद्दीन अंसारी केनरा बैंक तंबौर में कार्य करते हैं। सलीमुद्दीन ने बताया 30 सितंबर की सुबह पूरा परिवार घर में ताला लगाकर तंबौर गया था। देर रात 2 :45 दो चोर घर में घुस गए। चोरों ने घर में रखे 25 हजार रुपए और 1.25 लाख के जेवर चोरी कर लिया। वहीं, गोमतीनगर विस्तार निवासी ज्योति वर्मा 27 सितंबर को मायके बाराबंकी गई थी। बीते सोमवार की देर शाम घर पहुंची तो मुख्य द्वार का ताला टूटा और अंदर सारा सामान अस्त–व्यस्त मिला। पीड़ित ने बताया कि चोर जेवर, नगदी और अन्य सामान ले गए हैं।

### मकान में चोरी करने वाले पांच किशोर समेत सात गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना में बंद मकान में चोरी करने वाले पांच किशोरों को पुलिस ने पकड़ लिया है। चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी और मोबाइल दुकानदार को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सामान समेत अन्य माल बरामद किया है। अतिरिक्त निरीक्षक श्याम प्रकाश शर्मा ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में औरंगाबाद खालसा निवासी लियाकत अली कबाड़ी और बॉबी रावत मोबाइल दुकानदार है। पुलिस ने चोरी की एक घटना का खुलासा किया है।

### दबंगों ने होटल संचालक व पुत्र को पीटा

**अमृत विचार,पारा :** पारा के रिंग रोड स्थित होटल में नशे में कमरा लेने पहुंचे दबंगों को कर्मचारियों ने मना कर दिया। इससे नाराज दबंगों ने होटल संचालक और उसके पुत्र को जमकर पीटा। जलालपुर सुभाष आवास समिति निवासी शिव कुमार ने बताया कि सोमवार देर रात दोस्त संजय यादव का साला शिवम आपने कुछ साथियों को साथ नशे की हालत में उनके होटल पहुंचकर कमरा मांगने लगा। कमरा न देने पर कर्मचारियों से अभद्रता की। सूचना पर वह पुत्र आनंद और आदित्य के साथ होटल जा रहे थे, रास्ते में उन्हें देख कर आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया और हवाई फायरिंग करते हुए सलहे की बट मारकर उनको और पुत्र को घायल कर दिया। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार वर्मा ने बताया कि दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई है। फायरिंग नहीं हुई है।

### चोरी की सूचना पर पहुंचे दरोगा, दूसरे का क्षेत्र बताकर लौटे

**अमृत विचार, बीकेटी :** रामपुर गांव में बंद घर का ताला तोड़कर दिनदहाड़े हुई लाखों की चोरी की सूचना पर पहुंचे दरोगा ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि उनका हल्का नहीं है और चलते बने। मोबाइल दुकानदार अमर सिंह सोमवार की सुबह परिवार समेत अपने पैतृक गांव अटरिया सीतापुर गए थे। शाम करीब सात बजे जब वह लौटे तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी में रखे 80 हजार रुपए और जेवर गायब था। चोरी की सूचना पर दरोगा विकास सिंह पहुंचे, लेकिन अपना हल्का न होने की बात कहकर चले गए। दोबारा सूचना पर इंस्पेक्टर संजय सिंह व एसएसआई अशोक सिंह मौके पर पहुंचे और जांच की खानापूर्ति कर वापस लौट आए।

### फर्जी वीजा पर विदेश जाने की कोशिश, दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर फर्जी वीजा के सहारे विदेश भागने की कोशिश कर रहे दो युवकों को सोमवार देर रात को पकड़ा गया। दोनों युवक सऊदी अरब जाने की फिराक में थे। सुरक्षाकर्मियों ने सरोजनीनगर पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गये युवक पंजाब के तरन तारन जिले के रहने वाले निशान सिंह और राजविंद पाल सिंह है। दोनों युवक लखनऊ एयरपोर्ट के टर्मिनल–3 पर सोमवार को सऊदी अरब जाने वाली फ्लाइट पकड़ने आये थे। इंस्पेक्टर राजदेव प्रजापति ने बताया कि इमिग्रेशन अधिकारी मो. हनीफ की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

### चार वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, लखनऊ :** रहीमाबाद के एक गांव में दुष्कर्म के लिए चार वर्षीया बच्ची का युवक अपहरण कर खेत में ले गया। पीड़ित मां ने बताया कि घर के बाहर बच्ची खेल रही थी। तभी उसी गांव का एक सुनील आया और बच्ची को टाफी दिलाने के बहाने उठा ले गया, जब उसे इसकी सूचना मिली और वह खेत पर पहुंची तो आरोपी बच्ची को खेत में छोड़कर फरार हो गया। इंस्पेक्टर रहीमाबाद ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### पुलिस लोगो लगी कार ने युवक को कुचला, भर्ती

अमृत विचार, लखनऊ : छोटा भरवारा रेलवे क्रॉसिंग स्थित शराब ठेके के पास मंगलवार देर रात पुलिस लोगो लगी कार ने एक युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने कार को घेरकर रोका और चालक को पकड़ लिया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार चालक को हिरासत में लिया गया है।

# स्कूटी से घर जा रही युवती से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, लखनऊ/ सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** शहीद पथ पर स्कूटी से घर जा रही युवती से बाइक सवार युवकों छेड़छाड़ की। इस दौरान उधर से गुजर रहे कार सवार ने युवकों की हरकतों की वीडियो बना ली। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वहीं जब युवती ने पुलिस से शिकायत की तो वह सीमा विवाद में ही उलझा गई।

आशियाना निवासी युवती निजी कंपनी में काम करती है। रविवार रात साढ़े दस वह विभूतिखंड में मीटिंग कर स्कूटी से घर लौट रही थी। शहीद पथ पर लुलु मॉल के पास बाइक सवार शोहदा उनके पीछे लग गया और छेड़छाड़ करने लगा। इस दौरान कार सवार लोगों ने उनकी मदद की। आरोपी का वीडियो बना लिया। जब उसे पकड़ने का प्रयास किया तो शोहदा भाग निकला।

### सीमा विवाद में उलझी दो थानों की पुलिस

युवती की शिकायत पर पीजीआई पुलिस ने घटनास्थल बिजनौर का बताकर उसे टरका दिया। इंस्पेक्टर बिजनौर अरविंद राणा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। बाइक के नंबर से युवक के बारे में जानकारी हासिल की गई वह विकासनगर का रहने वाला अमरीश वर्मा है। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगी है।

# सिपाही बता तीन वर्ष तक किया यौन शोषण

**अमृत विचार,लखनऊ:** मजदूर ने खुद को सिपाही बता महिला को प्रेम जाल में कर दुष्कर्म किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रंजीत को गिरफ्तार कर लिया है।

इंदिरानगर निवासी पीड़िता ने बताया कि तीन वर्ष पहले मेट्रिमोनियल साइट से रंजीत निवासी सरसवां से दोस्ती हुई। रंजीत ने खुद को सिपाही बताया। बहाने से घर बुला उसने नशीला पदार्थ खिला दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने शादी का झांसा देकर शांत करा दिया। शादी का दबाव बनाने पर तीन साल तक बंधक बनाकर रखा। सोमवार को वह किसी तरह चंगुल से निकलकर थाने पहुंची। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी रंजीत को गिरफ्तार कर लिया है।

# चार के खातों से उड़ाए 32.39 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस कर रही है जांच**

**अमृत विचार:** साइबर जालसाज लगातार लोगों के खाते में सेंध लगा रहे हैं। जालसाजों ने कर्नल और रिटायर्ड बैंककर्मी समेत चार के खातों से 32.39 लाख रुपए उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने शेयर ट्रेडिंग में निवेश का झांसा दिया तो कहीं क्रेडिट कार्ड वेरिफिकेशन के नाम पर ठगा। चारों पीड़ितों ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

महानगर निवासी कर्नल गौरव सिंहल 22 यूपी बटालियन एनसीसी सीतापुर में कमांडिंग ऑफिसर हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले व्हाट्सएप पर के4 मोतीलाल ओसवाल क्लब ग्रुप पर एड हुआ। जिसपर फाइनेंशियल ग्रुप के बारे में बताया गया। इसके बाद वेबसाइट पर लिंक भेजकर उन्हें रजिस्टर कराकर कई खातों में 5.73 लाख रुपए निवेश कराकर ठगी की गई। एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत के बाद बीते सोमवार को साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

वहीं, महानगर स्थित प्रार्थना अपार्टमेंट निवासी 69 वर्षीय चंद्र प्रकाश गौड़ का खाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में है। फेसबुक पर बैंक का एड देख क्रेडिट कार्ड के आवेदन का प्रयास किया। इसी दौरान जालसाज ने उनका मोबाइल हैक कर 5 लाख रुपए गायब कर दिए।

उधर, इंदिरानगर सेक्टर-12 निवासी अंजली सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले जेको एयरकन लिमिटेड नाम के टेलीग्राम और व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा गया। ग्रुप पर उपकरणों को किराए पर लेने और प्रतिदिन मुनाफा देने का झांसा दिया गया। अंजली ने अपने और परिचितों के 8,91,235 रुपए दिए गए खातों में ट्रांसफर कर दिए।

राजाजीपुरम के 68 वर्षीय रिटायर्ड बैंककर्मी प्रदीप कुमार सरना का बचत खाता पंजाब नेशनल बैंक में है। उन्होंने क्रेडिट कार्ड किए आवेदन किया था। कुछ दिन पहले उनके पास क्रेडिट कार्ड के वेरिफिकेशन के लिए कॉल आई। कॉल करने वाले को पूरी जानकारी दी। फिर खाते से आठ बार में 12.75 लाख रुपए पार कर दिए। रुपए कटने का मैसेज देख बुजुर्ग ने पुलिस से संपर्क किया।

# मानसिक विक्षिप्त को चोर समझकर पीटा

**अमृत विचार,लखनऊ:** काकोरी के कलिया खेड़ा गांव में सोमवार देर रात मानसिक विक्षिप्त किशोर को चोर समझकर ग्रामीणों ने बांधकर पीट दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस किशोर को भीड़ से बचाकर थाने ले आई।

पीड़ित के भाई ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि राजाजीपुरम निवासी रमान खान का छोटा भाई फरमान (16) मानसिक रूप से विक्षिप्त और बोलने में असमर्थ है। सोमवार की सुबह घर से बिना बताए वह पैदल निकला था। रात में घूमते हुए काकोरी के कलिया खेड़ा गांव पहुंच गया। वहां ग्रामीणों ने उसे चोर समझकर पकड़ लिया और बांधकर पीट दिया।

# अध्यक्ष बने रतन, राजेंद्र महासचिव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ अयोध्या रोड चिनहट की इकाई गठन शपथ समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सभी नए पदाधिकारियों को संगठन के मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे की उपस्थिति में सर्वसम्मत से चुनाव कराकर संगठन की जिम्मेदारी दी गई।

संजय दीक्षित संरक्षक, मनोज खेतान संरक्षक, विनोद यादव संरक्षक, रतन सिंह छोटू अध्यक्ष, राजकुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेंद्र सिंह महासचिव, शिवनाथ उपाध्यक्ष, ब्राह्मश बाजपेई विधि सलाहकार, निर्भय सिंह सचिव, बृजेश यादव संगठन मंत्री, अजीत कुमार संयुक्त मंत्री, सैफ खान प्रचार मंत्री चुने गए।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारीगण महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रेनू शर्मा, युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनीष सिंह, अध्यक्ष संदीप साहू सैकड़ो संख्या में व्यापारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। संगठन के मुखिया अंजनी कुमार पांडे ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शपथ दिलाई सभी को बधाई देते हुए कहा व्यापारियों को संगठित होकर रहने की जरूरत है।



शपथ ग्रहण करते व्यापार मंडल के सदस्य।

▸▸ **संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के लखनऊ-अयोध्या रोड चिनहट की इकाई का हुआ गठन**

# अर्दली गिरफ्तार, गनर के खिलाफ भेजी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **अर्दली ने सूचना आयुक्त के गनर की पिस्टल से की थी फायरिंग**

**अमृत विचार :** इंदिरानगर इलाके में सोमवार रात सूचना आयुक्त के गनर की पिस्टल से फायरिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी अर्दली को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं, गनर के खिलाफ कार्रवाई के लिए रिपोर्ट पुलिस लाइन भेजी गई है।

इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील कुमार तिवारी के मुताबिक बदायूं निवासी हेड कांस्टेबल राजीव विश्वकर्मा को पुलिस लाइन से सूचना आयुक्त का गनर नियुक्त किया गया था। सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे एक सूचना आयुक्त के गनर राजीव और अर्दली आदित्य ने शराब पी थी। राजीव के ज्यादा नशे में होने पर आदित्य ने उसकी पिस्टल हासिल कर ली। फिर वह और राजीव इंजीनियरिंग कॉलेज के पास ई रिक्शा से टेढ़ी पुलिया पहुंचे थे। यहां राजीव उतर गया था। जबकि आदित्य खुर्रमनगर चौराहे के पास पहुंचा था और पिस्टल से हवाई फायरिंग की थी। तकरोही पहुंचने पर आदित्य ने एक दुकानदार पर पिस्टल तान दी थी। आरोपी ने ई रिक्शा चालक को भी पिस्टल की बट से पीटा था। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी आदित्य को जेल भेजा गया है। जबकि राजीव के खिलाफ कार्रवाई करने की रिपोर्ट भेजी गई है।

## एक नजर

### वाराणसी ने जबलपुर को हराया

अमृत विचार, लखनऊ : 53वीं केविंस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता क्रिकेट (बालक वर्ग) प्रतियोगिता में मंगलवार को वाराणसी ने जबलपुर को 33 रनों से हराया। मुंबई ने रांची को चार विकेट से, जयपुर ने भुवनेश्वर को 7 रनों से हराया। अन्य मुकाबलों में चेन्नई, पटना, देहरादून, एर्नाकुलम, अहमदाबाद, कोलकाता, चंडीगढ़, बंगलुरु और दिल्ली ने जीत दर्ज की।

### सासा ने जीता कांस्य पदक

अमृत विचार, लखनऊ: आईएमएस लखनऊ यूनिवर्सिटी की सासा कटियार ने सॉफ्ट टेनिस लीग टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता है। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) की बीबीए की छात्रा सासा कटियार ने मध्य प्रदेश के देवास में 27 से 30 सितंबर तक आयोजित श्रीजे खोददरा सॉफ्ट टेनिस लीग टूर्नामेंट में एकल और युगल में कांस्य पदक जीता।

### आईईटी 11 ने मैनेजमेंट 11 को हराया

अमृत विचार, लखनऊ: डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का रजत जयंती वर्ष समारोह 7 मई से मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय परिसर में इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के क्रिकेट मैच में मंगलवार को आईईटी 11 और मैनेजमेंट 11 की टीम के बीच मुकाबला हुआ। इसमें आईईटी 11 की टीम ने सात विकेट से जीत दर्ज की।

### डॉ. सूर्यकांत बने एक्सपर्ट कमेटी के सदस्य

अमृत विचार, लखनऊ: स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से सांस रोगों के लिए तकनीकी एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया गया है। केजीएमयू रेस्पीरेस्टरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत को श्वसन रोगों की एक्सपर्ट कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

# हस्तशिल्पियों को मंच के साथ बाजार भी मिला

## ओडीओपी जैसी योजनाओं के माध्यम से कारीगरों को मिल रहा रोजगार और बाजार, दोनों में प्रगति के अवसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

» स्थानीय व्यंजनों और लाइव संगीत की प्रस्तुति से वातावरण को बनाया जीवंत



फीता काट कर कारीगर मेले का उद्घाटन करते मंत्री राकेश सचान, साथ में अन्य।

**अमृत विचार :** फिक्की फ्लो के लखनऊ चैप्टर ने गांधी जयंती के अवसर पर प्रदेश के हस्तशिल्प और शिल्पकारों को प्रोत्साहित करने के लिए डालीबाग स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन में कारीगर मेले का आयोजन किया। मेले का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने किया।

मंत्री राकेश सचान ने इस अवसर पर योगी सरकार की ओडीओपी योजना की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो ने प्रदेश के कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक पहचान दिलाई है। ओडीओपी जैसी योजनाओं के माध्यम से कारीगरों को रोजगार और बाजार दोनों में प्रगति के अवसर मिल रहा हैं।

उन्होंने कहा कि हम स्थानीय शिल्प और कारीगरी को प्रोत्साहन देकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्त कर रहे हैं। गांधी जयंती के अवसर पर उन्होंने खादी को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील करते हुए कहा कि खादी न केवल स्वदेशीता का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम की धरोहर भी है।

फिक्की फ्लो लखनऊ की चेयरपर्सन विभा अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य लखनऊ के हस्तशिल्प और हथकरघा प्रेमियों को जोड़ना और कारीगरों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना है। कारीगरों की पहचान और उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सभी भागीदारों का सत्यापन किया गया था।

कार्यक्रम में स्थानीय व्यंजनों और लाइव संगीत की प्रस्तुति ने वातावरण को और भी जीवंत बना दिया। इस आयोजन के प्रमुख आयोजकों में फ्लो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा गर्ग, सीनियर वाइस चेयरपर्सन वंदिता अग्रवाल, अदिति जग्गी और रिया पंजाबी शामिल रहीं।

इस मौके पर खादी और एमएसएमई सचिव प्रांजल यादव, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिरीक्षक (मध्य क्षेत्र) एनके सिंह, सिडबी के डीजीएम एस गणेश, एडीएम सनोज कुमार गुंजन और संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी सिद्धार्थ यादव की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

# नवरात्र के तीसरे दिन लगेगी माता की चौकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** महानगर रामलीला समिति के सभागार में 5 अक्टूबर को नवरात्र के तीसरे दिन माता की चौकी का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 3 बजे से देर रात तक कलाकार माता के भजन प्रस्तुत करेंगे।

समिति के महासचिव हेम पंत ने बताया इस अवसर पर डॉ. विश्वास वर्मा और अवकाश प्राप्त जस्टिस महेंद्र दयाल भी भजन प्रस्तुत करेंगे। इनके अलावा विमल पंत, भाषा जोशी, भारती पांडे, पूनम बिष्ट, सरोज खुल्वे, आशा रावत, अरुणा उपाध्याय, ललित भट्ट, हेमा जोशी, भावना लोहानी और दीपा सनवाल की प्रतिभा भी देखने को मिलेगी।

इस सम्बन्ध में रामलीला समिति के सभागार में ललित मोहन जोशी की अध्यक्षता में हुई बैठक में संयोजन की व्यवस्था दीपक पांडे दीनू को सौंपी गई। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार पंत, संरक्षक सदस्य बीपी पांडे, नीरद लोहानी, नीरज लोहानी, नवीन पांडे, कुणाल पंत, आनंद सिंह बिष्ट, हरीश उपाध्याय, हरीश लोहुमी, अनिल जोशी, बृजेश मेहता व तारा दत्त जोशी की मौजूदगी रही।

समिति के अध्यक्ष ललित मोहन जोशी ने बताया कि जस्टिस आलोक माथुर और वरिष्ठ आईपीएस आशुतोष पांडे भी इस आयोजन में मौजूद रहेंगे।

# अमन के खेल से लखनऊ ने की जीत से शुरुआत

कार्यालय संवादादाता, लखनऊ

» मेजर एसडी गोविला अंडर-16 ट्रॉफी राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** अमन यादव (80 रन, दो विकेट) के आलराउंड खेल से क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ (सीएएल) एकादश ने अलीगढ़ में आयोजित मेजर एसडी गोविला अंडर-16 ट्रॉफी राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में टीएनएम गाजियाबाद एकादश को 36 रन से शिकस्त दी। अलीगढ़ में एएसए ग्राउंड महुआ खेड़ा, ओजोन सिटी पर आयोजित अपने पहले मैच में सीएएल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.4 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 206 रन का स्कोर बनाया।

अंश मिश्रा (12) व सम्यक त्रिवेदी (16) की सलामी जोड़ी 33 रन के कुल स्कोर पर पवेलियन लौट गयी। फिर चौथे नंबर पर उतरे मैन ऑफ द मैच अमन यादव ने 80 रन बनाए। अमन ने 89 गेंदों पर 8 चौके व 2 छक्के से अर्धशतकीय पारी खेल टीम को मजबूती दी। आदर्श गौर ने नाबाद 27 व रुद्रांश वार्ष्णेय ने 16 रन बनाए। टीएनएम गाजियाबाद एकादश से प्रजीत (ओजस) वशिष्ठ ने 31 रन देकर 3 हासिल किए। मौलिक चतुर्वेदी व शांतनु सिंह को दो-दो विकेट मिले।

# राष्ट्रीय पुस्तक मेले में दिखा दलित साहित्य के प्रति आकर्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलरामपुर गार्डेन में चल रहे राष्ट्रीय पुस्तक मेले के पांचवें दिन किताबों के स्टालों पर लोग फूलन देवी, ज्योतिबा फुले, गौतम बुद्ध और कर्पूरी ठाकुर पर लिखी किताबें तलाश करते नजर आये। पुस्तक मेले में दलित साहित्य की तरफ भी खासा आकर्षण देखने को मिल रहा है।

बहुजन साहित्य के स्टाल पर 1873 में प्रकाशित ज्योतिबा फुल की गुलामगीरी पुस्तक का नया संस्करण है। हर घर अभियान के तहत कम दामों में डॉ. एमएल परिहार का हर घर संविधान, हर घर गौतम बुद्ध और हर घर अम्बेडकर पुस्तकें पसंद की जा रही हैं। यहां भारत का संविधान किताब के साथ धम्मपद पुस्तक उपहार में दी जा रही है।

गौतम प्रकाशन के स्टाल पर एसएस गौतम की सामाजिक क्रान्ति के महानायक, महापुरुषों के अनमोल वचन, बहुजन साहित्य कोश, भारतीय संगीत और कला के जनक दलित पिछड़े और श्यामबिहारी वर्मा की सत्य असत्य जैसी नयी किताबें भी पाठकों का ध्यान खींच रही हैं। सम्यक प्रकाशन के स्टाल में महाराजा बिजली पासी की ऐतिहासिकता, जननायक कर्पूरी ठाकुर, बहुजन वीरांगनाएं, भारत का प्राचीन भूगोल, जातिगत जनगणना का सच और सम्राट अशोक का सही इतिहास जैसी किताबों की तरफ पाठक खासे आकर्षित नजर आये।



पुस्तक मेले में किताबें देखती युवतियां। अमृत विचार

साहित्यिक मंच पर बोधरस प्रकाशन की ओर से अमित तिवारी की किताब बंकू और श्वेता उपाध्याय की पुस्तक कविता सी लड़की और निबंध सा लड़का का विमोचन लेखक आशुतोष सिंह ने किया। मंजूषा परिषद की ओर से डॉ. अमिता दुबे की अध्यक्षता व कुमार तरल के संचालन में सारस्वत सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में प्रो. हरिशंकर मिश्र को डॉ. सरला शुक्ला स्मृति सम्मान और अलका प्रमोद को मानस मंजूषा सम्मान से नवाजा गया। इस मौके पर डॉ. मंजू शुक्ला की पुस्तक जन्मे हैं रघुबर अवध मां का विमोचन विजय कुमार त्रिपाठी, अपूर्वा अवस्थी की उपस्थिति में हुआ। संग्रह के गीत भी गाये गये।

अभिव्यक्ति संस्था की ओर से इस वर्ष प्रकाशित रचनाकारों के साझा कथा संकलन अमृत मंथन का विमोचन डॉ. अमिता दुबे, शारदा लाल, ज्योत्सना सिंह, मंजू शुक्ला आदि रचनाकारों की मौजूदगी में किया गया। वसुन्धरा फाउण्डेशन की ओर से राकेश श्रीवास्तव के संयोजन में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री भारत के दो पुरोधा विषय पर गोष्ठी और का आयोजन पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह की अध्यक्षता में हुआ। समारोह में अखिलेश श्रीवास्तव चमन, आनन्द वर्धन सिंह, कवि नरेश सक्सेना और सुधीर मिश्रा ने विचार व्यक्त किये।

# फूड टैलेंट में दिखी घरेलू महिलाओं की प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ की एतिहासिक विरासत और संस्कृति के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक जागरुकता समूह आदाब अर्ज लखनऊ के सदस्यों ने मंगलवार को होम शेफ्स नवरात्र फूड टैलेंट कार्यक्रम का आयोजन किया। आशियाना स्थित चांसलर क्लब में क्लाउड किचन की तरह समाज की सेवा करने के लिए अपने घरों में खाना पकाने वाली महिलाओं को प्रेरित करने के लिए यह आयोजन किया गया। लखनऊ की पहली महिला शेफ अलका सिंह तोमर इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।

संस्थापक इफ्फत खान ने आदाब अर्ज लखनऊ का परिचय दिया और मुख्य अतिथि को फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस आयोजन के प्रतिभागियों ने अपने खास व्यंजन बनाए, जिनका मेहमानों ने लुत्फ उठाया।



होम शेफ्स नवरात्र फूड टैलेंट कार्यक्रम में व्यंजन देखते लोग। अमृत विचार

» महिला शेफ अलका सिंह तोमर रहीं मुख्य अतिथि

लखनऊ के अलग-अलग इलाकों के प्रतिभागी इस आयोजन में शामिल होने के लिए आए। आकांक्षा प्रजापति ने बेढ़ई, लपसी, बफौरी से बनी बुंदेलखंड की थाली बनाई। रिचा जसवानी ने सरसों की सब्जी में वेज फिश, पुष्कर रबड़ी के साथ केले का मालपुआ बनाया। सैयद मोहम्मद तकी ने मखमली मटर पनीर और रोटी बनाई। अरशीन फातिमा ने रुमाली रोटी के साथ मशरूम घुटवा कबाब बनाया। निकिता गुप्ता ने गुलाब कुनाफा बनाया। सबिका रिजवी ने रसमलाई केक बनाया। फरहीन इकबाल ने केवई सेवइयां बनाईं और मीनू अग्रवाल ने बेसनी एवोकैडो खांडवी और पालक लज़ान्या बनाया।

कार्यक्रम फूड ब्लॉगर मनीष मल्होत्रा और सारा फातिमा के दिमाग की उपज था। कार्यक्रम में कोर टीम के सदस्य डॉ. सबरा हबीब, रेखा कुमार, मोहम्मद अहसन, इमराना अजमत, नेहा परवीन, रोशन सिंह और प्रदीप कपूर मौजूद रहे।

# इकाना में शुरू हुआ कैंप



अक्शदीपनाथ।



अभ्यास के दौरान मौजूद अन्य खिलाड़ी।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रणजी ट्रॉफी के लिए यूपी के 40 संभावित खिलाड़ियों का कैंप मंगलवार से इकाना स्टेडियम में शुरू हो गया। यूपीसीए से मिली जानकारी के अनुसार कैंप में प्रदेश भर से चयनित खिलाड़ियों के बीच अभ्यास मुकाबले खेले जाएंगे।

इस कैंप में लखनऊ से अक्शदीप नाथ, जीशान अंसारी, कृतज्ञ सिंह और विप्रज निगम भी शामिल हैं। 8 अक्टूबर तक चलने वाले कैंप में प्रदर्शन के आधार पर यूपी रणजी टीम का गठन किया जाएगा। चयनित टीम इकाना स्टेडियम में 11 अक्टूबर से पश्चिम बंगाल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

## सार-संक्षेप

### जैन मिलन आशियाना की ओर से सद्भावना दौड़ आज

अमृत विचार, लखनऊ : जैन मिलन आशियाना की ओर से सद्भावना दौड़ का आयोजन आज प्रात: 6 बजे स्मृति उपवन से आशियाना जैन मन्दिर तक किया जायेगा। उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष एवं जैन मिलन आशियाना के संरक्षक डॉ. अभय कुमार जैन ने बताया कि तीर्थंकर महावीर के 2550वें मोक्ष कल्याणक वर्ष के तहत सद्भावना दौड़ का आयोजन हर साल अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर जैन मिलन आशियाना की ओर से किया जाएगा। जैन मिलन के अध्यक्ष वीर संजीव जैन और मंत्री अंकित जैन ने बताया कि अंहिसा के अवतार तीर्थंकर महावीर का स्मरण करते हुए अहिंसा प्रेमी बच्चे, बूढ़े, युवा और महिलाएं शामिल होंगे। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया जायेगा।

### इंदिरा नगर जैन मन्दिर में अहिंसा दिवस समारोह आज

अमृत विचार, लखनऊ: इंदिरा नगर दिगम्बर जैन सेवा संस्थान की ओर से जैन मंदिर इंदिरा नगर का वार्षिक उत्सव व अहिंसा दिवस समारोह बुधवार को किया जाएगा। अहिंसा उपवन भूतनाथ पार्क इंदिरानगर में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12.30 बजे रथ यात्रा से होगी। रथ यात्रा इंदिरानगर जैन मंदिर से शुरू होकर कार्यक्रम स्थल अहिंसा उपवन तक जाएगी। दोपहर 2 बजे से अभिषेक व जयमाल का कार्यक्रम होगा। 2.30 बजे जनसभा होगी। इस जनसभा में कई मंत्रियों व विशिष्ट लोगों को आमंत्रित किया गया है।



कृष्णानगर के उत्तम लॉन में सुंदरकांड का पाठ करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### कृष्णानगर में 3 हजार महिलाओं ने किया सुंदरकांड का पाठ

अमृत विचार, लखनऊ : सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के मार्गदर्शन में मंगलवार को कृष्णानगर के उत्तम लॉन में तीन हजार से अधिक महिलाओं ने सुंदरकांड महायज्ञ में हिस्सा लिया। नवरात्र के अवसर पर सुंदरकांड के माध्यम से सशक्त और उन्नत राष्ट्र के लिए प्रार्थना की गई। शारदीय नवरात्र इस साल 3 से 11 अक्टूबर तक होंगे। 3 को घट की स्थापना की जाएगी, 12 को दशहरा पर्व मनाया जाएगा। सपना गोयल ने बताया कि नवरात्र का पर्व विश्व को नारी सशक्तिकरण का संदेश देता है। नवरात्र में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री का पूजन करके भक्तगण शक्ति, सिद्धि, शांति, मातृत्व, सफलता, समृद्धि ही नहीं बुराई पर अच्छाई की जीत की भी कामना करते हैं। सुंदरकांड पाठ महा अभियान को भी महिलाएं ही संचालित करके सुंदर राष्ट्र की कामना को साकार कर रही हैं। सपना गोयल ने बताया कि दूसरा सामूहिक सुंदरकांड का पाठ 15 को अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि परिसर में किया जाएगा। संकल्प के अनुसार जल्द ही अयोध्या में पांच हजार महिलाओं द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया जाएगा।

### गांधी विद्यालय के खिलाड़ियों ने बिखेरा जलवा

अमृत विचार, लखनऊ : गांधी विद्यालय में आयोजित जनपदीय विद्यालयीय खो-खो प्रतियोगिता में गांधी विद्यालय की टीम ने दोहरी सफलता दर्ज की। बालक वर्ग के 14 और 19 वर्ष से कम आयु वर्ग में गांधी विद्यालय की टीमों ने खिताबी जीत दर्ज की। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन एमएलसी इंजीनियर अवनीश सिंह ने किया। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत शुक्ला, लखनऊ बार के उपाध्यक्ष दीपक यादव, संयोजक प्रधानाचार्य तेजराम, जिला खेल सचिव वेद प्रकाश यादव मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में अंडर 14, 17 और 19 में जनपद के 20 विद्यालयों के 250 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में गांधी विद्यालय की टीम ने विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। उपविजेता ट्रॉफी बेसिक विद्यालय को मिली। 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में विजेता ट्रॉफी बख्शी का तालाब इंटर कॉलेज को मिली जबकि उपविजेता ट्रॉफी बीटीसी इंटर कॉलेज के खाते में गई। 19 वर्ष से कम आयु वर्ग में विजेता ट्रॉफी गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज को मिली। उपविजेता ट्रॉफी केकेसी के खाते में गई।

### परमानेंट करने तक लड़ाई जारी रहेगी : शशि यादव

अमृत विचार, लखनऊ: उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन संबद्ध ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन (एक्टू) का पहला राज्य सम्मेलन मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र में हुआ। राज्य सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए स्कीम वर्कर्स की राष्ट्रीय महासचिव व बिहार विधान परिषद सदस्य शशि यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद आशा का 6700 प्लस अन्य कार्यों की प्रोत्साहन राशि व संगिनी बहनों का 11000 प्लस अन्य सेवाओं की प्रोत्साहन राशि देने की बात कही, लेकिन यह भी अभी तक सरकारी जुमला ही बना हुआ है। मुख्य अतिथि भाकपा माले के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बार-बार ध्यान आकर्षित करने के बावजूद सरकार न्यूनतम वेतन के प्रश्न को सुनने को तैयार नहीं है। सम्मेलन को एक्टू के प्रदेश अध्यक्ष विजय विद्रोही ने भी संबोधित किया। सम्मेलन से सदस्यीय कार्यकारिणी चुनी गई, जिसने लक्ष्मी देवी अध्यक्ष, रेखा मौर्या, संगीता, आशा कुशवाहा उपाध्यक्ष, अंजू कटियार सचिव, निर्मला, निर्मला देवी, गीता गोंड, जय श्री संगठन सचिव, संगीता प्रचार सचिव, जौली वैश्य, रेखा उपसचिव चुनी गई।

# बाराबंकी संतोषी माता मंदिर, सीतापुर क्लब, निरालानगर क्लब व पीएमसी जीते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

» 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट

**अमृत विचार :** 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को बाराबंकी संतोषी माता मंदिर, सीतापुर क्रिकेट क्लब, निरालानगर क्लब व पीएमसी ने अपने-अपने मुकाबले जीते। चौक स्टेडियम पर पहले मैच में बाराबंकी संतोषी माता मंदिर ने मैन ऑफ द मैच वासु के 6 विकेट से बाल्दा सुपर किंग्स को 71 रनों से हराया। बाराबंकी ने पहले बल्लेबाजी की और 10 ओवर में 8 विकेट पर 143 रन बनाए। अंकित ने 39 व ललित ने 29 रन बनाये। जवाब में बाल्दा सुपर किंग्स 7 विकेट पर 72 रन ही बना सका। बेस्ट कैच का पुरस्कार बाराबंकी के कुणाल को मिला।

दूसरी ओर निरालानगर क्लब ने डालीबाग क्लब को रोमांचक मैच में एक रन से हराया। एक अन्य मैच में सीतापुर क्लब ने अम्बेडकर नगर इलेवन को 71 रनों से हराया। चौथे मैच में पीएमसी ने बाराबंकी संतोषी माता मंदिर को 8 विकेट से हराया। बाराबंकी ने पहले बल्लेबाजी की और 7 विकेट पर 67 रन बनाए।

पहले मैच के मैन ऑफ द मैच बाराबंकी संतोषी माता मंदिर के वासु को वाल्मीकि विकास संस्थान के अध्यक्ष नरेश वाल्मीकि, आयोजन समिति के संरक्षक कमल वाल्मीकि ने सम्मानित किया।

# फेयरवे टाइगर्स और इकाना टाइटन्स में होगी खिताबी जंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ गोल्फ क्लब में खेली जा रही नाइट गोल्फ लीग सीजन-2 के फाइनल में फेयरवे टाइगर्स और इकाना टाइटन्स की टीम फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल मुकाबलों में जहां फेयरवे टाइगर्स ने राम स्वरूप 8-2 से हराया। वहीं एक अन्य सेमीफाइनल में इकाना टाइटन्स ने आईपीएल वारियर्स को 6-4 से शिकस्त दी।



फाइनल में पहुंचने वाली फेयरवे टाइगर्स की टीम। अमृत विचार

**नाइट गोल्फ लीग**

फेयरवे टाइगर्स ने पहले सेमीफाइनल में राम स्वरूप टाइगर्स पर धमाकेदार दर्ज की। पहले एकल में फेयरवे के आरएस नन्दा ने शानदार खेल दिखाते हुए राम स्वरूप के आदेश सेठ को हराकर अपनी टीम को 2-0 से शुरुआती बढ़त दिलाई। दूसरे एकल में राम स्वरूप के सैयद फैसल असद ने फेयरवे के आनंद कुमार शुक्ला को हराया और मुकाबला 2-2 की बराबरी ले आए। इसके बाद फेयरवे टाइगर्स ने तीनों युगल जीतकर एकतरफा जीत हासिल की। फेयरवे के जेपीएस सियाल एवं रजनीश सेठी, ऋषि खन्ना एवं सोमेश भारद्वाज और ध्रुव सेठ एवं प्रभजोत सिंह की जोड़ियां जीतीं।

दूसरे सेमीफाइनल में इकाना टाइटन्स ने आईपीएल वारियर्स को 6-4 से पराजित किया। पहले एकल में इकाना के राकेश सेठ ने आईपीएल के वाहिद सिद्दीकी को हराकर टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे एकल में इकाना के मनोज कुमार शुक्ला ने आईपीएल के ध्रुव गोयल को पराजित कर स्कोर 4-0 कर दिया। तीसरे मैच और पहले युगल में आईपीएल के विक्रम सब्बरवाल और हार्दिक सिंह ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए इकाना के जवाहर लाल और विनोद सिंह को हराकर स्कोर 2-4 किया। दूसरे युगल में इकाना के अजीत सिंह और अपूर्व मेहता ने आईपीएल के विकास टंडन और मोहित यादव को हराकर मुकाबला 4-4 की बराबरी पर ले आए। आखिरी और निर्णायक मुकाबले में इकाना के जोहेब सिद्दीकी और गगन वोहरा ने आईपीएल के नवीन चरन और पवन अग्रवाल को अपनी टीम को शानदार जीत दिलाते हुए फाइनल का टिकट दिलवा दिया।

# राज्याभिषेक के दूसरे दिन नगर भ्रमण पर निकलेंगे 'राजा' राम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रामलीला समिति ऐशबाग की ओर से रामोत्सव-2024 का आयोजन 3 से 14 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस सम्बन्ध में समिति के अध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि ऐशबाग की रामलीला 16वीं सदी से होती आ रही है। कोरोना काल में भी रामलीला का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि नवरात्र के पहले दिन राम जन्म की लीला का मंचन होगा। उन्होंने बताया कि गणेश पूजन के फौरन बाद राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न, सीता और हनुमान का किरदार निभा रहे पात्रों का भी पूजन किया जाएगा।



ऐशबाग रामलीला मैदान में आयोजित प्रेस वार्ता में बोलते अध्यक्ष हरीश चंद्र अग्रवाल।

इस पूजन के बाद से यह कलाकार अपने पात्र का जीवन ही जिएंगे। वह रामलीला मैदान परिसर से बाहर नहीं जाएंगे और किसी भी बाहरी व्यक्ति से मुलाकात नहीं करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस बार की रामलीला में लवकुश लीला का मंचन नहीं किया जाएगा। इसका कारण बताते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि राम और लवकुश संवाद तथा सीता के धरती में समा जाने के बाद लोग इतने भावुक हो जाते हैं कि राम का जयकारा भी नहीं लगाते हैं। हम 11 दिन तक हंसी-खुशी रामलीला करते हैं तो हंसी-खुशी ही समापन भी करना चाहते हैं।

हरीश चन्द्र अग्रवाल ने बताया कि 12 अक्टूबर को रावण दहन होगा और 13 को राम का राज्याभिषेक होगा। 14 अक्टूबर को सिंघासन पर बैठकर राजा राम नगर भ्रमण पर निकलेंगे।

### प्रेस कांफ्रेंस के बाद शुरू हो गई तकरार

रामलीला समिति के अध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल ने 12.30 बजे प्रेस वार्ता बुलाई थी। सभी पदाधिकारी, रामलीला के कलाकार और पत्रकारों के पहुंच जाने के बावजूद प्रेस वार्ता एक बजे के बाद शुरू हुई। प्रेस वार्ता शुरू होने के बाद रामलीला के निर्देशक भास्कर बोस पहुंचे। प्रेस वार्ता के बाद भास्कर बोस ने कहा कि उन्हें प्रेस वार्ता का समय नहीं बताया गया। एक पदाधिकारी ने कहा कि उन्होंने समय बताया था। इस बात पर समिति के पदाधिकारियों और निर्देशक के बीच तकरार शुरू हो गई। गर्मागर्म बहस के बाद दोनों पक्ष शांत हो गये।

# मौसमगंज में रामलीला का मंचन आज से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

» डालीगंज की ओर से आयोजित यह रामलीला 13 तक चलेगी

**अमृत विचार :** डालीगंज स्थित मौसमगंज की 145 साल पुरानी रामलीला 2 अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। मौसमगंज रामलीला एवं नाट्य समिति डालीगंज की ओर से आयोजित यह रामलीला 13 अक्टूबर तक चलेगी।

समिति के अध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को रंगमंच पूजन एवं हवन कार्यक्रम के बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। बुधवार को शिव पार्वती संवाद, रावण अत्याचार, राम जन्म लीला से लेकर जानकी जन्म लीला का मंचन रात 9 बजे से होगा।

उन्होंने बताया कि इस बार शिवकुमार वर्मा के निर्देशन और पीयूष कुमार निगम के लीला संचालन में रामलीला का मंचन किया जाएगा। इस बार की लीला में 5 अक्टूबर को धनुष यज्ञ, रावण वाणासुर संवाद और लक्ष्मण परशुराम संवाद की प्रभावशाली लीला का मंचन होगा। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर को राम राज्याभिषेक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

## सार-संक्षेप



ग्राहक जागरूकता रैली निकालते बीएसएनएल के अधिकारी व कर्मचारी।

### बीएसएनएल कर्मचारियों ने निकाली जागरूकता रैली

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीएसएनएल यूपी (पूर्व) परिमंडल के स्थावना दिवस पर मंगलवार को परिमंडल के सभी बीएसएनएल कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों ने ग्राहकों को बेहतर सेवा देने का संकल्प लिया। यूपी (पूर्व) परिमंडल कार्यालय अधिकारियों, कर्मचारियों ने दूरसंचार सदन लाप्लास बिल्डिंग से सीजीएम कार्यालय हजरतगंज तक पैदल रैली निकाली। बीएसएनएल की 4जी सेवाओं के बारे में ग्राहकों को जागरूक करने के लिए नाटक और नुक्कड़ नाटक किए गए। सीजीएम बीएसएनएल यूपी (पूर्व) परिमंडल आलोक कुमार मिश्रा, प्रधान महाप्रबन्धक राजेश कुमार उपस्थित रहे।


पोस्टर प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राएं।

### विद्यालयों में कराई गई पोस्टर प्रतियोगिता

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेवा संकल्प और भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सरकारी व निजी विद्यालयों में स्वच्छता ही सेवा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिता 10 जिलों में चार वर्गों में आयोजित की जा रही है। राजधानी के जनता गर्ल्स इंटर कॉलेज, श्री राम स्वरूप मेमोरियल स्कूल, रींगिंग बेल्स स्कूल, मॉडर्न अकैडमी, रेड रोज सीनियर सेकंडेरी स्कूल पायनियर मान्टेसरी स्कूल, पूर्व माध्यमिक गोहनाकलां, बालिका विद्यालय इंटर कॉलेज, स्काइ पब्लिक स्कूल समेत विभिन्न विद्यालयों के 600 प्रतिभागी शामिल हुए। सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने आयोजन की सराहना की।आयोजन में दिलीप तेजवानी, उत्कर्ष वर्मा, अनीता सूद, नंदिनी आनंद, रंजना तिवारी, बिपिन सिंह, विपुल शंकर एवं वीरेंद्र सिंह का योगदान रहा।

### ऋण माफी को लेकर किसानों ने दिया सांकेतिक धरना

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी अराजनैतिक ने मंगलवार को के किसानों ने कर्ज माफी समेत कई मांगों को लेकर हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर सांकेतिक धरना दिया। इसके बाद इंदिरा भवन स्थित चकबंदी आयुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचन्द्र सिंह ने बताया कि गोमती नगर के गांवों की जमीनों को एलडीए ने 35 वर्ष पहले अधिग्रहित किया था। अभी तक तमाम किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया। सरकार किसानों को मुआवजा दिलाए। उन्होंने हरदोई की पुरवा देवरिया में चकबंदी को निरस्त किए जाने की मांग की। राष्ट्रीय महासचिव जनार्दन गुप्ता, अशोक यादव, नरेन्द्र तिवारी मौजूद रहे।

### 300 आवास के आवंटन निरस्त, 47 भूखंड की होगी बिक्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** रायबरेली रोड स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण की शारदा नगर विस्तार योजना में आवंटित प्रधानमंत्री शहरी आवास की धनराशि जमा न करने पर 300 आवंटन निरस्त कर दिए गए हैं। साथ ही इस योजना के खाली पड़े 47 भूखंड की ई-ऑक्सन से बिक्री कराई जाएगी। 26 सितंबर को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शारदा नगर विस्तार योजना का निरीक्षण किया था। उस दौरान प्रधानमंत्री शहरी आवास में खामियां मिलने के साथ धनराशि जमा न होने की जानकारी मिली थी। साथ ही योजना में 47 भूखंड कई साल से रिक्त पाए थे। बुधवार को प्राधिकरण में शारदा नगर विस्तार योजना की समीक्षा की। एलडीए जल्द गोमती रिवर फ्रंट पर प्रस्तावित पैडिस्ट्रियन ब्रिज का निर्माण कराएगा। साथ ही स्थापित लोटस वैली व ओपन थियेटर का कायाकल्प करते हुए बच्चों के लिए आकर्षक झूले लगाएगा।

### 89 करोड़ से विकसित होगी विनायकपुरम मलिन बस्ती

**अमृत विचार, लखनऊ :** रिंग रोड स्थित विनायकपुरम मलिन बस्ती 89 करोड़ से विकसित की जाएगी। यहां झोपड़ी में रह रहे परिवारों को पक्के आवास दिए जाएंगे। इसका प्रस्ताव भेजने की सहमति मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत मलिन बस्ती पुनर्विकास नीति 2021 की समिति की बैठक में बनी। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में बैठक हुई। परियोजना में परिवारों के उपयोग के लिए सामुदायिक केन्द्र एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी प्राविधान किया गया। मंडलायुक्त ने लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ एवं परियोजना अधिकारी डूडा को राजधानी में अन्य मलिन बस्तियों को चिन्हित कर योजना में शामिल करने के निर्देश दिये।

### यूपीएमआरसी ने कर्मचारियों को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने मंगलवार को जुलाई, अगस्त और सितंबर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। स्वच्छता ही सेवा मिशन के तहत हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए आयोजित म्यूजिकल चेयर के टॉप तीन विजेताओं को सम्मानित किया। अगस्त माह के लिए प्रकाश सिंह (एससीटीओ, ग्रेड-1 को ट्रेन ऑपरेशन्स) को सुचारु रूप से चलाने के लिए पुरस्कार दिया गया। सितंबर माह के लिए कनिष्ठ लिपिक जूही गुप्ता को एंप्लॉय ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### गांधी और शास्त्री जयंती की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी विषय वर्तमान सन्दर्भों में महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के विचारों की प्रासंगिकता पर आयोजित की गयी। कुलपति प्रो.संजय सिंह, मुख्य अतिथि प्रो. राकेश जैन, आचार्य, नेशनल पीजी कालेज, प्रवोस्ट डॉ. इम्तियाज अहमद, डॉ. नरेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. डीसी शर्मा, डॉ. दुष्यंत त्यागी, प्रो. वीरेन्द्र सिंह यादव, चीफ प्रोवोस्ट छात्रावास की उपस्थिति रहे।

### नुक्कड़ नाटक से बताया स्वच्छता का महत्व

**अमृत विचार, लखनऊ :** एपीजे अब्दुल कलाम तकनीक विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देश के अनुसार कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देशन में परिसर में स्वच्छता अभियान के दूसरे दिन विभिन्न विभागों में सफाई अभियान चला। इसी क्रम में फार्मेसी एवं मैनेजमेंट संकाय के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। मैनेजमेंट संकाय के छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर के गेट पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर स्वच्छता का संदेश दिया। मैनेजमेंट संकाय के सह-आचार्य डॉ विनय चतुर्वेदी, डॉ रवि शर्मा, डॉ वर्षा शुक्ला, सहायक आचार्य शेफ़ाली सिंह, आरज़ू गुप्ता उपस्थित रहे।

# मोहान रोड योजना में बिछाई जाएगी भूमिगत केबल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सड़क, नाली, सीवर, जलापूर्ति व सर्विस ट्रेंच निर्माण के लिए 50 करोड़ का टेंडर जारी

**अमृत विचार :** मोहान रोड योजना में बिजली की आपूर्ति के लिए भूमिगत केबल बिछाई जाएगी। आवासीय योजना के साथ ग्रामीण आबादी का सर्वे कराकर सड़क, नाली व सीवर आदि कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 50 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया है। साइट ऑफिस, इंटरलॉकिंग समेत अन्य कार्य शुरू कर दिए गए हैं।

प्राधिकरण में उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को योजना की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि 785 एकड़ में चंडीगढ/पंचकुला की तरह मोहान रोड योजना का विकास ग्रिड पैटर्न पर किया जाएगा। इसमें कुल आठ सेक्टर बनेंगे। प्रत्येक सेक्टर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सेक्टोरल शॉपिंग सेंटर, बारात घर और वेन्डिंग जोन बनेगा। स्थल पर सड़क, इंटरलॉकिंग, योजना के बोर्ड आदि कार्य शुरू हो गए हैं। ग्राम कलियाखेड़ा व प्यारेपुर की सीमा पर लगभग एक एकड़ क्षेत्रफल में दो पोटा केबिन स्थापित करते हुए साइट ऑफिस, स्टोर व पार्किंग एरिया बनाया गया है।

योजना में बिजली आपूर्ति के लिए सड़क व नाली के बीच सर्विस ट्रेंच के नीचे भूमिगत केबल बिछाये जाएंगे। प्रथम चरण में सेक्टर-6 व 7 में सड़क, नाली, सीवर, वॉटर सप्लाई व सर्विस ट्रेंच का विकास कार्य कराने के लिए 50 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया है। इसके अलावा ग्रामीण आबादी क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य कराएंगे। इसी सप्ताह सर्वे कराएंगे। स्थल पर परिसम्पत्तियों के मूल्यांकन के लिए सर्वे कराया जा रहा है, ताकि काश्तकारों को समय से मुआवजा दिया जा सके।

### पांच श्रेणी के होंगे भूखंड

योजना में पांच श्रेणी 112 .5, 162 , 200, 288 व 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखंड होंगे। सेक्टर-6 में कुल 406 भूखंड व सात पार्क विकसित करेगा। प्रत्येक पार्क 4 हजार वर्गमीटर के विशाल क्षेत्रफल में फैला होगा। इसके अलावा सेक्टर-7 में कुल 561 भूखंड व चार पार्क नियोजित किये जाएंगे। यहां प्रत्येक पार्क 1200 वर्गमीटर क्षेत्रफल का होगा। दोनों सेक्टरों में रोड नेटवर्क तैयार होते ही पार्कों के लिए सिविल व हॉर्टीकल्चर के कार्य शुरू कराए जाएंगे।

## सफाई कर्मियों को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम जोन-3 के नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की गई। इस दरौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और विधायक नीरज बोरा ने नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्हें संचारी रोग नियंत्रण में योगदान के लिए कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

# 70 रो-हाउस, 5 निर्माण सील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एलडीए ने चिनहट, गोमती नगर, आशियाना व बिजनौर में की कार्रवाई

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की प्रवर्तन टीम ने शहर में नियम विरुद्ध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। चिनहट, गोमती नगर, आशियाना व बिजनौर में 70 रो-हाउस भवन व पांच व्यवसायिक निर्माण सील किए।

मंगलवार को प्रवर्तन जोन-1 के चिनहट में जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी के नेतृत्व में टीम ने पुलिस बल के साथ अभियान चलाया। क्षेत्र के नंदी विहार कॉलोनी में कन्हैया कुमार व अन्य द्वारा 400 वर्गमीटर में बिना मानचित्र स्वीकृत के बनाए गए रो-हाउस सील किए। इसी क्षेत्र में प्रशांत सिंह व विनोद कुमार त्रिवेदी द्वारा अलग-अलग बनाए गए रो-हाउस सील किए। इसके अलावा मल्हौर रोड पर अरविंद यादव व अन्य द्वारा किया जा रहा व्यावसायिक निर्माण व गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में प्रीति वर्मा द्वारा बनाया जा रहा भवन सील किया गया। वहीं, विभूति खंड में मोहम्मद तौफीक, तौसीफ, अर्चना वर्मा व अन्य द्वारा नियम विरुद्ध किया गया निर्माण दोबारा सील किए गए, जो सील खोलकर नियमों का उल्लंघन करके बनाए जा रहे थे।

इधर, प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह के नेतृत्व में मुख्य बिजनौर रोड पर राधे श्याम ओझा व अन्य द्वारा बनाए गए 50 रो-हाउस सील किए। इसमें 35 भवनों का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। इसी तरह हरिहर मिश्रा का पुराना गुरौड़ा रोड पर भवन, अजय आहूजा, गौतम आहूजा व अन्य द्वारा आशियाना में कानपुर रोड योजना के सेक्टर-आई में व्यावसायिक निर्माण दोबारा सील किया गया।

### 25 अवैध निर्माण ध्वस्त किए

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने मंगलवार को मड़ियांव थाना अंतर्गत सीतापुर रोड योजना की अर्जित जमीन पर बने 25 अवैध व्यवसायिक निर्माण ध्वस्त किए। पुलिस व पीएसी की मौजूदगी में 15 करोड़ कीमत की 10 बीघा जमीन खाली कराई गई। कार्रवाई के दौरान लोग विरोध में आगे आ गए लेकिन पुलिस ने उन्हें पीछे हटा दिया। जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि जमीन पूरी तरह से खाली करा दी है।

### दरोगा की जमानत अर्जी खारिज

**अमृत विचार, लखनऊ :** धोखाधड़ी के मामले में क्लीन चिट देने के लिए रिश्वत की माँग करने के आरोपी पारा थाने के तत्कालीन दरोगा रामदेव गुप्ता की जमानत अर्ज़ी को भ्रष्टाचार निवारण के विशेष न्यायाधीश अतुल सिंह ने खारिज कर दी। जमानत का विरोध करते हुए सरकारी वकील कमल अवस्थी ने कहा कि शिकायतकर्ता दिनेश कुमार पटेल ने सतर्कता अधिष्ठान से गत 31 अगस्त को शिकायत की थी कि उसके ख़िलाफ़ राधना शर्मा ने पारा थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम- MOHD SHAKEEL था से बदलकर MOHD SHAKEEL KHAN रख लिया है। अब मुझे MOHD SHAKEEL KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O- MOHD ZAHEER KHAN Address-189 DH3. MOHINI KA PURWA HUSAINABAD POST-CHOWK LUCKNOW- 226003**

**सूचना**

यह कि मेरी नाबालिग पुत्री का आधार कार्ड पर त्रुटि वश इन्दूपरी दर्ज होगया है जबकि अन्य दस्तावेजों में इन्दू परी रावत दर्ज है जो सत्य व सही है। मेरी पुत्री को इन्दू परी रावत के नाम से ही जाना पहचाना जाए। **ममता देवी पत्नी राजकुमार निवासी खड़ता पोस्ट ढेढ़ेमऊ मलिहाबाद लखनऊ।**

## हत्या के दोषी को उम्रकैद

**अमृत विचार, लखनऊ:** कोचिंग पढ़ने गये छात्र की हत्या के मामले में दोषी संजीव राय को एडीजे विनीत नारायण पांडेय ने उम्र कैद व पंद्रह हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

अदालत में एडीजीसी अनिल मिश्रा ने बताया कि वादी आनंद सिंह ने सरीजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि पुत्र कुलदीप सिंह केकेसी से बीए के साथ महिंद्रा कोचिंग का छात्र था। वह 11 अक्तूबर 2013 को दो दोस्तों संजीव राय एवं अनूप कुमार पांडेय के साथ कोचिंग गया था। जहां से वह वापस नहीं आया।उसके बाद लापता हो गया। संजीव के चाचा ने फ़ोन करके कुलदीप की मौत की सूचना दी थी। लाश जौनपुर में मिली थी।

**दो को आजीवन करवास :** खेत में काम करने के दौरान पुरानी रंजिश में बांका मारकर युवक की हत्या के दोषी रामकिशोर सिंह,बुद्धा एवं प्रदीप कुमार उर्फ़ बड़कन्ने को एडीजे नरेंद्र कुमार ने आजीवन करवास एवं तीस-तीस हज़ार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

अदालत ने जुर्माने की आधी रक़म वादी को देने का आदेश दिया है। सरकारी वकील अरुण पांडेय ने बताया कि वादी सियाराम ने इटौंजा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि 20 जून 2016 की रात सुशील कुमार खेत पर था, तभी हत्या कर दी गई थी।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **28.10.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें। यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।
निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद, एफ.डी.आर. द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या:** 09902024 दिनांक 01.10.2024 |
| 2 | **निविदा संख्या:** 30-Sr-DEN-VI/LKO-2024-25 |
| 3 | **कार्य का नाम:** वरि. मंडल इंजीनियर-षष्ठम, लखनऊ के अन्तर्गत बीघापुर (बीक्यूपी) और कुंडाहरनामगंज (केएचएनएम) स्टेशन कॉलोनियों में पुराने, जीर्ण-शीर्ण स्टील ओवरहेड वाटर टैंक के स्थान पर दो आरसीसी ओवरहेड वाटर टैंक (बीक्यूपी और केएचएनएम में प्रत्येक के लिए 2,25,000 लीटर क्षमता) का निर्माण, साथ ही अन्य सहायक कार्य (जैसे- प्लांबिंग पाइप और बोर और पंप के साथ पंप हाउस, आदि) का कार्य। |
| 4 | **अनुमानित लागत:** रु. 1,84,60,813.24 |
| 5 | **धरोहर राशि:** रु. 2,42,300.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि:** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दस माह। |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ:** 14.10.2024 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 28.10.2024, 15:00 बजे |
| 9 | **वेबसाईट: www.ireps.gov.in** |

**नोट:** 1. निविद संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **3049/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना संख्या | 1142-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-द्वितीय दिनांक 01.10.24 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मण्डल में कोचिंग रोलिंग स्टॉक में विद्युत संपत्तियों के विश्वसनीय रखरखाव के लिए तकनीकी बुनियादी ढांचे का विस्तार एवं उन्नयन। |
| अनुमानित लागत | रु.1,40,58,508/- (एक करोड चालीस लाख अठ्ठावन हजार पाच सौ आठ रूपये मात्र) |
| बयाना राशि | रु. 2,20,300/- (दो लाख बीस हजार तीन सौ रूपये मात्र) |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 24.10.2024 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| प्रस्ताव की वैधता | ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर चैक की जा सकती है। |

**सूचना सं0 1142-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-द्वितीय दिनांक : 01.10.2024** **3051/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **22.10.2024 को 15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नही किये जायेगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | **09702024 दिनांक 01.10.2024** | | |
| निविदा संख्या | **1.** 28-Sr.DEN-VI-LKO-2024-25 **(2)** 29-Sr.DEN-VI-LKO-2024-25 | | |
| कार्य का नाम | **1.** महाकुम्भ-2025 के दौरान सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग के अन्तर्गत पीआरजी, पीवाईजीएस, पीएफएम और आसपास के स्टेशनों की सभी रेलवे परिसंपत्तियों की सफेदी, रंग-रोगन, पेंटिंग और मरम्मत तथा पीआरजी में आरपीएफ बैरक और अन्य सेवा भवनों का नवीनीकरण का कार्य। **2.** महाकुंभ-25 के दौरान सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग के अंतर्गत पीआरजी, पीएफएम और पीवाईजीएस तथा अन्य समीपवर्ती क्षेत्रों में स्टेशन परिसर में सड़क की सतह, जल निकासी, सीवरेज की मरम्मत का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | **1. Rs.3,49,99,929.98 (2) Rs. 1,99,99,707.47** | धरोहर राशि | **1. Rs. 3,25,000.00 (2) Rs. 2,50,000.00** |
| कार्य की समापन अवधि | **1.** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चार माह। **2.** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से तीन माह। | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | **08.10.2024** | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | **22.10.2024 15:00 बजे** | | |
| वेबसाईट | **www.ireps.gov.in** | | |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **3036/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय उप जिलाधिकारी, मिश्रिख जनपद-सीतापुर**

पत्रांक : 1291/10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा-नीलामी सूचना/2024-25 दिनांक : 21 सितम्बर 2024

**प्रेस-विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मत्स्य पालन हेतु तालाब/पोखर/मीनाशय एवं जल प्रणालियों के 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा आवंटन हेतु 0.202 हे0 से अधिक व 2.00 हे0 तक क्षेत्रफल वाले तालाबों का पात्र व्यक्तियों के मध्य तथा 2.00 हे0 से अधिक क्षेत्रफल के तालाबों को मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के मध्य यथा संशोधित राजस्व संहिता 2016 की धारा 61 के अन्तर्गत नीलामी हेतु शिविर का आयोजन दिनांक 25.10.2024 को तहसील मिश्रिख के सभागार कक्ष में किया जायेगा। 0.202 हे0 से अधिक व 2.00 हे0 से कम क्षेत्रफल वाले तालाबों का लगान अधिकतम रूपया 5,000.00 प्रति हेक्टेयर तथा 2.00 हेक्टेयर से अधिक के तालाबों का लगान रूपया 10,000.00 प्रति हेक्टेयर से कम नहीं होगा। जिसका विवरण निम्नवत है :-

**शिविर/नीलामी का स्थान** - तहसील सभागार मिश्रिख।
**प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करने का समय** - प्रात: 11.00 बजे से 2.00 बजे तक
**नीलामी का समय** - अपरान्ह 2.00 बजे से
**नीलामी अधिकारी** - तहसीलदार मिश्रिख।

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | तालाब/पोखर का गाटा संख्या | तालाब का क्षेत्र0 (हे0) | आरक्षित बोली की न्यूनतम धनराशि (रू0 में) | नीलामी की तिथि | बोली बोलने के लिये जमानत राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | संदना | 172/639 | 1.2060 | 6,030.00 | 25.10.2024 | 700.00 |
| 2. | संदना | 583मि0 | 1.189 | 5,945.00 | 25.10.2024 | 600.00 |
| 3. | ढल्लिया | 312/2 | 3.5210 | 35,210.00 | 25.10.2024 | 3,600.00 |
| 4. | ढल्लिया | 258/2 | 1.1450 | 5,725.00 | 25.10.2024 | 600.00 |
| 5. | औरंगाबाद | 324 | 1.0030 | 5,015.00 | 25.10.2024 | 600.00 |
| 6. | भिठौली | 1082 | 0.3000 | 1,500.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 7. | भिठौली | 679मि0 | 0.2430 | 1,215.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 8. | भिठौली | 679मि0 | 0.9150 | 4,575.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 9. | भिठौली | 679 | 1.158 | 5,790.00 | 25.10.2024 | 600.00 |
| 10. | भिठौली | 1380 | 0.202 | 1,010.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 11. | सरौसा | 516 | 0.2020 | 1,010.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 12. | सरौसा | 708क | 0.5510 | 2,755.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 13. | सरौसा | 232 | 0.3520 | 1,760.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 14. | सकरारा | 766 | 0.2710 | 1,355.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 15. | कोहरावाँ | 412 | 0.8660 | 4,330.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 16. | बिनौरा | 884 | 0.2550 | 1,275.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 17. | कुसहा | 17 | 2.8080 | 28,080.00 | 25.10.2024 | 2,900.00 |
| 18. | कुसहा | 89मि0 | 4.7190 | 47,190.00 | 25.10.2024 | 4,800.00 |
| 19. | लेखनापुर | 1331 | 1.874 | 9,370.00 | 25.10.2024 | 1000.00 |
| 20. | लेखनापुर | 332 | 1.263 | 6,315.00 | 25.10.2024 | 700.00 |
| 21. | गोडा | 610 | 0.340 | 1,700.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 22. | अटवा | 1429 | 0.514 | 2,570.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 23. | अटवा | 1020मि0 | 0.513 | 2,565.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 24. | अटवा | 1167 | 0.648 | 3,240.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 25. | अटवा | 1176 | 0.8780 | 4,390.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 26. | बहोरनपुर | 226 | 0.607 | 3,035.00 | 25.10.2024 | 3100.00 |
| 27. | लालपुर | 695क | 1.445 | 7,225.00 | 25.10.2024 | 800.00 |
| 28. | विजान ग्रन्ट | 431 | 0.579 | 2,895.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 29. | तरसावां | 798क | 1.052 | 5,260.00 | 25.10.2024 | 600.00 |
| 30. | मरेली | 806 | 0.554 | 2,770.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 31. | मरेली | 508 | 1.380 | 6,900.00 | 25.10.2024 | 700.00 |
| 32. | सहादतनगर | 172मि0 | 0.308 | 1,540.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 33. | औरंगाबाद | 324 | 1.003 | 5,015.00 | 25.10.2024 | 600.00 |
| 34. | औरंगाबाद | 1284ग | 0.437 | 2,185.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 35. | औरंगाबाद | 555 | 0.825 | 4,125.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 36. | राजेपारा | 1101 | 0.717 | 3,585.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 37. | राजेपारा | 760 | 0.547 | 2,735.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 38. | राजेपारा | 893 | 0.567 | 2,835.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 39. | राजेपारा | 965 | 0.384 | 1,920.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 40. | केसरा | 17 | 0.510 | 2,550.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 41. | भिठौरा | 121मि0 | 0.757 | 3,785.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 42. | भिठौरा | 529मि0 | 0.275 | 1,375.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 43. | साहबनगर | 251 | 0.640 | 3,200.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 44. | कुतुबनगर | 790 | 0.886 | 4,430.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 45. | सरवां | 349 | 0.518 | 2,590.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 46. | रामपुर परगना मछरेहटा | 401 | 0.405 | 2,025.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 47. | रामपुर परगना मछरेहटा | 24मि0 | 0.724 | 3,620.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 48. | लकड़ियामऊ | 846 | 1.056 | 5,280.00 | 25.10.2024 | 600.00 |
| 49. | अमटामऊ | 845/3 | 0.231 | 1,155.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 50. | बरचन्दपुर | 221 | 0.251 | 1,255.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 51. | बरचन्दपुर | 69 | 0.324 | 1,620.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 52. | कैथोलिया | 163मि0 | 0.769 | 3,845.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 53. | माड़र | 939 | 0.344 | 1,720.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 54. | राजागांव | 172 | 0.890 | 4,450.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 55. | चितरेहटा | 61 | 0.429 | 2,145.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 56. | बहोरनपुर | 15ख मि0 | 0.2020 | 1,010.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 57. | बहोरनपुर | 15ख | 0.8090 | 4,045.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 58. | चितरेहटा | 165 | 0.688 | 3,440.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 59. | चितरेहटा | 50 | 0.571 | 2,855.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 60. | बिजुआमऊ | 711ग | 0.983 | 4,915.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 61. | बिलरिया | 115 | 1.229 | 6,145.00 | 25.10.2024 | 700.00 |
| 62. | असरफनगर | 342 | 0.466 | 2,330.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 63. | असरफनगर | 736/1 | 0.551 | 2,755.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 64. | असरफनगर | 747/2 | 0.243 | 1,215.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 65. | कुसहा | 89मि0 | 4.719 | 47,190.00 | 25.10.2024 | 4,800.00 |
| 66. | कुनेहटा लक्षीरामपुर | 871 | 0.259 | 1,295.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 67. | बरचन्दपुर | 69 | 0.324 | 1,620.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 68. | कुनेहटा लक्षीरामपुर | 361 | 0.210 | 1,050.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 69. | माड़र | 866 | 0.551 | 2,755.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 70. | माड़र | 675 | 0.275 | 1,375.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 71. | हीरापुर | 407मि0 | 0.388 | 1,940.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 72. | टेड़वा | 374 | 0.287 | 1,435.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 73. | अब्दीपुर | 214मि0 | 0.648 | 3,240.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 74. | वजीरनगर | 215 | 0.388 | 1,940.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 75. | देवगवां | 371 | 1.914 | 9,570.00 | 25.10.2024 | 1,000.00 |
| 76. | मसूरी | 180मि0 | 0.817 | 4,085.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 77. | किन्हौटी | 26 | 0.700 | 3,500.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 78. | मिरचौड़ी | 1117 | 0.340 | 1,700.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 79. | मिरचौड़ी | 1137 | 0.320 | 1,600.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 80. | मिरचौड़ी | 1043मि0 | 0.640 | 3,200.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 81. | मिरचौड़ी | 535मि0 | 0.632 | 3,160.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 82. | बेहड़माफी | 101/2 | 1.141 | 5,705.00 | 25.10.2024 | 600.00 |
| 83. | फतेहनगर | 453 | 0.662 | 3,310.00 | 25.10.2024 | 400.00 |

मत्स्य पालन पट्टे का लगान का बकायेदार व्यक्ति अथवा समिति को किसी भी दशा में मत्स्य पालन पट्टा लेने हेतु बोली में शामिल नहीं किया जायेगा। मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के लिये यह अनिवार्यता होगी कि समिति के अध्यक्ष/सचिव सहायक निदेशक मत्स्य, सीतापुर से अदेयता प्रमाण पत्र प्राप्त कर नीलामी के समय प्रस्तुत करेंगे। ऐसा न करने पर नीलाम प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगे। नीलामी में मत्स्य जीवी सहकारी समितियों को सहायक निदेशक मत्स्य से समिति की बैधता की संस्तुति लेना अनिवार्य होगा। राजस्व परिशद की वेबसाइट bor.up.nic.in पर शासनादेश उपलब्ध है।

**शिविर में भाग लेने की पात्रता व शर्ते :-**
1. नीलामी प्रक्रिया के बोली की पात्रता एवं शर्ते राजस्व संहिता 2016 (यथा संशोधित) के अनुरूप होंगी। जो तहसील कार्यालय एवं राजस्व परिषद की वेबसाइट bor.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2. मत्स्य पालन पट्टा शिविर में भाग लेने के लिये लाभार्थी को आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जोकि 06 माह से पूर्व का न हो।
3. पट्टे की शर्ते एवं अन्य किसी जानकारी हेतु शिविर तिथि से पूर्व कार्यालय तहसीलदार मिश्रिख से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं। किसी भी लिपिकीय त्रुटि के लिये कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
4. नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकारी उप जिलाधिकारी मिश्रिख में निहित रहेगा। उप जिलाधिकारी मिश्रिख का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

UP - 219944 दिनांक 26.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

**उप जिलाधिकारी**
**मिश्रिख-सीतापुर**

# कैंसर रोगियों को नई तकनीक से चढ़ेगा खून

संवाददाता पीजीआई

**अमृत विचार :** संजय गांधी पीजीआई में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के मौके पर ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में ब्लड इरेडिएटर मशीन का निदेशक ने लोकार्पण किया। इस मशीन के लगने से अब बोन मैरो, ब्लड कैंसर और थैलेसीमिया के रोगियों में एक्सरे आधारित ब्लड इरेडिएटर मशीन से खून चढ़ाया जाएगा। ऐसा होने से रिएक्शन का खतरा कम रहेगा।

पीजीआई के ट्रांसफ़्यूजन मेडिसिन विभाग के डॉ. प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि ब्लड कैंसर, बोन मैरो और थैलेसीमिया के मरीजों को कई बार ब्लड चढ़ाना पड़ता है। ऐसे में मरीजों के शरीर की प्रतिरोधक क्षमता तो कमजोर होती ही है साथ ही रिएक्शन का भी खतरा रहता है। लेकिन इस मशीन की मदद से श्वेत रक्त कणिकाओं को निष्क्रिय करने के बाद रोगी में खून चढ़ाया जाएगा। यह ट्रांसफ्यूजन एसोसिएटेड ग्राफ्ट वर्सेज होस्ट डिजीज टीएजवीएचडी को रोकने काम करेगी।

### 35 हजार यूनिट रक्तदान हुआ

ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की प्रमुख डॉ. प्रीति एल्हेंस ने बताया कि इस वर्ष 35 हजार यूनिट रक्तदान हुआ है। डॉ. प्रीति के मुताबिक यदि आबादी के सिर्फ दो फीसदी लोग ही रक्तदान कर दें तो रोगियों को खून की कमी नहीं होगी। इस मौके पर रक्तदान करने वाले पीजीआई कर्मचारी महासंघ के पूर्व महामंत्री धर्मेश कुमार, मेडिटेक एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके सिंह, सतीश चंद्रा, शशांक शिंडे, प्रीतपाल सिंह सलूजा, देवेश कुमार, शाकेब अहमद, सुमित रावत आर एन बोस, मुकेश सिंह, विश्वजीत देव शर्मा, इंद्रपाल सिंह, तरनजीत कौर समेत 11 संगठनों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# खेलते हैं खिलाड़ी तो सम्मान, पद और पुरस्कार देती है सरकार

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सम्मानित दिग्गज खिलाड़ियों ने प्रदेश में आए सकारात्मक बदलाव को सराहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी के हाथों सम्मानित होकर खिलाड़ी अभिभूत नजर आए। उनका कहना था कि जी-जान लगाकर खेलते हैं तो सरकार सम्मान, पद और पुरस्कार देती है।

पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने वाले गजेंद्र सिंह (पैरा एथलीट), गौरव खन्ना (पैरा बैटमिंटन), राकेश कुमार यादव (पैरा एथलीट) और डॉ. सत्यपाल सिंह (पैरा एथलीट) का भी सीएम योगी ने सम्मान किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, एमएलसी अवनीश सिंह मौजूद रहे।


प्रवीन कुमार

### अब मिल रहा सम्मान

2016 पैरा ओलंपिक में आए मेडल में से एक पदक यूपी से भी था, लेकिन उस समय इतना सम्मान नहीं मिला। 2020 पैरालंपिक में दो पदक आए तो भव्य सम्मान मिला और यह सिलसिला जारी है। तब और अब में यही अंतर आया। राज्य सरकार ने न सिर्फ खेल नीति बनाई, बल्कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित भी कर रही है।

**प्रवीन कुमार**, स्वर्ण पदक विजेता, पैरालंपिक गेम्स–2024


ललित कुमार

### नौकरी भी दे रही सरकार

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को बुलाकर मंच पर सम्मानित किया। इतनी बड़ी पुरस्कार राशि दी और नैकरी भी देंगे। अब पिछली बार से और बेहतर करने का हौसला और मजबूत हुआ है। योगी आदित्यनाथ खेल प्रेमी होने के साथ खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में भी मदद कर रहे हैं, जो हमारे लिए वरदान साबित हो रहा है।

**ललित कुमार उपाध्याय**, कांस्य पदक विजेता, हॉकी

### मिल रहा अच्छा प्लेटफॉर्म

प्रदेश की खेल नीति काफी अच्छी है। मेडल पाने वाले खिलाड़ियों के लिए पहले इतना प्रोत्साहन नहीं था, लेकिन सीएम योगी के निर्देशन में उत्तर प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के लिए काफी कुछ कर रही है। इससे खेलने वाले युवाओं को अच्छा प्लेटफॉर्म मिलता है। शहरी–ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेडियम बनने से प्रतिभाओं को मंच मिलेगा।

**राजकुमार पाल**, कांस्य पदक विजेता, हॉकी


राजकुमार पाल

### दिव्यांगों का किया सम्मान

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए स्टेडियम, सिंथेटिक ग्राउंड आदि का निर्माण हो रहा है। एकलव्य क्रीड़ा कोष से भी बहुत लाभ मिल रहा है। लक्ष्मण व रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार भी खिलाड़ियों को दिया जा रहा है। सरकार ने दिव्यांग खिलाड़ियों का सम्मान करके बड़ा काम किया है।

**दीपेश कुमार**, प्रतिभागी, पैरालंपिक गेम्स–2024


दीपेश कुमार

### दुर्घटना में हाथ खोए, हिम्मत नहीं हारी अजीत ने


अजीत सिंह

बीपीएड और एमपीएड कर चुके अजीत सिंह ने बताया कि वर्ष 2017 में एक रेल हादसे में मेरा बायां हाथ कट गया। वर्ष 2019 में पंचकुला में आयोजित पैरा गेम्स के दौरान दिव्यांग खिलाड़ियों को खेलते देखा। बस, ठान लिया कि मैं भी पैरा खेलों का हिस्सा बनूंगा। पेरिस में भाला फेंक में रजत पदक जीतने में कामयाब रहा। अगले पैरालंपिक में लक्ष्य पदक का रंग बदलने का है।


### घरवालों को नहीं लगी खेल के अभ्यास की खबर

हॉकी खिलाड़ी प्रीति पाल ने बताया कि बहुत दिनों तक घर में अभ्यास के बारे में पता ही नहीं चला। जब एक प्रतियोगिता में मेरठ जाने की बात हुई तो घर वालों को खबर हुई। हांगझोऊ एशियन गेम्स में चौथा स्थान मिलने के बाद लगा कि ओलंपिक में पदक की राह आसान नहीं होगी। पेरिस में एक नहीं दो स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीता। आगे भी पदक जीतने का लक्ष्य है।


प्रीति पाल

### हौसला बुलंद

### अगले पैरालंपिक में भी पदक लाने का सपना : सुहास


सुहास एलवाई

पैरा शटलर आईएएस सुहास एलवाई अब अगले पैरालंपिक में पद जीतने का सपना देख रहे हैं और इसके लिए उन्होंने तैयारी भी शुरू कर दी है। खेल विभाग में सचिव पद पर तैनात सुहास कहते हैं कि खिलाड़ी होने के कारण मुझ पर दोहरी जिम्मेदारी होती है और मैं उसे निभा रहा हूं। ओलंपिक हो या पैरालंपिक , सभी पदक विजेताओं को राजपत्रित अधिकारी बनाया जा रहा है। पदक विजेता 21 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

### सरकार ने बदला माहौल

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि खेलो–कूदोगे तो अब खराब नहीं नवाब बन जाओगे। उन्होंने वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की चुटकी ली कि वे अब अफसोस जताते हैं कि काश, राजनीति की बजाय खेल में कैरियर बनाते तो सरकार से करोड़ों मिलते। कहा कि डबल इंजन सरकार ने खेल का माहौल बदल दिया है।

**मंत्री बोले सरकार के प्रयास सफल**

### दिया जा रहा खेलों को बढ़ावा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए जो प्रयास हुए हैं, उसका परिणाम आज सबके सामने है। मुख्यमंत्री योगी ने विश्वविद्यालय स्तर पर लीग और गांव स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं शुरू कराकर खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म दिया है।

### एक नजर

#### पी गुरुप्रसाद को आवास विभाग का अतिरिक्त प्रभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं साधना श्रीवास्तव को निदेशक कोषागार का प्रभार सौंपा गया है।

#### सपा आज से शुरू करेगी न्याय साइकिल यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी में गांधी जयन्ती 02 अक्टूबर 2024 से मुलायम सिंह की पुण्यतिथि तक संविधान बचाओ, पीडीए सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा चलेगी। यात्रा आजमगढ़ में जिला सपा कार्यालय से शुरू होकर 10 अक्टूबर को अयोध्या में संपन्न होगी। यात्रा को सांसद धर्मेन्द्र यादव व विधायक दुर्गा प्रसाद यादव हरी झंडी दिखाएंगे। यात्रा का समापन अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद द्वारा किया जाएगा।

#### नीट यूजी : सीट लॉक नहीं की, 554 अभ्यर्थी हुए बाहर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीट यूजी की दूसरी काउंसिलिंग में सीट लॉक न होने की वजह से 554 अभ्यर्थियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा मंगलवार को रैंक समेत अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। मालूम हो कि काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों से ऑन लाइन प्राथमिकताएं लेने के दौरान सीट लॉक नहीं होने पर, सीट सुरक्षित नहीं मानी जाती है।

#### सहकारी समिति के नामांकन रद्द कराने के लिए लिखा पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** कासगंज के न्यौली में गन्ना विकास समिति के चुनाव में कराए गए नामांकन रद्द कराने की मांग सपा ने की है। सहकारी समिति के मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने बताया कि बीते दिनों 27 सितंबर को गन्ना विकास समिति के चुनाव में भाजपा ने नियमों के विपरीत गलत ढंग से नामांकन कराया है । शिकायत का निस्तारित करते हुए नामांकन निरस्त किया जाए।

# आरओ, एआरओ परीक्षा ने विलंबित की दर्जनों भर्तियां

## आयोग ने बदला परीक्षा पैटर्न, एक पेपर-एक पाली में प्रारंभिक परीक्षा

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** समीक्षा अधिकारी सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ, एआरओ) परीक्षा को सकुशल संपन्न कराना आयोग के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। जिसके कारण आयोग की दर्जन भर भर्ती परीक्षाएं विलंबित हो चुकी हैं। आयोग को इसके प्रारंभिक परीक्षा के पेपर पैटर्न में बदलाव करना पड़ा है। हालांकि पाठ्यक्रम वही है, लेकिन दो पाली की परीक्षा और दोनों प्रश्न पत्र को एकसाथ मिला दिया गया है।

बता दें, समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 10,76,004 थी। लेकिन प्रारंभिक परीक्षा में 6.5 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए। प्रारंभिक परीक्षा 11 फरवरी 2024 को कराई गई थी। इसी दिन अभ्यर्थियों ने पेपर लीक की शिकायत की और काफी हंगामा हुआ था। जिसके बाद यह परीक्षा रद्द कर दी गई थी। उप्र. लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार ने प्रयागराज के सिविल लाईंस थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पेपर लीक मामले में दर्जन भर से अधिक स्कूल कॉलेज प्रबंधकों की गिरफ्तारी हुई है। हाल ही में प्रयागराज के एक प्रतिष्ठित कॉलेज की महिला प्रधानाचार्या को भी गिरफ्तार किया गया है। प्रयागराज के परीक्षा केंद्र और भोपाल के प्रिंटिंग प्रेस से पेपर लीक होने का आरोप लगा था। लोक सेवा आयोग ने प्रारंभिक परीक्षा की नई तिथि आगामी 22 दिसंबर को निर्धारित किया है।

### आयोग के संशोधित कैलेंडर से विलंबित परीक्षाएं

- अपर निजी सचिव परीक्षा–2023
- सहायक नगर नियोजक प्रारंभिक–2023
- स्टॉफ नर्स एलोपैथी मुख्य परीक्षा–2023
- सम्मिलित राज्य कृषि सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2024
- चिकित्साधिकारी होम्योपैथिक–2023
- स्टॉफ नर्स यूनानी और स्टॉफ नर्स आयुर्वेदिक–2023
- सहायक नगर नियोजक मुख्य परीक्षा–2023
- चिकित्साधिकारी यूनानी–2023
- यूपी प्राविधिक शिक्षा अध्यापन सेवा परीक्षा–2021
- सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2024
- वैज्ञानिक अधिकारी परीक्षा–2023
- समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी–2023

#### यह भर्तियां नहीं आईं इस वर्ष

असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय डिग्री कॉलेज, प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज, पीसीएस–जे, एलटी ग्रेड परीक्षा, एपीएस, एपीओ, परिवहन निरीक्षक।

#### केंद्र निर्धारण में छूट रहा पसीना

पिछले बार पीसीएस–2023 की प्रारंभिक परीक्षा में करीब 12 सौ परीक्षा केंद्र प्रदेश भर में बनाए गए थे। लेकिन, आरओ–एआरओ में पेपर लीक के बाद आयोग निजी विद्यालयों में परीक्षा केंद्रों को खत्म कर रहा है। फूल प्रुफ परीक्षा केंद्रों को खोजने में आयोग का पसीना छूट रहा है। हालांकि अब तक आयोग की तरफ से विश्वविद्यालयों को सेंटर नहीं बनाया गया है। जबकि आयोग यदि विश्वविद्यालयों को भी सेंटर बनाता है तो उसकी बड़ी समस्या का हल निकल सकता है।

### क्या कहते हैं अभ्यर्थी



परीक्षा में संशोधन एक सकारात्मक कदम है। छात्रों की परेशानियों पर उचित निर्णय लिया गया। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति की मांग है कि पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा में दोनों पालियों के बीच के अंतराल को कम करके एक घंटे किया जाए।

**–प्रशांत पाण्डेय**, प्रतियोगी छात्र



एकसाथ पेपर होने से अनावश्यक रूप से होने वाली परेशानी से बचाव होगा। अभ्यर्थियों को अपनी पूरी ऊर्जा के साथ प्रश्न हल करने में आसानी होगी। पेपर आउट की संभावना भी कम होगी।

**–मोहम्मद रिजवी**, अभ्यर्थी



छात्रों की आशंका का समाधान होना चाहिए। परीक्षा एक ही दिन में सभी की एक साथ परीक्षा हो जिससे छात्रों में आयोग के प्रति विश्वास बना रहे। उन्हें भी आसानी होगी।

**–देवेश मिश्र**, अभ्यर्थी

# उप्र में भी शुरू हुई गाय को राजमाता घोषित करने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाराष्ट्र में देसी गाय को राजमाता घोषित करने के सरकार के फैसले के बाद प्रदेश में भी मांग तेज हो गई है। लोक परमार्थ सेवा समिति ने मुख्यमंत्री से प्रदेश में भी गाय को राजमाता घोषित करने का फैसला लेने की मांग की है।

लोक परमार्थ सेवा समिति के अध्यक्ष राधेश्याम दीक्षित ने कहा कि प्रदेश में काफी समय से यह मांग हो रही है, पर अभी तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि समिति की ओर से प्रदेश के मंत्रियों व विधायकों को कई बार पत्र लिखा जा चुका है। समिति के अनुरोध पर भाजपा विधायक गौरी शंकर वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा था। इसके अलावा गोसेवा आयोग के अध्यक्ष को भी पत्र लिखा गया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी गाय को आधिकारिक तौर पर सम्मान दिया जाना जरूरी है।

# एसआई समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित

## नो एंट्री के बावजूद नगर में घुसे ट्रक की टक्कर से हुई थी किशोरी की मौत

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** नो एंट्री के बावजूद सोमवार की रात जुलूस वाले मार्ग से गुजर रहे एक ट्रक की टक्कर से किशोरी की मौत हो गयी थी। घटना से आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन कर थाने का घेराव किया था। पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को शांत कराया था। हादसे का जिम्मेदार मानते हुए मंगलवार को एसपी ने एसआई के अलावा तीन अन्य पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।


फाइल फोटो।

जनपद सीतापुर के थाना रामपुर मथुरा ग्राम नटनीय निवासी मोहम्मद इश्तियाक करीब 3 माह से कस्बा रामनगर निवासी रहीम ठेकेदार के घर में परिवार सहित किराये पर रहता है। सोमवार की रात बारह रबी उल अव्वल के चलते झंडा जुलूस निकाला गया था। इस दौरान कस्बे में जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इसकी वजह से बदोसरांय की ओर से व रामनगर तिराहा से नगर के अंदर आने वाले वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसी बीच, इश्तियाक की पुत्री शमा झंडा जुलूस देखकर अपने घर जा रही थी। उपाध्याय मोड़ के पास बदोसरांय की ओर से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी।

दुर्घटना में किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर ट्रक कब्जे में ले लिया। वहीं पीड़ित की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर जांच की जा रही।

उधर घटना की जानकारी होते ही रात में धीरे-धीरे काफी संख्या में कोतवाली के सामने लोग पहुंचे और कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा, सीओ फतेहपुर जगतराम कनौजिया, एसडीएम पवन कुमार ने घटनास्थल पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर वापस भेजा। उधर मंगलवार को इस घटना में लापरवाही सामने आने के बाद सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह राठौर, सिपाही जयचंद, ओमप्रकाश व दिनेश पाल को निलंबित कर दिया गया। हादसे के मद्देनजर मंगलवार को होने वाला मुशायरा टाल दिया गया है।

### कार्रवाई

- सोमवार की रात झंडा जुलूस देखकर लौट रही थी किशोरी
- घटना से आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन कर की थी कार्रवाई की मांग

# प्रदेश में 37 परियोजनाओं के निर्माण को रेरा ने दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद और निजी परियोजनाएं शामिल

**अमृत विचार :** लखनऊ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गोरखपुर समेत अन्य बड़े शहरों में विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद समेत निजी बिल्डर 37 परियोजनाएं विकसित करेंगे। इनके निर्माण की उप्र भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) ने स्वीकृति देकर पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किया है।

अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि इनमें विभिन्न विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद व निजी बिल्डरों की 27 आवासीय, सात व्यवसायिक व तीन मिश्रित वर्ग की परियोजनाएं हैं। गाजियाबाद में सात, लखनऊ में सात, गौतमबुद्ध नगर छह, मथुरा चार, झांसी तीन, प्रयागराज तीन, मेरठ दो, आगरा दो, बिजनौर, गोरखपुर व मुरादाबाद में एक-एक परियोजना बनेगी। लगभग 5,93,041 वर्ग मीटर भूमि पर 7,198 करोड़ रुपये का निवेश करके 11,281 आवासीय तथा व्यावसायिक इकाई का निर्माण और विकास कराया जाएगा।

### सार-संक्षेप


अधीक्षण अभियंता के निलंबन के विरोध में नारेबाजी करते इंजीनियर।

#### निलंबन पर अभियंता संघ ने जताया रोष

**अमृत विचार, लखनऊ :** बरेली, अलीगढ़ व वाराणसी के अधीक्षण अभियंताओं के निलंबन पर बिजली अभियंताओं ने कड़ी नाराजगी जताई है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने रोष प्रकट करते हुए कार्रवाई वापस लेने की मांग की। हाइडिल फील्ड हॉस्टल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए अभियंताओं ने कहा कि समीक्षा बैठक में प्रस्तुतिकरण में कुछ कमियों पर अभियंताओं का निलंबन किया जाना प्रबंधन की एकतरफा व मनमानी कार्रवाई है। अभियंताओं ने कहा कि छोटी–छोटी बातों पर अभियंताओं के विरुद्ध की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए। सभा में अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर, आलोक कुमार, देवेन्द्र बहादुर, विजय तिवारी, रजत कुशवाहा, विकास मधेसिया, अमित त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह आदि शामिल हुए।



वानिकी नव वर्ष शुरू करने के समारोह में मौजूद राज्य मंत्री पर्यावरण डॉ . अरुण।

#### इस साल एक दिन में रोपे गए 36.5 करोड़ पौधे :डॉ अरुण

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) पर्यावरण, वन, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि इस साल वर्षाकाल में एक दिन में 36 .5 करोड़ से अधिक पौधे रोपित किए गए। राज्यमंत्री मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में वानिकी नव वर्ष 2024–25 के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह की शुरुआत कर रहे थे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि पिछले साल की तरह इस बार भी वानिकी नव वर्ष के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश वन निगम के प्रबंध निदेशक व प्रधान मुख्य वन संरक्षक सामाजिक व कृषक वानिकी सुनील चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव संजय श्रीवास्तव आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर वानिकी वर्ष 2023–24 की उपलब्धियों पर बुकलेट, विभिन्न वानिकी कार्यों के सम्बन्ध में ई–मैगजीन, वन दर्शन पत्रक व चार वन प्रभागों का 'सिल्वीकल्चर प्लॉन ऑफ आपरेशन' का विमोचन किया गया। 2025 के मिशन टीम व खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चीफ डि मिशन की घोषणा की गई। उन्हें क्रमश : बैटन व शील्ड हस्तान्तरित की गई। इस अवसर पर उप्र कैम्पा वेबसाइट का उद्घाटन किया गया।

#### निरीक्षण में सीडीओ को अस्पताल में मिलीं कमियां

**अमृत विचार, बाराबंकी :** मुख्य विकास अधिकारी अ .सुदन ने मंगलवार को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तमाम कमियां मिलीं। अस्पताल के अंदर अंधेरा मिला। वहीं दवा वितरण केंद्र पर एक्सपायरी डेट की दवा मिली। यहां तक सीएमएस भी नदारद थीं। मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अ .सुदन परियोजना निदेशक मनीष कुमार के साथ सौ शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे औ उन्होंने एंटीनेटर रजिस्टर, पैथोलॉजी रजिस्टर, ओपीडी, एचआरपी आदि आवश्यक रजिस्टरों की जांच पड़ताल की। इसमें तमाम कमियां पाई गई। इसे लेकर उन्होंने फटकार लगाई और सभी अभिलेख अपने साथ ले गए। पैथोलॉजी के निरीक्षण के दौरान गेट पर सुबह आठ से 12 बजे तक पर्चा जमा करने का समय लिखे होने पर फटकार लगाते हुए कहा कि लगता है 12 बजे तक ही जांच की जाती है। सीडीओ ने अधिकांश जगह अंधेरा देखकर नाराजगी जताई।

# रैथा से पीएम मित्र पार्क तक फोरलेन होगी सड़क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**14.28** किलोमीटर होगी लंबाई

**139.5** करोड़ रुपये होंगे खर्च

- आईआईएम से रैथा अंडरपास मार्ग का भी होगा कायाकल्प

**अमृत विचार:** लखनऊ के रैथा अंडरपास से लेकर पीएम मित्र पार्क तक 14.28 किमी क्षेत्र की सड़क को फोर लेन किया जाएगा। वहीं, आईआईएम से आउटर रिंग रोड स्थित रैथा अंडरपास की 8.4 किमी सड़क का डबल लेन चौड़ीकरण भी इसी परियोजना के तहत होगा। फोर लेन व डबल लेन सड़क बनाने में कुल 139.56 करोड़ की धनराशि खर्च होगी। राज्य सरकार ने धनराशि अवमुक्त करने के साथ लोक निर्माण विभाग तेजी से काम पूरा करने का निर्देश दिया है।

अटारी गांव एनएच-20 और एसएच-20 से लगभग 20 किलोमीटर दूर है। ये दोनों लखनऊ को सीतापुर व हरदोई से जोड़ने वाली चार लेन की सड़कें हैं। इसके अलावा कनेक्टिविटी के लिए छह लेन वाली 20 किलोमीटर लंबी आउटर रिंग रोड भी है। रेल कनेक्टिविटी के लिहाज से पार्क के लिए चिह्नित स्थान से मलिहाबाद रेलवे स्टेशन महज 16 किलोमीटर दूर है जबकि लखनऊ रेलवे स्टेशन 40 किलोमीटर की दूरी पर है। इसके अलावा, लखनऊ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पार्क 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

#### एक लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

सरकार का दावा है कि पीएम मित्र पार्क को बेहतर कनेक्टिविटी मिलने से निवेश के साथ एक लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। साथ ही पूरे क्षेत्र को कनेक्टिविटी समेत भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विकसित करने का मार्ग खुलेगा।

# घर-घर जाएंगी स्वास्थ्य विभाग की टीमें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 13 विभागों के समन्वय से डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया के संक्रमण पर लगाई जाएगी रोक

**अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए आमजन में जागरुकता जरूरी है। इसके लिए अलग-अलग माह में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में संचारी रोगों को खत्म करने के लिए टीमें घर-घर जाएंगी। यह अभियान पूरे माह चलेगा।

उप मुख्यमंत्री मंगलवार को अलीगंज स्थित सीएचसी में संचारी रोग अभियान के शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, कालाजार समेत दूसरे संचारी रोगों को खत्म करने में पार्षद, सोशल वर्कर व स्थानीय लोगों की अहम भूमिका है। सरकार स्वास्थ्य, नगर निगम, ग्राम विकास, एलडीए, मलेरिया, आवास विकास समेत 13 विभागों के समन्वय से अभियान चलाया जा रहा है।

ब्रजेश पाठक ने कहा डेंगू, मलेरिया व दूसरे संचारी रोगों के लिए संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर फागिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाये। कार्यक्रम में विधायक डॉ. नीरज बोरा, प्रमुख सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा, सचिव रंजन कुमार, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर, परिवार कल्याण महानिदेशक डॉ. नरेंद्र अग्रवाल, निदेशक संचारी रोग डॉ. आरपीएस सुमन, डॉ. विकासेंदु अग्रवाल मौजूद रहे।

#### फागिंग होगी, एंटीलार्वा का छिड़काव भी

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार फागिंग होगी। एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाएगा। स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर–घर जाकर जांच करेंगे।

### पहल

## नारी शक्ति को स्वरोजगार और इंटरप्रेन्योरशिप के लिए प्रोत्साहित करना लक्ष्य

# नारी शक्ति के तरक्की की बानगी बनेगा वीमेन्स फेस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार मिशन शक्ति के पांचवे चरण में महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने और इंटरप्रेन्योरशिप के लिए प्रोत्साहित करने के लिए वीमेन्स फेस्ट का आयोजन करने का जा रही है। साथ ही सभी कार्यस्थलों पर रिटायरिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी कार्यस्थलों पर महिलाओं के लिए क्रेच की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं।

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री शारदीय नवरात्रि के पहले दिन 3 अक्टूबर को अपने सरकारी आवास से मिशन शक्ति के पांचवे चरण का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान विभिन्न जिलों के मिशन शक्ति नोडल अधिकारी बनाए गए पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस अधीक्षक ऑनलाइन जुड़ेंगे। वहीं राजधानी लखनऊ के साथ सभी कमिश्नरेट और जिलों में महिला सशक्तिकरण रैली निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं का भी शुभारंभ किया जाएगा। सरकार ने इस बार 1090 चौराहे पर महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने और इंटरप्रेन्योरशिप के लिए प्रोत्साहित करने के लिए वीमेन्स फेस्ट का आयोजन कराने का निर्णय लिया है। इसे महिलाओं के स्वयं सहायता समूह और सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा लगाया जाएगा, जिसमें उनके द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी और स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके तहत सांस्कृतिक संगीता संध्या, वार्ता कार्यक्रम, स्वास्थ्य चेकअप कैंप, प्रेरणात्मक भाषण, नुक्कड़ नाटक, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य सत्र आदि का आयोजन किया जाएगा।

#### महिलाओं के लिए रिटायरिंग रूम, क्रेच और हॉस्टल्स बनेगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मिशन शक्ति के पांचवे चरण के तहत प्रदेश के सभी कार्यस्थलों पर महिलाओं के रिटायरिंग रूम और क्रेच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा पुलिस लाइन, पीएसी वाहिनी परिसर, मेडिकल कॉलेज आदि जगहों पर वर्किंग वीमेन हॉस्टल्स का निर्माण किया जाएगा। यहां पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए जाएंगे। प्रदेश के हर थाने में महिला बैरक की व्यवस्था की सुनिश्चित की जाएगी। राजधानी लखनऊ की तर्ज पर सभी कमिश्नरेट में पिंक बूथ की स्थापना और पिंक स्कूटी उपलब्ध कराने के निर्देश भी हैं। इसके अलावा सार्वजनिक स्थलों मॉल, सार्वजनिक स्मारक, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चिड़ियाघर आदि शिशुओं के लिए फिडिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। वहीं असंगठित क्षेत्रों में (बिल्डिंग कंसट्रक्शन साइट, कारखाने, फैक्टरी) कार्य करने वाली महिलाओं के लिए विश्राम स्थल और पिंक टॉयलेट की व्यवस्था करने के निर्देश हैं।

# मुख्यमंत्री ने गांधी और शास्त्री जयन्ती पर दी बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर उनका आदरपूर्वक स्मरण करते हुए प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल, कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने भी जनता को बधाई दी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्राप्नोति वै वितमसद्बलेन नित्योत्थानात्प्रज्ञया पौरुषेण।
न त्वेव सम्यग् लभते प्रशंसां न वृत्तमाप्नोति महाकुलानाम्॥

बेईमानी से, बराबर कोशिश से, चतुराई से कोई व्यक्ति धन तो प्राप्त कर सकता है, लेकिन सदाचार और उत्तम पुरुष को प्राप्त होने वाले आदर-सम्मान को प्राप्त नहीं कर सकता।

## संपादकीय

# सावधान रहने की जरूरत

चीन बार-बार भारत की ओर अतिक्रमण करके क्षेत्र में यथास्थिति को बदलने का प्रयास करता रहा है। दोनों देश सीमा पर बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहे हैं और सैन्यीकरण कर रहे हैं। चीन के पास आर्थिक, सैन्य और तकनीकी ताकत है। भारत अपनी कूटनीति से इसका मुकाबला करने की कोशिश कर रहा है। मंगलवार को थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वी लद्दाख में चीन और भारत के बीच जारी सैन्य गतिरोध पर चाणक्य रक्षा संवाद में कहा कि इस क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति संवेदनशील है और सामान्य नहीं है। भारत किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत चीन के साथ 3,488 किलोमीटर की सीमा साझा करता है, जिसमें एक सीमा शामिल है जो लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के साथ चलती है। सीमा का पूरी तरह से सीमांकन नहीं किया गया है और वास्तविक नियंत्रण रेखा की पुष्टि और स्पष्ट करने की प्रक्रिया अभी भी जारी है। इसने दोनों पक्षों के बीच कई झड़पों को जन्म दिया है। मई 2020 में भारत चीन सीमा पर सैन्य गतिरोध शुरू हुआ था। भारत का लक्ष्य मई 2020 में शुरू हुए सैन्य गतिरोध से पहले की स्थिति को बहाल करना है। हालांकि पिछले कुछ माह के दौरान भारत और चीन के बीच अनेक राजनयिक वार्ताएं हुई हैं, जिनसे संभावना बढ़ी है कि पूर्वी लद्दाख में जो सैन्य टकराव की स्थिति बनी हुई है, उसे कम करने का कोई रास्ता निकल सकता है।

गौरतलब है कि चीन इस क्षेत्र में किसी भी भारतीय निर्माण का विरोध करता है जबकि वह खुद रणनीतिक निर्माण जारी रखता है। 15 जून, 2020 को गलवान में मुख्य संघर्ष से पहले दोनों पक्ष पैंगोंग त्सो, डेमचोक और दौलत बेग ओल्डी क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में झड़पों में लगे हुए थे। भारत लगातार कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। गतिरोध का समाधान निकालने के लिए दोनों पक्षों के बीच अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की वार्ता हो चुकी है। इसके बावजूद जिस तरह से चीन अपनी अग्रिम सैन्य पोजीशन को मजबूत करता जा रहा है और एलएसी पर स्थायी रक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर बनाता जा रहा है, उससे स्पष्ट है कि पीएलए शांति के समय की स्थिति पर नहीं लौटेगी। चीन की गतिविधियां किसी से छिपी नहीं है। इसलिए भारत को चीन से सावधान रहने की जरूरत है।

# वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 का मकसद



नुसरत जहां
एडवोकेट हाईकोर्ट,लखनऊ

> देश में सबसे पहले 1954 में वक्फ एक्ट बना। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का भी जन्म हुआ। इस कानून का मकसद वक्फ से जुड़े कामकाज के सरल बनाना था। एक्ट में वक्फ की संपत्ति के दावे और रखरखाव का प्रावधान है। इस एक्ट में 1955 में पहला संशोधन किया गया।

वक्फ संशोधन अधिनियम, 2024 लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। संयुक्त संसदीय समिति ने 19, 20 सितंबर 2024 को मुस्लिम समुदाय से जुड़े संगठनों एवं बुद्धिजीवियों के सुझाव लिए हैं। अब तक जेपीसी को 84 लाख से अधिक सुझाव मिल चुके हैं। कई मुस्लिम संगठनों ने वक्फ बिल पर आपत्तियां भी जताई हैं। भारत में वक्फ की अवधारणा दिल्ली सल्तनत के समय से चली आ रही है, जिसके उदाहरण में मोहम्मद गौरी की ओर से मुल्तान की जामा मस्जिद को एक गांव समर्पित कर दिया गया था। साल 1923 में अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान मुसलमान वक्फ अधिनियम इसे विनियोजित करने का पहला प्रयास था।

देश में सबसे पहले 1954 में वक्फ एक्ट बना। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का भी जन्म हुआ। इस कानून का मकसद वक्फ से जुड़े कामकाज को सरल बनाना था। एक्ट में वक्फ की संपत्ति के दावे और रखरखाव का प्रावधान है। इस एक्ट में 1955 में पहला संशोधन किया गया। 1955 में एक नया वक्फ बोर्ड अधिनियम बना। इसके तहत हर राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश में वक्फ बोर्ड बनाने की अनुमति दी गई थी। 2013 में वक्फ की संपत्ति की बिक्री, उपहार, विनिमय, बंधक या हस्तांतरण को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था। वक्फ कानून एक सर्वेक्षण आयुक्त की नियुक्ति का प्रावधान करता है, जो स्थानीय जांच करके,गवाहों को बुलाकर सार्वजनिक दस्तावेजों की मांग करके सभी वक्फ संपत्तियों की सूची तैयार करता है। इस संशोधन ने वक्फ संपत्तियों की बिक्री को असंभव बना दिया।

वक्फ बोर्ड वक्फ संपत्ति के प्रबंधन का कार्य करता है। यह एक कानूनी निकाय है। वक्फ बोर्ड में संपत्तियों का पंजीयन अनिवार्य है। बोर्ड संपत्तियों का पंजीकरण, प्रबंधन और संरक्षण करता है। राज्यों में वक्फ बोर्ड का नेतृत्व अध्यक्ष करता है। देश में शिया-सुन्नी दो तरह के वक्फ बोर्ड हैं। वक्फ बोर्ड के सदस्य में अध्यक्ष के अलावा बोर्ड में राज्य सरकार के सदस्य, मुस्लिम विधायक, सांसद, राज्य बार काउंसिल के सदस्य,इस्लामी विद्वान और वक्फ के मुतवल्ली को शामिल किया जाता है। वक्फ बोर्ड का

> न्याय को सुलभ एवं निश्चित बनाना- वक्फ से संबंधित विवादित मामलों की सुनवाई के लिए अभी वक्फ अधिकरण का फैसला अंतिम होता है, लेकिन वक्फ बिल में अधिकरण के फैसले को न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी।

कार्य वक्फ की संपत्तियों का प्रबंधन, संरक्षण वक्फ में मिले दान से शिक्षण संस्थान,मस्जिद, कब्रिस्तान बनाना रैन बसेरों का निर्माण एवं रखरखाव करना, गरीब बेटियों की शादी करवाना।

वक्फ बोर्ड की संपत्ति-रेलवे और रक्षा विभाग के बाद वक्फ बोर्ड कथित तौर पर भारत में तीसरा सबसे बड़ा भूमि धारक है। वक्फ बोर्ड भारत भर में 9.4 लाख एकड़ में फैली 8.7 लाख संपत्तियों को नियंत्रित करता है, जिनकी अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ रुपये है। उत्तर प्रदेश एवं बिहार में दो शिया वक्फ बोर्ड सहित 32 वक्फ बोर्ड हैं। नए बिल के द्वारा इन बदलावों पर विचार हो रहा है- सर्वप्रथम वक्फ अधिनियम 1955 का नाम बदलकर 'संयुक्त वक्फ प्रबंधन सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम 1995 कर दिया गया है। यह बिल मौजूदा वक्फ कानून में लगभग 40 बदलावों का प्रस्ताव रखता है। इसके तहत वक्फ बोर्ड की सभी संपत्तियों के दावों के लिए अनिवार्य सत्यापन से गुजरना होगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। मुस्लिम महिलाओं का अनिवार्य प्रतिनिधित्व/लैंगिक समानता- इस बिल का उद्देश्य वक्फ बोर्ड की संरचना एवं कामकाज को बदलना है। इसके लिए धारा 9 एवं 14 में संशोधन करना है, जिसमें मुस्लिम महिलाओं के लिए अनिवार्य प्रतिनिधित्व किया जा सके। अनिवार्य वक्फनामा- अभी तक संपत्ति का दान मौखिक किया जा सकता था, लेकिन नए वक्फ बिल में लिखित वक्फनामा के द्वारा ही संपत्ति का अंतरण किया जा सकेगा, जिससे अंतरण के साक्ष्य मिल सकेंगे।सामाजित न्याय/निचले मुस्लिम तबकों की भागीदारी- वक्फ बिल में शिया-सुन्नी के अलावा बोहरा, अहमदिया समुदायों के अलग वक्फ बोर्ड बनाने का भी प्रावधान है, जिससे मुस्लिम तबकों को विभिन्न वर्गों को मदद मिलेगी, जो हाशिये पर हैं। वक्फ बिल में बोर्ड की पूरी संपत्तियों का डिजिटलीकरण किया जाएगा, जिसमें किसी दूसरे द्वारा वक्फ की संपत्तियों पर कब्जा नहीं किया जा सकेगा, जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी और लेनदेन में पारदर्शिता आएगी।

न्याय को सुलभ एवं निश्चित बनाना- वक्फ से संबंधित विवादित मामलों की सुनवाई के लिए अभी वक्फ अधिकरण का फैसला अंतिम होता है लेकिन वक्फ बिल में अधिकरण के फैसले को न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी। वक्फ से संबंधित विवादों का निर्णय छह माह में और अपील का निपटारा तीन माह में किए जाने का प्रावधान है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग)- वक्फ की संपत्तियों का पंजीकरण, सत्यापन लेनदेन में ऑडिट कर सकेगी, जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी।

विधेयक इस बात को भी फिर से परिभाषित करता है कि कैसे संपत्ति को वक्फ के कब्जे में माना जाता है। विधेयक में उपयोग के आधार पर वक्फ की अवधारणा को खत्म करने का प्रस्ताव है। 1995 के कानून के तहत वैसी हर संपत्ति वक्फ है, जिसका उपयोग मुसलमान धार्मिक उद्देश्यों के लिए निरंतर और अबाधित रूप से करते रहे हैं। इसका मतलब है कि एक संपत्ति को उपयोग के माध्यम से वक्फ माना जा सकता है, भले ही उसका मालिकाना हक किसी के पास हो। कई मस्जिदें और कबिस्तान इसी आधार पर वक्फ प्रॉपर्टी घोषित कर दिए गए हैं। विधेयक में कहा गया है कि वैध वक्फनामे के बिना कोई भी वक्फ संपत्ति संदिग्ध है। इसमें 'उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ' घोषित संपत्तियों को अलग रखा गया है। विवाद की स्थिति में बिल की धारा 3 सी (2), जो सरकार को यह तय करने का अधिकार देता है कि वक्फ के रूप में दी गई संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं। विधेयक में कहा गया है, यदि किसी संपत्ति को लेकर सवाल उठता है कि यह सरकारी संपत्ति है या नहीं तो उसे क्षेत्राधिकार वाले कलेक्टर के पास भेजा जाएगा। कलेक्टर उचित जांच करके संपत्ति की पहचान करेगा और अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजेगा। जब तक सरकार इस मुद्दे का फैसला नहीं कर लेती तब तक विवादित जमीन पर वफ्फ का नियंत्रण नहीं हो सकता।

12 वर्ष का एडवर्स कब्जा- यदि 12 वर्ष तक वक्फ की संपत्ति कोई अवैध कब्जा,बिना रोक टोक के करता है तो वह संपत्ति का मालिक हो जाएगा। दान कौन कर सकता है- दान एक मुस्लिम द्वारा वर्तमान समय में मौखिक रूप से भी किया जा सकता है। यदि एक बार संपत्ति दान कर दी गई तो वह अल्लाह को अंतरित मानी जाती है वह वापस नहीं ली जा सकती है। नए बिल में यह प्रावधान है कि संपत्ति अंतरण करते समय दानकर्ता को उस संपत्ति का मालिक होना चाहिए। दानकर्ता की स्वीकृति स्वतंत्र होनी चाहिए। दान करते समय दानकर्ता सक्षम अर्थात 18 वर्ष से अधिक आयु एवं स्वस्थ चित्त होना चाहिए। यदि यह शर्तें पूरी नहीं की गई तो दान द्वारा अंतरण अवैध होगा और वह संपत्ति वफ्फ को वापस करनी होगी। दान गैर मुस्लिम द्वारा भी किया जा सकता है शर्त यह है कि इस्लाम धर्म में उसका विश्वास एवं मान्यता होनी चाहिए। लिखित रूप से वफ्फनामा द्वारा ही संपत्ति का अंतरण किया जा सकता है। वफ्फ से होने वाली आमदनी को इस्लाम धर्म की खिदमत में ही खर्च किया जा सकता है। खिदमत का अर्थ है मस्जिद की तामीर, कब्रिस्तान एवं अनाथालय बनवाना, गरीबों को भोजन की व्यवस्था करना, गरीब बच्चों की शादी करवाना इत्यादि।


सरकार का कहना है कि वक्फ की संपत्तियों पर माफियाओं का कब्जा है जबकि विपक्ष का तर्क है कि सरकार वक्फ की संपत्ति को हथियाना चाहती है। धर्म में हस्तक्षेप है और संविधान में दिए गए अधिकारों का उल्लंघन है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि नए बिल से संविधान के किसी अधिकार का उल्लंघन नहीं हो रहा जबकि यह तो समानता के अधिकार अनुच्छेद 14 के अंतर्गत सामाजिक न्याय के रूप में निचले तबकों के उत्थान एवं लैंगिक न्याय के रूप में मुस्लिम महिलाओं की अनिवार्य सहभागिता का प्रावधान करता है। जिससे महिलाओं एवं बच्चों का कल्याण होगा डिजिटलीकरण से भ्रष्टाचार रूकेगा। कोई माफिया अवैध कब्जा वक्फ संपत्ति पर नहीं कर सकेगा। वक्फ से होने वाली आमदनी समाज कल्याण एवं उत्थान में खर्च की जा सकेगी।

email: nusratfahad8@gmail.com

## प्रसंगवश

# विद्रोही चंद्रसिंह गढ़वाली

पेशावर कांड (1930) के विद्रोही चंद्रसिंह गढ़वाली 1 अक्तूबर 1979 को नहीं रहे। कैसा अनोखा सैनिक था,जिसने देश की निहत्थी आंदोलनकारी जनता पर गोली चलाने से इंकार की सजा में लंबे कारावास के साथ अनगिनत कष्ट भुगते।




सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

यह तकलीफें उसकी अकेले की नहीं अपितु पूरे परिवार को इसका दंड झेलना पड़ा। संपत्ति जब्त हुई और घर के लोग दरबदर हो गए,लेकिन खास बात रही कि आजादी के बाद भी उनकी संतति के साथ यह क्रूर सिलसिला थमा नहीं। 1983 में सहकारी बैंक की देनदारी के लिए चंद्रसिंह गढ़वाली की संपत्ति की नीलामी का फरमान जारी हुआ,जिसे हम उस समय थोड़ी कोशिशों से बचा पाए,लेकिन आगे चलकर यह अत्यंत दुःखद रहा कि बिजनौर के निकट कौड़िया रेंज में 90 वर्षों के लिए उनके परिवार को आवंटित की गई जमीन को उत्तर प्रदेश सरकार ने यह कहकर वापस ले लिया कि चंद्रसिंह गढ़वाली यूपी के नहीं,उत्तराखंड के निवासी थे। पहाड़ पर दूधातोली में एक छोटे से भूखंड पर उनकी उपेक्षित सी समाधि है, जिस पर कोई चार फूल क्यों चढ़ाए? 1972 में स्वतंत्रता के रजत जयंती वर्ष पर अपने शहर शाहजहांपुर में गढ़वाली जी को 'शहीद मेला' का उद्घाटन करने आमंत्रित किया तो वे उत्साह से आए। उन दिनों उनकी कमर झुक चुकी थी, लेकिन क्रांतिकारी तेवर और हौसला उनमें बरकरार था। पतलून, कमीज, सिर पर हैट और पैरों में बूट। यही बाना था उनका। बोली का पहाड़ी लहजा था और कहन में खरापन अंत तक विद्यमान रहा। उनके जिंदगीनामे को राहुल सांकृत्यायन ने जिस तरह एक बड़ी किताब में दर्ज किया, वह अद्भुत है।

कह सकता हूं कि जेल गढ़वाली जी के लिए राजनीतिक पाठशाला बनी। उनकी स्मृति में कई साल पहले मैं एक डाक टिकट भी जारी कराने में भी कामयाब हो सका जब उनका बेटा आनंद गढ़वाली जीवित था। कुछ वर्ष पहले मैंने अपनी पत्रिका 'संदर्श' के लिए विद्यासागर नौटियाल जी से गढ़वाली की कुछ स्मृतियों को लिपिबद्ध कराया और प्रकाशित किया था,लेकिन वह कार्य पूर्णता की ओर नहीं पहुंच सका।

# जनजातीय लोगों का औरत के प्रति दोयम नजरिया

बीती 15 सितंबर को बस्तर के घनघोर नक्सली इलाके सुकमा के कोन्टा थाने के इटकल गांव में राज्य पुलिस के हेड कांस्टेबल सहित उसके परिवार के पांच लोगों को ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला। मरने वालों में तीन महिलाए हैं। पिछले कुछ दिनों में गांव में तीन बच्चे मरे और यह अफवाह हो गई कि हेड कांस्टेबल बच्चा मुआ के पिता के जादू-टोने के कारण बच्चे मारे गए। देश के अधिकांश राज्यों में डायन प्रथा उन्मूलन या अंधविश्वास निरोधक कानून हैं, लेकिन इस तरह की सामाजिक कुरीति को अपराध घटित हो जाने के बाद मुकदमें दर्ज कर रोका नहीं जा सकता।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ राज्य में बेगा, गुनियाओं और ओझाओं के झांसे में आकर पिछले तीन वर्षों में तीन दर्जन से अधिक औरतों को मार डाला गया है।

डायन कुरीति अकेले आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ या झारखंड तक सीमित नहीं है। यह असम, बिहार, तेलंगाना, राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित कोई आधा दर्जन राज्यों में हर साल सैंकड़ों औरतों को इस अंधविश्वास की आड़ में बर्बर तरीके से मारा जा रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड और ओडिशा जैसे राज्यों में मुख्य रूप से जादू-टोना से जुड़े लगभग 85 हत्या के मामले दर्ज किए गए।

देश के आदिवासी अंचलों में जमीन हदबंदी कानूनों के लचरपन और पंचायती राजनीति के नाम पर शुरू हुईं जातीय दुश्मनियों की परिणति महिलाओं की हत्या के रूप में हो रही है। कुछ साल पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राज्य शासन ने एक जांच रिपोर्ट तैयार की है,जिसमें बताया गया है कि अंधविश्वास,अज्ञान और अशिक्षा के कारण टोनही या डायन करार देकर किस तरह निरीह महिलाओं की आदिकालीन लोमहर्षक ढंग से हत्या कर दी जाती है। औरतों को न केवल जिंदा जलाया जाता है,बल्कि उन्हें गांव में नंगा घुमाना, बाल काट देना, गांव से बाहर निकाल देना जैसे निर्मम कृत्य भी डायन या टोनही के नाम पर होते रहते हैं। इन शर्मनाक घटनाओं का सर्वाधिक अफसोसजनक पहलू यह है कि इन महिला प्रताड़नाओं के पीछे न सिर्फ महिला की प्रेरणा होती है, बल्कि वे इन कुकर्मों में बढ़-चढ़ कर पुरुषों का साथ भी देती हैं।

आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ राज्य में बेगा, गुनियाओं और ओझाओं के झांसे में आकर पिछले तीन वर्षों में तीन दर्जन से अधिक औरतों को मार डाला गया है। कोई एक दर्जन मामलों में आदमियों को भी ऐसी मौत झेलनी पड़ी है। मप्र के झाबुआ-निमाड़ अंचल में भी महिलाओं को इसी तरह मारा जाता है। हां,नाम जरूर बदल जाता है-डाकन। गांव की किसी औरत के शरीर में 'माता' प्रविष्ट हो जाती है। यही 'माता' किसी दूसरी 'माता' को डायन घोषित कर देती है और फिर वही अमानवीय यंत्रणाएं शुरू हो जाती हैं। यह समझना जरूरी है कि अधिकांश आदिवासी गांवों तक सरकारी स्वास्थ्य महकमा पहुंच नहीं पाया है। जहां कहीं अस्पताल खुले भी हैं तो कर्मचारी इन पुरातनपंथी वन पुत्रों में अपने प्रति विश्वास नहीं उपजा पाए हैं। तभी मवेशी मरे या कोई नुकसान हो,गुनिया हर मर्ज की दवा होता है। उधर गुनिया के दांव-पेंच जब नहीं चलते हैं तो वह अपनी साख बचाने कि लिए किसी महिला को टोनही घोषित कर देता है। गुनिया को शराब, मुर्गे, बकरी की भेंट मिलती है। बदले में किसी औरत को पैशाचिक कुकृत्य सहने पड़ते हैं।

ठेठ आदिम परंपराओं में जी रहे आदिवासियों के इस दृढ़ अंधविश्वास का फायदा इलाके के असरदार लोग बड़ी चालाकी से उठाते है। अपने विरोधी अथवा विधवा बूढ़ी औरतों की जमीन हड़पने के लिए ये प्रपंच किए जाते हैं। थोड़े से पैसे या शराब के बदौलत गुनिया बिक जाता है और किसी भी महिला को टोनही घोषित कर देता है।

डायन प्रथा से निपटने के लिए बिहार में सन 1999 में व झारखंड में 2001 में अलग से कानून भी बना। छत्तीसगढ़ में भी सन 2005 में टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम लागू हुआ। राजस्थान और असम में 2015 में इस पर कड़े कानून आए। कानून अपराध होने के बाद काम करता है,लेकिन आज जरूरत तो लोगों की मिथ्या धारणाओं से ओतप्रोत जनजातीय लोगों में औरत के प्रति दोयम नजरिए को बदलना है। एक तो गांवों में स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं हों,दूसरा समाज के बीच से ही ऐसे लोगों को तैयार किया जाए,जो पर्व-त्योहर पर आदिवासियों को सहज तरीके से इसकी जानकारी दे सकें।

## सोशल फोरम

# समय के साथ चलें बुजुर्ग

वैसे तो बुढ़ापा खुद समस्याओं और शिकायतों का घर ही होता है,लेकिन आमतौर पर बुजुर्गों की बड़ी समस्या और शिकायत यह होती है कि बच्चे बड़े या शादीशुदा हो जाने के बाद उनका सम्मान नहीं करते। उनकी बात कुछ हद तक वाजिब है।

देश की सड़कों, वृद्धाश्रमों, तीर्थस्थलों में बेसहारा वृद्धों की भारी भीड़ देखकर आज परिवार में उनकी हैसियत और स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है, लेकिन इस समस्या का एक और पहलू भी है।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

एक बात बुजुर्गों को अपने आपसे भी पूछना चाहिए कि बूढ़े होने के बाद वे खुद अपने बेटों और बहुओं, उनकी निजी जिंदगी, उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और उनके नए विचारों का कितना सम्मान करते हैं? हर पीढ़ी के साथ जीवन की परिस्थितियां और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अवधारणाएं बदलती हैं। पढ़े-लिखे, संवेदनशील, समझदार बुजुर्ग बदलते वक्त के साथ तालमेल बिठाकर अपनी संतानों के साथ सहज और दोस्ताना रिश्ता बना लेते हैं। कठिनाई उन अशिक्षित अथवा अर्द्धशिक्षित, रूढ़िवादी लोगों के साथ होती है,जो अपने पुराने विचारों और रूढ़ियों के प्रति कट्टर ही नहीं होते, बल्कि अपनी संतानों पर अपने दौर के अप्रासंगिक हो चले जीवन मूल्य थोपने की कोशिश भी करते हैं। उन्हें लगता है कि उनका वक्त सही था और आज जो हो रहा है, वह सब गलत है।

ऐसे बुजुर्ग अपनी संतानों के लिए आर्थिक नहीं, मानसिक और भावनात्मक बोझ बन जाते हैं। परिवारों के विघटन की यह सबसे बड़ी वजह है। परिवार में बुजुर्गों का सम्मान बना रहे, यह सिर्फ युवाओं की जिम्मेदारी नहीं है। जरूरी है कि बुजुर्ग भी समय के साथ चलना सीखें। वे अपने हिस्से का जीवन जी चुके, अब अपनी संतानों को उनके हिस्से का जीवन जीने दें। उनकी चुनौतियां, सोच, संघर्ष आपसे अलग हैं।

मां-बाप देवी-देवता हैं और उनकी हर बात बच्चों को शिरोधार्य होनी चाहिए, ये किताबी, अव्यावहारिक बातें हैं। वास्तविक जीवन में आपके व्यवहार ही परिवार में आपकी हैसियत और आपका सम्मान तय होगा। **-फेसबुक वॉल से**


# समाज में व्यक्ति की भूमिका

आज दुनिया एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ी है, जहां यह स्पष्ट हो गया है कि यदि पृथ्वी पर जीवन का अंत होगा, तो इसके लिए किसी बाहरी दुश्मन की जरूरत नहीं है। यह काम इंसान खुद ही कर सकता है। पिछले डेढ़ साल से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है,जिसने लाखों लोगों को प्रभावित किया है। इसी तरह मध्य-पूर्व में इजराइल भी आक्रमण के माध्यम से अपना वर्चस्व स्थापित करने में जुटा हुआ है। इन दोनों घटनाओं के बीच सवाल उठता है कि ऐसा क्यों हो रहा है?



साहिल अहमद
अधिवक्ता हाईकोर्ट, नई दिल्ली

> आज जब दुनिया संघर्षों और हिंसा की ओर बढ़ रही है, गांधीजी के विचार हमें याद दिलाते हैं कि व्यक्ति की भूमिका समाज की बेहतरी में सबसे महत्वपूर्ण है।



इसके मूल में कारण हैं, इंसान का अपने ऊपर और अपनी क्षमताओं पर ध्यान न देना। इतिहास में भी ऐसे उदाहरण मिलते हैं। हिटलर और गांधी,दोनों एक ही समय में इसी धरती पर मौजूद थे,लेकिन दोनों की सोच और कार्य एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत थे। हिटलर हिंसा का समर्थन करता था, जबकि गांधी अहिंसा के पुजारी थे। आज भी गांधी को प्रेम और करुणा के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है, जबकि हिटलर को क्रोध और अहंकार के लिए। महात्मा गांधी ने हमेशा इंसान के व्यक्तित्व और समाज के बीच गहरे संबंध को समझा। उनका मानना था कि समाज व्यक्ति से बनता है और व्यक्ति की नैतिकता व चेतना ही समाज की नींव होती है। उनके अनुसार समाज तभी सशक्त हो सकता है जब उसमें शामिल हर व्यक्ति नैतिकता, सत्य, अहिंसा और करुणा जैसे मूल्यों को अपनाए। गांधीजी ने यह भी कहा कि अहिंसा का रास्ता सीखने और उस पर चलने के लिए अधिक कठिन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, जितनी कि हिंसा के लिए। यह प्रशिक्षण जीवन में सत्य, विनम्रता, सहनशीलता और प्रेम को अपनाने से शुरू होता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है,जो केवल बाहरी रूप से नहीं, बल्कि भीतर से भी आत्मानुशासन और संयम की मांग करती है।

गांधीजी का कहना था कि जब दो लोग या समुदाय आपस में झगड़ते हैं तो यदि उनमें से कोई एक व्यक्ति अपनी गलती को समझकर प्रेम और शांति की ओर बढ़ता है तो उनके बीच शांति स्थापित हो जाती है। हालांकि मीडिया में अक्सर ऐसे उदाहरणों पर ध्यान नहीं दिया जाता,क्योंकि हिंसक झगड़े और संघर्ष ज्यादा चर्चा में आते हैं,जबकि सच्चे समाधान और समाज में शांति का आधार केवल अहिंसा, संयम और करुणा से ही संभव है। गांधीजी ने अपने लेखों में यह भी स्पष्ट किया कि यदि व्यक्ति स्वयं पर नियंत्रण रखे और आत्मनिर्भर बने, तो वह समाज के लिए एक आदर्श भूमिका निभा सकता है। उनके अनुसार समाज को बदलने के लिए हमें पहले अपने भीतर परिवर्तन लाना होगा। व्यक्ति को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए, तभी वह समाज के प्रति सही योगदान दे सकेगा।

आज जब दुनिया संघर्षों और हिंसा की ओर बढ़ रही है, गांधीजी के विचार हमें याद दिलाते हैं कि व्यक्ति की भूमिका समाज की बेहतरी में सबसे महत्वपूर्ण है। अगर हर इंसान अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाए और सत्य, अहिंसा और करुणा को अपनाए, तो न केवल समाज,बल्कि पूरी दुनिया में शांति और समृद्धि का माहौल बनेगा।

# वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देता गांधी मार्ग

आज के वैचारिक,राजनैतिक और सांस्कृतिक हिंसा को समझने और उसका विकल्प बताने के लिए गांधी सबसे बेहतर और कारगर 'औजार' हैं। बीसवीं शताब्दी में जनमानस को आंदोलित एवं प्रभावित करने वाले एक महान व्यक्तित्व के रूप में भारतवर्ष में महात्मा गांधी का अविर्भाव हुआ था। गांधी भूतकाल के नहीं,भविष्य के मसीहा थे। वे उन्नीसवीं सदी की नहीं,इक्कीसवीं सदी की बातें कर रहे थे।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

> आज संपूर्ण विश्व अपनी समस्याओं का हल हिंसा के माध्यम से ढूंढना चाहता है। वैश्वीकरण के इस दौर में 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा ही खत्म होती जा रही है।

फ्रांसीसी दार्शनिक रोम्यां रोला ने कहा था-"कुछ अर्थों में तो गांधीजी आज के विज्ञान से भी आगे बढ़ गए थे,भविष्य की समस्याओं को उन्होंने भांप लिया था।" गांधीजी के विचार कभी पुराने नहीं पड़ेंगे,वे सदैव हमें भविष्य का रास्ता खोजने में सहायक सिद्ध होंगे। प्रयोगों ने उनके इस विश्वास को पक्का कर दिया था कि सत्य की सदा विजय होती है और सही रास्ता सत्य का रास्ता ही है। आज मानवता की मुक्ति सत्य का रास्ता अपनाने से ही है। गांधीजी सत्य को ईश्वर का पर्याय मानते थे। गांधीजी का मत था कि सत्य सदैव विजयी होता है।

गांधीजी के अनुसार मन, वचन और शरीर से किसी को भी दुःख न पहुंचाना ही अहिंसा है। गांधीजी के विचारों का मूल लक्ष्य सत्य एवं अहिंसा के माध्यम से विरोधियों का हृदय परिवर्तन करना है। अहिंसा का अर्थ ही होता है प्रेम और उदारता की पराकाष्ठा। गांधीजी व्यक्तिगत जीवन से लेकर वैश्विक स्तर पर 'मनसा वाचा कर्मणा' अहिंसा के सिद्धांत का पालन करने पर बल देते थे। आज के संघर्षरत विश्व में अहिंसा जैसा आदर्श अति आवश्यक है। गांधीजी बुद्ध के सिद्धांतों का अनुगमन कर इच्छाओं की न्यूनता पर भी बल देते थे। यदि इस सिद्धांत का पालन किया जाए तो आज क्षुद्र राजनीतिक व आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए व्याकुल समाज व विश्व अपनी कई समस्याओं का निदान खोज सकता है।

आज संपूर्ण विश्व अपनी समस्याओं का हल हिंसा के माध्यम से ढूंढना चाहता है। वैश्वीकरण के इस दौर में 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा ही खत्म होती जा रही है। अमेरिका, चीन, उत्तर कोरिया, ईरान जैसे देश हिंसा के माध्यम से प्रमुख शक्ति बनने की होड़ एवं दूसरों पर वर्चस्व के इरादे से हिंसा का सहारा लेते हैं। इस हेतु वैश्विक रूप से शस्त्रों की होड़ लग गई है। यह अंधी दौड़ दुनिया को अंततः विनाश की ओर ले जाती है। आज अहिंसा जैसे सिद्धांतों का पालन करते हुए विश्व में शांति की स्थापना की जा सकती है,जिसकी आज पूरे विश्व को आवश्यकता है।

आज के दौर में पूरा विश्व एक ऐसे ही समाज की खोज में है, जहां शोषण, वर्ग, जाति आदि की कोई जगह न हो। उन्होंने सामाजिक,नैतिक और आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए रचनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किया था। गांधी ने ग्राम स्वराज्य के माध्यम से पूर्ण प्रजातंत्र और समाज के अंतिम से अंतिम, पिछड़े व्यक्ति की उन्नति का स्वप्न दिया था।

वर्तमान में सारे विश्व पर हिंसा द्वारा विनाश का खतरा छाया हुआ है। गांधीजी इस पर कहते हैं कि अहिंसक बनने की कोशिश करो। विश्व आज जिस रोग से ग्रस्त है,उसका निदान भले ही बड़ा कठोर हो,पर गांधी का बताया उपचार अचूक है। हमारा कार्य अब यही है कि सत्य और अहिंसा को ऐसा व्यावहारिक रूप दें,जिसका पालन किया जा सके। भौतिकवादी प्रगतियों के बावजूद इस दुनिया में कहीं न कहीं कोई कमी महसूस हो रही है। निर्धनता, भूख, रोग और हिंसा का विश्व में प्रकोप बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन ने मानव जाति की राय पर ही संकट ला दिया है। 2019 में महात्मा गांधी की 150 वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव ने कहा था कि महात्मा गांधी का सिखाया गया पाठ ही संयुक्त राष्ट्र का मूल सिद्धांत है,जैसे विकास, शांति और सहयोग। सर्वोदय गांधीजी का विचार संयुक्त राष्ट्र संघ के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम "एजेंडा 2030" का प्रकाशन है। गांधीजी का सबसे प्रबल संदेश है कि हमारा प्रत्येक आचरण नैतिक रूप से शुद्ध होना चाहिए।

# अयोध्या में अब क्विक पास से भी होंगे रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंगलवार से क्विक पास की व्यवस्था शुरू कर दी है। इस व्यवस्था के तहत दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु तीर्थ यात्री सेवा केंद्र से क्विक पास लेकर कम समय में रामलला के दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए हर दो घंटे में 50 पास और प्रतिदिन लगभग 300 पास जारी होंगे। दर्शनार्थी वीआईपी मार्ग से पहुंचकर दर्शन कर सकेंगे।

राममंदिर ट्रस्ट के पूजन व्यवस्था प्रमुख गोपाल जी राव ने मंगलवार को बताया कि बाहर से आने वाले किसी श्रद्धालु को यदि सुगम दर्शन पास की जानकारी नहीं है और उसके पास अधिक समय भी नहीं है तो ऐसा भक्त तीर्थ क्षेत्र सेवा कार्यालय से अपना आधार कार्ड दिखा कर यह पास ले सकता है। हर स्लॉट में 50 पास दिये जाएंगे। जल्द ही इसकी संख्या 100 की जाएगी और इसमें से 50 पास वृद्धजनों के लिए आरक्षित किये जाएंगे।

**▸▸ हर दो घंटे में 50 पास दिए जाने की अभी है सुविधा**



सुग्रीव किला के पास बना श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का यात्री सेवा केंद्र।

### रोज चार हजार भक्तों को मिलती है सुगम पास की सुविधा

राममंदिर ट्रस्ट के पूजन व्यवस्था प्रमुख गोपाल जी राव ने बताया कि राम मंदिर में रोज 50 हजार से लेकर एक लाख तक श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। जिसमें चार हजार भक्तों को सुगम पास के द्वारा दर्शन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया की रामलला के दर्शन करने के लिए सुगम दर्शन पास की सुविधा हर दिन सुबह 7 से 9, सुबह 9 से पूर्वाह्न 11, दोपहर 1 से 3, दोपहर 3 से शाम 5, 5 से 7 बजे और 7 से रात 9 बजे तक के लिए लागू है। इस बीच श्रद्धालु ऑनलाइन 150 और कार्यालय से लगभग 400 पास दो घंटे के एक स्लाट में दिए जा रहे हैं। बताया कि सुगम दर्शन पास को बनवाने के लिए पहले से ही स्लॉट बुक किया जा सकता है। कोई भी दर्शानार्थी एक ही आईडी पर रोज पास प्राप्त नहीं कर सकेगा।

### 72 घंटे में एक आईडी पर एक बार जारी होगा पास

राम मंदिर में दर्शन करने और आरती में शामिल होने के लिए 72 घंटे में एक आईडी पर एक ही बार पास जारी किया जाएगा। बुकिंग के लिए बनाए गए सॉफ्टवेयर को अपडेट किया गया है, जिसमें 72 घंटे के अंदर दोबारा एंट्री करने पर पास निर्गत नहीं होगा। ट्रस्ट के मुताबिक इससे न केवल डुप्लीकेसी पर रोक लगेगी, बल्कि अन्य दर्शनार्थियों को भी दर्शन करने की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

### सप्त मंडपम के निर्माण का कार्य 50 प्रतिशत पूरा

राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। मंदिर के द्वितीय तल के निर्माण के साथ परिसर में सप्त मंडपम का निर्माण किया जा रहा है। जिसका कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूरा हो गया है। इस कार्य को दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। ट्रस्ट के मुताबिक परिसर में चल रहे निर्माण के लिए 1600 श्रमिकों को लगाया है। जल्द ही इनकी संख्या और बढ़ाई जाएगी। परकोटा निर्माण का कार्य भी अपने निर्धारित समय पर चल रहा है।

## महंत नृत्य गोपाल दास पूर्ण रूप से स्वस्थ

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार:** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष व मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास के स्वास्थ्य को लेकर सोशल मीडिया पर चल रहीं भ्रामक खबरों पर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंगलवार को पत्र जारी किया है। कहा कि महंत नृत्यगोपाल दास महाराज पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। वह अपने निवास स्थान मणिराम दास छावनी में हैं। सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर उनके स्वास्थ्य को लेकर कुछ भ्रामक और झूठी खबरें फैलाई जा रही हैं। जो समाज में भ्रांति और चिंता का कारण बन रही हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि ऐसी खबरों पर ध्यान न दें।

## एक नजर

### बेटे की हत्या में पिता को हुआ आजीवन कारावास

**हरदोई।** जिला न्यायाधीश राजकुमार सिंह ने बेटे की हत्या में आरोपित पिता को जुर्म साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना लोनार क्षेत्र के निवासी भूरे ने 25 जुलाई 2019 को अपने ही बेटे ऋषि राम की हत्या कर दी। मामले की रिपोर्ट ऋषि राम की माता रानी ने दर्ज कराई। कहा कि घटना के पूर्व वह अपने घर गई थी। रात करीब 9 :30 बजे जब लौटी तो देखा कि उसका बेटा मृत पड़ा है। कहा कि उसके बेटे की हत्या पति ने की है। कारण पिता-पुत्र के बीच आए दिन झगड़ा होता था। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों को सुनकर आरोपित पर हत्या का जुर्म साबित पाया और सजा सुनाई।

### शारदीय नवरात्र में सुबह 7 बजे से दर्शन देंगे रामलला

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र में राम मंदिर में तीन अक्टूबर से रामलला के दर्शन अवधि में बदलाव कर नए दिनचर्या का विवरण श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने जारी किया है। पूजन व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने मंगलवार को बताया कि यह व्यवस्था शारदीय नवरात्र तक के लिए है। उन्होंने बताया कि रामलला के दर्शन की अवधि में सुबह पहले 6 :30 बजे से दर्शन प्रारंभ होता था, लेकिन नवरात्र के दौरान दर्शन 7 बजे से शुरू होगा।

### पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने किया मानहानि का मुकदमा

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने एक प्रमुख अखबार के डिजिटल प्लेटफॉर्म के तीन प्रमुख लोगों के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर किया है। इसमें मंगलवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन चतुर्थ गीतिका सिंह की कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया।

## सभी मिलकर देश की उन्नति में करें योगदान : राज्यपाल

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर का 8वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हुआ। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को कुल 58,161 उपाधियां प्रदान की, जिसमें 36 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 9 डोनर स्वर्ण पकद और 30 पीएचडी उपाधियाँ थी। इसके साथ ही सभी उपाधियों और 187108 अंक-पत्रों को डिजीलॉकर में भी अपलोड किया।



राज्यपाल आनंदी बेन पटेल।

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मेडल से वंचित रह जाने वाले विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि निरंतर प्रयास जीवन में चलता रहना चाहिए। कुछ अंक कम प्राप्त होने से हार नहीं होती है। उपाधि एवं मेडल प्राप्त करने में छात्राओं की संख्या अत्यधिक होने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की तथा छात्रों को भी आगे बढ़ने के लिए उत्साहवर्द्धन किया। कहा कि सभी मिलकर राष्ट्र की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को अगले 10 साल में विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने के लिए किए जाने वाले कार्यक्रमों की सूची बनाकर उसी के अनुरूप निरंतर प्रयास करने का निर्देश दिया।

# कंडक्टर ने बस में युवती से किया दुष्कर्म का प्रयास

## कन्नौज के सौरिख का मामला, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, सौरिख(कन्नौज)

**अमृत विचार।** आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस वे पर नोएडा से लखनऊ जा रही बस में कंडक्टर ने युवती से दुष्कर्म का प्रयास किया है। युवती के चिल्लाने पर सवारियां जाग गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस कंडक्टर एवं पीड़िता को थाने ले गई।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। लखनऊ निवासी युवती नोएडा में रहकर प्राइवेट नौकरी करती है। सोमवार रात करीब 11 बजे प्राइवेट बस से लखनऊ जा रही थी। रात में बस में बैठी सभी सवारियां सो रही थी तभी बस में मौजूद गोंडा निवासी कंडक्टर रिजवान ने सो रही युवती से छेड़छाड़ शुरू कर दी। युवती की नींद खुल गई और उसने विरोध किया। आरोप है कि तभी कंडक्टर ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया है। युवती के शोर मचाने पर सवारियां जाग गईं। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस एवं थाना पुलिस ने सौरिख थाना क्षेत्र के किलोमीटर 154 कट पर बस को रुकवा कर आरोपी कंडक्टर एवं पीड़िता को थाने ले गई। तहरीर मिलते ही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। परिजनों के पहुंचने पर पीड़िता को पुलिस ने डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया।

### युवती से दुष्कर्म व धमकी के दोषी को उम्रकैद, अर्थदंड

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश एससी एसटी बाबूराम ने दलित युवती के साथ दुष्कर्म करने, जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दोषी पाते हुए राजेश धुरिया थाना बाघराय को आजीवन कारावास व 43 हजार रूपये अर्थदंड से दंडित किया है।

## बिना लक्ष्य तय किए किसी मुकाम पर नहीं पहुंच सकते

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार:** छात्रों को सदैव अपना लक्ष्य तय करके उसको पूरा करने के लिये उसके पीछे लग जाना चाहिए। बिना लक्ष्य तय किए छात्र किसी मुकाम पर नहीं पहुंच सकते हैं।



पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा

यह बातें राज्यसभा सांसद और पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने मां संकटा देवी धाम में एबीवीपी की बिसवां जिले की महमूदाबाद नगर इकाई द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जब छोटे थे, तब उन्होंने वैज्ञानिक बनकर देश सेवा करने का सपना देखा, जिसे उन्होंने पूरा किया। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता रहा है। प्रतिभा सम्मान समारोह में हाईस्कूल की यूपी टॉपर प्राची निगम, इंटरमीडिएट के यूपी टॉपर शुभम वर्मा सहित 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यालयों से आए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधायक आशा मौर्या, प्रांत अध्यक्ष नीतू सिंह ने कार्यक्रम का आरंभ किया गया।

# अमेठी में सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारी, मौत

संवाददाता, भादर(अमेठी)

**अमृत विचार:** त्रिशुंडी स्थित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में मंगलवार को मानसिक तनाव से परेशान सीआरपीएफ जवान ने अपने रूम के अंदर आत्महत्या कर ली। जवान ने अपनी ही राइफल से खुद को गोली मारकर अपनी जिंदगी को समाप्त कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया गया है।

जिले के 36 वर्षीय सीआरपीएफ के जवान सुशान्त कुमार शील पुत्र प्रदीप कुमार शील ने अपने राइफल से गले के नीचे से गोली चलाई। गोली लगने से जवान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गोली की आवाज को सुनने के तुरंत बाद उसके साथी जवान को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### गोली मारकर युवक की हत्या, भाई समेत दो घायल

**मिर्जापुर, अमृत विचार।** देहात कोतवाली क्षेत्र के दुबेपचेर गांव मेंमंदिर के दानपात्र से कुछ दिनों पूर्व हुई चोरी के मामले में पुजारी और गांव के एक अन्य व्यक्ति के बीच विवाद हो गया। मामला इतना गंभीर हो गया कि विपक्षी ने पुजारी के पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं पुजारी का दूसरा बेटा और भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को मण्डलीय अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से भाग गया। मामले की जानकारी होते ही मौके पर एसपी अभिनन्दन फोर्स के साथ पहुंच गए। देहात कोतवाली क्षेत्र के दुबे पचेर गांव स्थित शिव मंदिर की कृपाशंकर पाण्डेय व उनके परिवार के सदस्य पूजा करते थे। कुछ दिन पूर्व मंदिर के दान पात्र से रुपये चोरी हो गए थे। इसी को लेकर गांव के ही एक व्यक्ति से विवाद चल रहा था। मंगलवार की सुबह विपक्षी ने श्रवण कुमार पाण्डेय (30), पवन पाण्डेय (28), शिवम पाण्डेय (21) को लक्ष्य कर गोली मार दी। श्रवण कुमार पाण्डेय की मौके पर ही मौत होगई।

## राहुल गांधी के मानहानि मामले में सुनवाई टली

**संवाददाता, सुलतानपुर।** अमृत विचारः केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को परिवादी के वकील संतोष पांडेय की अस्वस्थता के कारण सुनवाई टल गई। कोर्ट ने परिवादी के साक्ष्य के लिए नौ अक्टूबर की तारीख नियत की है। बंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने 04 अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

## सीतापुर में ट्रैक पर दो टुकड़ों में पड़ा मिला युवती का शव

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार:** रेलवे ट्रैक पर एक युवती का शव दो टुकड़ों में मिला। कोतवाल देहात थाना क्षेत्र में फिरोजपुर-गंगापुर गांव के करीब मिले शव की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं सीओ सिटी का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शव की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

कोतवाली देहात क्षेत्र के फिरोजपुर- गंगापुर गांव वासियों का कहना है कि सुबह वे लोग खेत जाने के लिए निकले, तो देखा कि रेलवे ट्रैक पर करीब 18 वर्षीय युवती का शव पड़ा हुआ। शव दो टुकड़ों में बंटा हुआ था। खबर ग्रामीणों के माध्यम से कोतवाली देहात पुलिस को मिली। इसी के बाद इलाका पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर तक आसपास गांवों में पुलिस भेजकर पहचान का प्रयास कराया गया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। वहीं सीओ सिटी अमन कुमार का कहना है कि करीब 18 वर्षीय युवती के शव की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। शव को कब्जे में लेकर आसपास इलाकों में वीडियो और फोटो के सहारे संदेश भेजे गए हैं। पहचान का प्रयास हो रहा है। जानकारी के मुताबिक युवती के शरीर के दो टुकड़े होने के बाद कई अन्य हिस्सों में भी चोटों के निशान पाए गए हैं।

## सार-संक्षेप



पुलिस की गिरफ्त में आए डीजल चोर। अमृत विचार

### डीजल-पेट्रोल चुराने वाला गिरोह हत्थे चढ़ा

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार।** कानपुर देहात मुख्यालय स्थित डिपो से डीजल लेकर निकले टैंकर चालक की मिलीभगत से डीजल चोरी करने वालों को पुलिस ने देररात दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। मौके से 370 लीटर डीजल व 130 लीटर चोरी का पेट्रोल बरामद कर पुलिस ने टैंकर चालक, पेट्रोलपंप मालिक समेत आठ लोगों को कोर्ट में पेश किया है। लखनऊ-कानपुर हाईवे से निकलने वाले डीजल-पेट्रोल से भरे टैंकरों से ईंधन चोरी कर बेचने का धंधा काफी समय से फल-फूल रहा था। सोमवार रात अचलगंज पुलिस ने इसकी सूचना पर थानाक्षेत्र के हाईवे स्थित गहरा गांव में एक बंद पेट्रोलपंप पर छापा मारा। जहां कानपुर देहात जिला के माती मुख्यालय से 24 हजार लीटर डीजल लोड कर चले टैंकर से डीजल चोरी करते पांच लोग पुलिस के हत्थे चढ़ गए। एसओ राजेश्वर प्रसाद त्रिपाठी ने दरोगा तफूज अहमद, विजय प्रताप व फोर्स के साथ गहरा स्थित योगेश सिंह के पेट्रोलपंप से टैंकर चालक मोहन पुत्र रामचन्द्र तिवारी निवासी सोहरयांवा थाना पयागपुर बहराइच, खलासी मैनुद्दीन निवासी कैसरगंज बहराइच व डीजल खरीदने आए सुशील, अरविंद शुक्ला औतार निवासी गांव गड़ारी अचलगंज, अवधेश लोधी, पवन यादव निवासी बंथर अचलगंज, गंगाप्रसाद निवासी पीपरखेड़ा गंगाघाट व पंप मालिक योगेश सिंह निवासी आनंद नगर शुक्लागंज को गिरफ्तार किया।

### पेशी पर आए आरोपी की कचहरी परिसर में मौत

**सीतापुर, अमृत विचार :** घर से पत्नी के साथ पेशी पर आए आरोपी की कचहरी परिसर में अचानक हालत बिगड़ गई। उपचार से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र का दारानगर निवासी नरेश अपनी पत्नी मायावती के साथ पेशी पर आया था। मायावती के मुताबिक चोरी के मामले में दर्ज अभियोग की पेशी थी। ऐसे में वह दोनों कचहरी आए थे। अचानक पति नरेश (50) की हालत बिगड़ गई। बेहोश होता देख किसी तरह एंबुलेंस बुलाकर नरेश को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाल अनूप शुक्ला मौके पर पहुंचे और नरेश की पत्नी मायावती से जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में ले लिया। शहर कोतवाल का कहना है कि मौत के कारणों को जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। नरेश लहरपुर से पेशी पर आया हुआ था, इसी दौरान तबियत बिगड़ने के बाद उसकी मौत हो गई है।

### गैर इरादतन हत्या में तीन को 10 साल की सजा

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** गैर इरादतन हत्या के मामले में कोर्ट ने तीन लोगों को दोषी पाते हुए 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक पर 21 हजार जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने की धनराशि में से 50 फीसदी वादी मुकदमा को देने का आदेश हुआ है। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय रवि कुमार गुप्ता की अदालत से सोमवार को हुआ। घटना 14 नवंबर 2021 की समय 7 :30 बजे शाम की है। मवई थाना क्षेत्र के सैदपुर मजरे खरिका का रहने वाला भोलानाथ खेत की सिंचाई कर रहा था। लाठी डंडा से लैस होकर उसके गांव के अमर बहादुर ,विशाल, कैलाश और अंकित वहां पहुंचे और रास्ते में बिछी पाइप को हटाने के लिए कहने लगे। पाइप न हटने से नाराज होकर सभी ने भोलानाथ के पिता गया बख्श को लाठी डंडा से पीटा। भोलानाथ बचाने गया तो उसे भी पीटा। गया बक्स की मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई थी। सभी चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में रिपोर्ट लिखाई गई थी। इस दौरान विशाल की मौत हो गई। अन्य को सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाया और सजा सुना दी।

### कानूनगो का रिश्वत लेते वीडियो वायरल, निलंबित

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार।** मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वायरल हुआ, जिसमें एक कानून-गो को मृतक की वरासत कराने के लिए रुपये लेते हुए दिखाया गया है। वीडियो वायरल होने पर सहायक अभिलेख अधिकारी ने आरोपी कानून-गो को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मामले की जांच करने के निर्देश दिये हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया पर 19 सेकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें सफीपुर तहसील के सामने कटरी और मझरा पीपरखेड़ा में सर्वे कानून-गो कुछ कागज लेकर एक दुकान में जाते दिख रहे हैं। वीडियो में एक युवक कानून-गो को रुपये देते दिख रहा है। इस दौरान कानून-गो पूछते हैं कि कितना है, जिस पर दुकान में मौजूद युवक कहता है कि अरे धर लो, अभी बोहनी करा रहे हैं आगे और देखेंगे। वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है कि कानून-गो मृतक के परिजनों से वरासत की प्रक्रिया में मदद करने के लिए पैसे ले रहे हैं। हालांकि, ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की 'अमृत विचार' पुष्टि नहीं करता है।

## वारंटी की गलत रिहाई को लेकर डीजी जेल सख्त, मांगी रिपोर्ट

संवाददाता, प्रयागराज

**नैनी जिला जेल**

**▸▸ नहीं मिला वारंटी, पुलिस अधिकारियों ने साध रखी चुप्पी**

**अमृत विचार :** नैनी जिला जेल में चोरी के मामले में बंद वारंटी की गलत रिहाई मामले में डीजी जेल पीवी रमा शास्त्री ने जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। बंदी की रिहाई की खबर को अमृत विचार में प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद मामला जेल मुख्यालय तक पहुंच गया है।

इस मामले में डीजी जेल ने जिला जेल की अधीक्षक अमिता दुबे को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। मामले में जेल प्रशासन अपने स्तर पर जांच कमेटी बनाकर जांच करा रहा है। फिलहाल अभी तक वारंटी का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

ज्ञात हो कि नवाबगंज थाने की पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित चल रहे राजकुमार निवासी भंडारा थाना नवाबगंज को पुलिस ने बीते 28 जुलाई को गिरफ्तार कर नैनी जिला जेल में दाखिल कराया था। 23 सितंबर को जेल से लगभग 20 बंदियों की अदालत जिला न्यायालय में पेशी की गई थी। जबकि बंदी राजकुमार की पेशी नहीं थी। बावजूद उसकी रिहाई हो गयी।

### इरफान सोलंकी को हाईकोर्ट से जमानत

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर, अमृत विचार।** बांग्लादेशी नागरिक को गलत तरीके से भारत में रुकने के लिए फर्जी दस्तावेज, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र आदि बनवाने में सहयोग करने के मामले में पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी, पूर्व पार्षद मन्नू रहमान और बांग्लादेशी डॉ रिजवान को मंगलवार को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है।

उनकी जमानत अर्जी पर न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा ने सुनवाई की। अभियुक्त इरफान सोलंकी, पूर्व पार्षद मन्नू रहमान और डॉ रिजवान ने जमानत याचिका हाईकोर्ट में प्रस्तुत की थी। इन सभी पर आरोप है कि बांग्लादेशी नागरिक डॉ रिजवान ने एक हिंदू महिला से शादी की और उसे अपने साथ बांग्लादेश ले गया।

# प्रताड़ना का शिकार था मेरा भाई

संवाददाता, प्रयागराज

**फॉलोअप**

**▸▸ बहन का आरोप- डॉ. कार्तिकेय से ब्रेकअप के बाद रास्ते से हटाने के लिए की गई हत्या**

**अमृत विचारः** स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय के जूनियर डॉक्टर कार्तिकेय की मौत का मामला अब प्रेम प्रसंग की ओर चला गया है। डॉ. कार्तिकेय की बहन अदिति श्रीवास्तव बिजनौर में जेल अधीक्षक हैं। उन्होंने जो मुकदमा दर्ज कराया है। 8 पन्नों की एफआईआर में महिला डॉक्टर से रिश्ते होने की बात का जिक्र किया गया है। यह भी लिखा गया है कि उसके भाई को प्रताड़ित किया जा रहा था। फिलहाल यह हत्या है या आत्महत्या, पुलिस ने अभी इस प्रकरण मे खुलकर कुछ भी नहीं बताया है। क्योंकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी पूरा मामला खुलकर सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

डॉ. कार्तिकेय मूल रूप से उत्तराखंड के कोटद्वार के अपार कालावड़ के रहने वाले थे। वह मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर थे। वह ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट में कार्यरत थे। वह शनिवार की सुबह करीब 8 बजे अस्पताल की ओटी में पहुंचे थे। उसी रात डॉ. कार्तिकेय की लाश उनकी कार में मिली थी। कार का गेट भी खुला हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार से एनेस्थीसिया के इंजेक्शन बरामद किए थे।

डॉ. कार्तिकेय की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट 29 सितंबर को देर शाम आई। जिसमें डॉक्टर कार्तिकेय के गले की मांसपेशियों में चोट के निशान मिले हैं। सांस की नली भी टूटी है। कुछ सैंपल लेकर लैब में भेजे गए हैं। जिसकी जांच कराई जा रही है। डॉक्टर कार्तिकेय के बहन अदिति ने बताया है कि मेडिकल कॉलेज में अनामिका नाम की लड़की नेत्र रोग विशेषज्ञ का कोर्स करती है। वह करीब एक साल तक मेरे भाई से बात करती रही। दोनो के बीच अच्छे संबंध थे। लेकिन अनामिका ने अचानक मेरे भाई से बात करना बंद कर दिया।

**आयोजन** | मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड सतीश कुमार ने दिलाई शपथ

# स्वच्छता पखवाड़ा का किया गया उद्घाटन

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचार।** भारतीय रेलवे 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाएगा। मंगलवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड सतीश कुमार ने स्वच्छता पखवाड़ा का उद्घाटन किया।



स्वच्छता पखवाड़ा का उद्घाटन करते व अधिकारियों को शपथ दिलाते मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड सतीश कुमार। अमृत विचार

श्री कुमार ने रेल भवन, नई दिल्ली के कॉन्फ्रेंस हॉल से स्वच्छता शपथ दिलाकर स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रेलवे फील्ड इकाइयों के वरिष्ठ स्तर के अधिकारी भी उपस्थित थे। उन्होंने अपनी-अपनी फील्ड इकाइयों में स्वच्छता पखवाड़ा का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने रेलवे अधिकारियों को अपने परिवेश को स्वच्छ रखने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी रेलवे फील्ड इकाइयों को स्वच्छता पखवाड़ा मनाने के लिए एक दैनिक गतिविधि कार्यक्रम भी प्रदान किया गया है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रेलवे बोर्ड के अधिकारियों को लगभग 2000 पौधे वितरित किए गए। स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता विषय पर निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड द्वारा पुरस्कृत किया गया। स्वच्छता गतिविधियों में लगे रेलवे बोर्ड के कर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 120 कर्मियों को शामिल किया गया। भारतीय रेल 17 सितंबर से 1 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान भी मना रहा है। 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाएगा।

## अशोक कुमार ने संभाला उत्तर रेलवे महाप्रबंधक का कार्यभार

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचार।** भारतीय रेलवे भंडार सेवा के 1987 बैच के अधिकारी अशोक कुमार वर्मा ने उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले वर्मा केंद्रीय रेलवे विद्युतीकरण संगठन (कोर) प्रयागराज के महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं।



वर्मा को भंडार से संबंधित मुद्दों के साथ-साथ सामान्य प्रशासन में भी कार्य का व्यापक अनुभव प्राप्त है। श्री वर्मा ने उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पश्चिम रेलवे के बेंगलुरु मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल में अपर मंडल रेल प्रबंधक के रूप में कार्य के साथ रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक, रेलवे भंडार के रूप में भी काम किया है। अशोक कुमार वर्मा ने मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री और आईआईएम, कोलकाता से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है। आज कार्यभार संभालने के बाद श्री अशोक कुमार वर्मा ने सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। सभी मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल हुए।

## एक नजर

### सरनिया में आर्बिटेशन पर फिर टली सुनवाई

**बरेली :** रिंग रोड के लिए सरनिया में अधिग्रहीत की गई भूमि पर बने स्ट्रक्चर के अधिक मूल्यांकन को लेकर डीएम कोर्ट में दायर किए गए आर्बिटेशन पर मंगलवार को भी सुनवाई नहीं हो सकी। अब नई तारीख 11 अक्टूबर निर्धारित की गई है। रिंग रोड बनाने के लिए हुए भूमि अधिग्रहण में सरनिया में गाटा संख्या 156 पर ज्यादा गड़बड़ियां पाई गईं थीं। एनएचएआई दिल्ली की टीम की जांच में घपलेबाजी का खुलासा हुआ था। इसके बाद डीएम रविंद्र कुमार के आदेश पर सीडीओ जग प्रवेश की अध्यक्षता में हुई जांच में भी इस बात की पुष्टि हुई थी कि मूल्यांकन में गड़बड़ी करते हुए ज्यादा मुआवजा तय किया। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दोषी करार दिया गया है।

### किसान मेला 4 से, किसानों के लिए विशेष आकर्षण

**पंतनगर :** विवि परिसर में 4 से 7 अक्टूबर तक लगने वाले 116वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी में किसानों के लिए विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। मेला प्रभारी एवं निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेंद्र क्वात्रा ने बताया कि मेले के प्रमुख आकर्षणों में चार-पांच अक्टूबर को फल-फूल, शाक-भाजी एवं परिरक्षित पदार्थों की प्रदर्शनी व प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

# निगम प्राधिकारियों की चूक पर शिक्षकों की सेवा समाप्ति अनुचित

## मुकदमे के निस्तारित होने की तिथि तक याचियों से सेवा लेने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंशकालिक शिक्षकों की सेवा समाप्ति के एक मामले पर विचार करते हुए अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि अपेक्षित योग्यता रखने वाले अंशकालिक शिक्षकों को 15-16 वर्ष की सेवा के बाद सेवा से इस आधार पर बर्खास्त नहीं किया जा सकता कि नगर निगम की ओर से ऐसे शिक्षकों की नियुक्ति में प्रक्रियागत खामियां थीं।

कोर्ट ने आगे कहा कि एक बार जब 1921 के अधिनियम की धारा 7एए के अनुसार याचियों की नियुक्ति की गई थी तो दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन देने जैसी छोटी प्रक्रियात्मक अनियमितता पर ध्यान देना उचित नहीं है। नियुक्ति के संबंध में केवल यह विचार करना आवश्यक है कि याचियों के पास अपेक्षित योग्यता थी और उनका चयन वैध रूप से गठित चयन समिति द्वारा किया गया था या नहीं। कोर्ट ने पाया कि नगर निगम



▶▶ सचिव, लोकायुक्त ने नगर आयुक्त को पत्र जारी कर नए सिरे से नियुक्तियां करने का दिया था आदेश

के प्राधिकारियों की ओर से की गई चूक के लिए याचियों को दंडित नहीं किया जा सकता है।

अतः कोर्ट ने याचियों की नियुक्तियों को रद करने वाले नगर आयुक्त के आदेश को रद करने के साथ ही मामले को उत्तर प्रदेश हाईस्कूल और इंटरमीडिएट कॉलेज अधिनियम, 1971 की धारा 7 एए के अनुसार संबंधित अधिकारी के पास नए सिरे से विचार करने के लिए वापस भेज दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने श्रीमती पूनम शुक्ला व अन्य की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए पारित किया।

दरअसल, नगर निगम, कानपुर द्वारा संचालित मान्यता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त विद्यालयों में 41 याचियों को शिक्षकों की अतिरिक्त आवश्यकता को पूरा करने के लिए नियुक्त किया गया था। नगर निगम द्वारा विज्ञापन जारी किए जाने के बाद अपेक्षित योग्यता के आधार पर नियुक्तियां की गईं और वेतन निर्धारित किया गया। नियुक्त शिक्षकों के खिलाफ कथित शिकायतों के कारण सचिव, लोकायुक्त, उत्तर प्रदेश ने नगर आयुक्त को पत्र जारी कर नए सिरे से नियुक्तियां करने का आदेश दिया। पत्र के अनुपालन में एक विज्ञापन प्रकाशित किया गया, जिसमें याचियों की सेवाएं आगे न बढ़ाने के लिए निर्देश जारी किया गया। उक्त विज्ञापन को याचियों ने चुनौती दी, जिसके सापेक्ष हाईकोर्ट ने विपक्षियों को निर्देश दिया कि मुकदमे के निस्तारित होने की तिथि तक जो याची जीवित हैं उन्हें सेवा में लिया जाए।

# फर्जी अंक पत्र पर नौकरी दिलाने वाले 13 जालसाज गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ एसटीएफ व अलीगढ़ पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन में दबोचा

▶▶ ग्रामीण डाक सेवक की भर्ती में फर्जीवाड़े का मामला

**अमृत विचार :** एसटीएफ और अलीगढ़ पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन में फर्जी अंकपत्र पर ग्रामीण डाक सेवक की नौकरी दिलाने वाले 13 जालसाजों को दबोचा है। पकड़े गये आरोपियों ने फर्जी तरीके से अंकपत्र तैयार कराने के साथ ही सत्यापन भी करा लिया। इसके नाम पर लाखों रुपये की वसूली की। एसटीएफ गिरोह के अन्य सदस्य की तलाश कर रही है।

पकड़े गये आरोपियों ने पूछताछ में कुबूल किया कि साजिद नाम के व्यक्ति से मार्कशीट बनवायी है। जिनका प्रयोग हम ग्रामीण डाक सेवक की भर्ती मे फर्जी तरीके से करते थे। अब शैक्षिक दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है। इसी सिलसिले में हम साजिद व शाकिब से मिलने आए थे। आरोपियों के पास से 22 फर्जी अंकपत्र जिसमें से 21 अंक पत्र बिहार विश्वविद्यालय व 01 अंक पत्र बंगाल विश्वविद्यालय का बरामद हुआ। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 03 कारों को एमवी एक्ट में सीज किया है। आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइंस में रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

**नौकरी दिलाने के नाम पर वसूले थे पांच-पांच लाख रुपये :** एसटीएफ के अधिकारी ने बताया कि सरगना साजिद अली ने कुबूल किया कि ग्रामीण डाक सेवक पद पर पांच-पांच लाख रुपये लेकर भर्ती कराते हैं। आवेदकों के फर्जी अंक पत्र सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ, राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय व बिहार शिक्षा बोर्ड पटना आदि के तैयार करते हैं और उनका ऑनलाइन डेटा भी फीड करते हैं। डाक विभाग के अधिकारी उन अंक पत्रों के सत्यापन में मदद करते हैं, जिसकी ऐवज में एक लाख रुपया प्रति अभ्यर्थी वे लेते हैं। बाकी रकम वे आपस में बांटते हैं। इस गोरखधंधे को काफी समय से करते आ रहे हैं।

### इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

बिजनौर के शहर कोतवाली के बांकपुर का गौरव चौधरी,हलदौर स्थित गंगोडाजट का अभिषेक चौधरी, प्रियांकुल चौधरी, मिर्जापुर महेश उर्फ बांकुर का हेमंत कुमार, मिर्जापुर महेश उर्फ बाहपुर का सुमित चौधरी, मैनपुर के मदारगेट सौतियाना मोहल्ला का अहम मिश्रा, फिरोजाबाद भानूपुरा का विकल यादव, अलीगढ़ अकराबाद का कासिम, संभल के बहजोई स्थित कुरैशियाना का सुहैल, बहजोत देहात का प्रशांत कुमार, गाजियाबाद के सिकरोड़ा का आसिफ, अमरोहा के धरावसी का साजिद अली और हापुड़ के सिंभावली वैट का साकिब शामिल है।

### बीडीए की औद्योगिक टाउनशिप को लेकर उद्यमियों में उत्साह

**बरेली :** बरेली विकास प्राधिकरण ने झुमका चौराहे से कुछ दूरी पर नए बाईपास पर रहपुरा जागीर गांव की भूमि पर बरेली औद्योगिक टाउनशिप बसाने के लिए जमीन की खरीदारी के लिए तैयारी शुरू कर दी है। यह ऐसी पहली औद्योगिक टाउनशिप होगी, जिसे प्राधिकरण बसाने जा रहा है। मंगलवार शाम को बीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि टाउनशिप करीब 250 एकड़ में तैयार करने की योजना है। यहां पर उद्यमियों के लिए सभी सुविधाएं होंगी।

# चारपाई पर सो रहे ग्रामीण की गला रेतकर हत्या

संवाददाता, शाहजहांपुर/कुर्रिया कलां

▶▶ रुपयों के लेनदेन में दो लोगों पर हत्या का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** घर के बाहर पेड़ के नीचे चारपाई पर सो रहे ग्रामीण की कुछ लोगों ने गला रेत कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी तब हुई, जब छोटा भाई खेत की रखवाली करके मंगलवार सुबह घर लौटा।

जानकारी होते ही एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सदर प्रयांक जैन पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे। मृतक के भाई ने रुपयों के लेनदेन में दो लोगों पर रंजिशन हत्या का आरोप लगाया है। मामले की कांट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना कांट की कुर्रिया कलां चौकी क्षेत्र की ग्राम पंचायत कदरदादपुर उर्फ लिलथरा के मजरा यादव गौटिया निवासी मोरपाल यादव (50) सोमवार की रात घर के बाहर पाकड़ के पेड़ के नीचे चारपाई डालकर सो गए। छोटा भाई देशराज रात करीब 10 बजे छुट्टा पशुओं से फसल की रखवाली करने के लिए चला गया था। रात में किसी समय मोरपाल की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे देशराज जब खेत से लौटा तो उसने बड़े भाई को आवाज लगाई लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। पास जाकर देखा तो धारदार हथियार से गला रेते जाने के निशान मिले।

परिजन की सूचनाी पर सुबह 8 बजे कांट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के परिजनों से जानकारी कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं देशराज ने थाना कलान के गांव अभिनि नगरिया निवासी आराम और डुकुरियाई निवासी संजेश पर हत्या की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, बरेली/बिशारतगंज :** बिशारतगंज थाना क्षेत्र में झारखंड की आईडी पर फर्जी आधार कार्ड बनाने और आधार अपडेट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान कस्बा बिशारतगंज निवासी आशीष कुमार मित्तल और सूरज कुमार के रूप में हुई है। दोनों से लंबी पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। बिशारतगंज थानाध्यक्ष सतीश कुमार धीमान ने बताया कि क्षेत्र में लगातार फर्जी आधार कार्ड बनाने की शिकायत मिल रही थी। इसपर टीम ने कस्बा स्थित एक दुकान पर दबिश दी। जहां पर झारखंड की एक आईडी पर अवैध तरीके से आधार कार्ड अपडेट करने और फर्जी आधार कार्ड बनाने का काम चल रहा था। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने जुर्म कुबूल कर लिया।

# पीलीभीत हाईवे : 52 वर्ष पहले अधिग्रहीत जमीन अब भी किसानों के नाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▶▶ जांच के लिए गठित चार सदस्यीय समिति ने दोषी अधिकारी की शुरू की तलाश

**अमृत विचार :** सरकारी दफ्तरों में सितारगंज फोरलेन हाईवे और आउटर रिंग रोड के भूमि अधिग्रहण में हुए 80 करोड़ के घोटाले की गूंज के बीच एक 52 बरस पुराने मामले ने भी अफसरों को चक्कर में डाल दिया है।

नेशनल हाईवे पर बरेली-पीलीभीत रोड के लिए 1972 में बिहारमान नगला में अधिग्रहीत भूमि अमल दरामद न होने की वजह से राजस्व अभिलेखों में अब भी किसानों के नाम दर्ज है। हाल ही में यह मामला विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के पास पहुंचने के बाद तहसील सदर में एक टीम गठित कर 52 साल पुराने रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

चार सदस्यीय टीम का गठन तहसीलदार सदर भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में किया गया है जो यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि किसकी लापरवाही से जमीन का अमल दरामद नहीं हुआ, हालांकि ये जांच अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति की जानकारी में यह मामला तब आया जब जितेंद्र पाल नाम के एक व्यक्ति ने अधिग्रहीत भूमि के कागजात में नाम दर्ज कराने के संबंध में पत्र लिखा। इसके बाद समिति की ओर से 25 जुलाई को इस प्रकरण में सुनवाई की और फिर जिला प्रशासन को एक महीने के अंदर इस पर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।



शारदीय नवरात्र

पशिचम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट में दुर्गा पूजा उत्सव से पहले कारीगर देवी दुर्गा की मूर्ति को अंतिम रूप देते हुए। ● एजेंसी

# महिला की हत्या मामले में पति और देवर को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▶▶ बाइक नहीं मिलने पर ससुरालियों ने महिला को जिंदा जलाया था

**अमृत विचार :** महिला की जिंदा जलाकर हत्या किए जाने के मामले में कोर्ट ने दोष सिद्ध होने पर महिला के पति देव सिंह और देवर रूम सिंह को उम्रकैद और 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

फर्रुखाबाद के थाना शमशाबाद के गांव लतीफपुर सिंकदरपुर निवासी डॉ. संतोष कुशवाहा ने पुवायां थाने में 7 जून 2001 को तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। पीड़ित भाई ने बताया था कि उसने चार वर्ष पहले बहन कुसुमा देवी की शादी पुवायां के गांव नवलपुर निवासी देव सिंह के साथ की थी। दिए गए दहेज से ससुराली संतुष्ट नहीं थे और दहेज में बाइक समेत अन्य मांगों को लेकर कुसुमा को प्रताड़ित करते थे। 27 मई 2001 को उसे सूचना मिली कि बहन को ससुराल वालों ने मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जलाकर मार डाला है।

## उत्तराखंड

# मानसून थमते ही चारधाम यात्रा में उमड़ पड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** चार धाम यात्रा को लेकर यात्रियों में भारी उत्साह है। मानसून थमते ही यात्रा ने फिर रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार को 20,497 श्रद्धालु चार धाम दर्शन को पहुंचे। इनमें केदारनाथ धाम में सर्वाधिक 7350 तीर्थयात्री आए। अभी तक करीब 38 लाख श्रद्धालु चारधाम दर्शन को आ चुके हैं। यात्री पूरे उत्साह और आस्था के साथ बाबा केदार के दर्शन को पहुंच रहे हैं।

मानसून के बाद अब दूसरे चरण की यात्रा जोर पकड़ गई है। अक्टूबर और नवंबर माह में भी यात्रा के लिए बड़ी संख्या में यात्रियों ने पंजीकरण कराया है। 30 सितंबर को हेमकुंड और गोमुख समेत 22 हजार 244 श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर पहुंचे। इनमें केदारनाथ के अलावा बद्रीनाथ में 6811, गंगोत्री 3619, यमुनोत्री 2717, हेमकुंट 1632 और 115 श्रद्धालु गोमुख पहुंचे। इस यात्राकाल में अभी तक कुल 37 लाख 91 हजार 205 यात्री चारधाम दर्शन को आ चुके हैं जबकि बीते वर्ष पूरे यात्राकाल में 56.13 लाख यात्री पहुंचे थे।

इस वर्ष चारधाम यात्रा 17 दिन की देरी से 10 मई से शुरू हुई है, जबकि पिछले वर्ष 23 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही यात्रा का श्रीगणेश हो गया था। तब केदारनाथ के कपाट 25 अप्रैल और बद्रीनाथ धाम के कपाट 27 अप्रैल को खुले थे।



बद्रीनाथ और केदारनाथ मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

▶▶ हर रोज पहुंच रहे 20 हजार से अधिक श्रद्धालु, अभी तक आ चुके 38 लाख तीर्थयात्री

### पहले दिन जिले के केंद्रों पर धान की खरीद रही शून्य

**रुद्रपुर :** ऊधमसिंह नगर में आज से जनपद में धान खरीद शुरू की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। हालांकि पहले दिन किसी भी क्रय केंद्र पर न तो किसान पंजीकरण के लिए पहुंचा और न धान लेकर पहुंचा। इस दौरान क्रय केंद्रों पर संन्नाटा पसरा रहा। सुबह से क्रय केंद्रों पर क्रय केंद्र प्रभारी किसानों का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। वहीं डिप्टी आरएमओ अशोक कुमार ने ऊधमसिंह नगर के कई केंद्रों का निरीक्षण किया।

बता दें कि जनपद में 1 लाख हेक्टेयर पर धान की फसल बोई जाती है, जबकि 1 लाख 30 हजार किसान इस खेती से जुड़े हुए हैं। वहीं इस बार धान खरीद के लिए जनपद में 214 धान क्रय केंद्र खोले गये हैं। इसमें यूसीएफ के 174, खाद्य विभाग के 25 व एनसीसीएफ के 15 धान क्रय केंद्र शामिल हैं।

### चर्चित नर्स हत्याकांड की हो सकती है सीबीआई जांच

**अमृत विचार, रुद्रपुर :** शहर के चर्चित नर्स हत्याकांड में अब एक नया मोड़ आ गया है। प्रोटेस्ट के दौरान उठ रहे सीबीआई जांच के मुद्दे को लेकर पुलिस मुख्यालय गंभीर होने लगा है और रुद्रपुर पुलिस से नर्स हत्याकांड की जांच आख्या रिपोर्ट मांगी है। पुलिस मुख्यालय का आदेश आते ही पुलिस ने भी तत्काल जांच आख्या रिपोर्ट मुख्यालय को भेज दी है। ऐसे में अब यह माना जा रहा है कि नर्स हत्याकांड मामले की अब सीबीआई दोबारा नये सिरे से जांच कर सकती है।

▶▶ पुलिस मुख्यालय ने रुद्रपुर पुलिस से मांगी आख्या

बता दें कि 30 जुलाई को सिविल लाइन स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में कार्यरत नर्स अचानक लापता हो गई थी। 31 जुलाई को लापता की बहन ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 8 अगस्त को यूपी के डिबडिबा गांव स्थित खाली पड़े प्लाट में नर्स की सड़ा-गला शव पुलिस ने बरामद किया। गुमशुदगी को हत्या में तरमीम करते हुए कोतवाली पुलिस ने कुछ दिन की तफ्तीश के बाद बरेली निवासी धर्मेंद्र कुमार को राजस्थान के जोधपुर से गिरफ्तार कर पर्दाफाश किया था। उन्होंने बताया था कि साक्ष्यों के आधार व नर्स के लूटा गया मोबाइल भी बरामद है, लेकिन पुलिस के इस खुलासे से परिवार के लोग असंतुष्ट दिखे। वहीं प्रकरण को लेकर कांग्रेस सहित कई संगठनों ने जमकर बवाल भी काटा था।

### शिव जी की आपत्तिजनक पोस्ट वायरल करने वाला पूर्व सभासद गिरफ्तार

**अमृत विचार, टनकपुर :** सोशल मीडिया में शिव जी की आपत्तिजनक फोटो डालकर सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने व भावनाओं को आहत करने वाले स्थानीय नगरपालिका के पूर्व सभासद हाजी मुकीम खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इधर दोषी को कड़ी सजा देने की मांग को लेकर हिंदूवादी संगठनों से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कोतवाली का घेराव किया और नगर में जुलूस प्रदर्शन कर बाजार बंद कराए।

▶▶ हिंदूवादी संगठनों ने नगर में जुलूस प्रदर्शन के साथ दोषी को कड़ी सजा देने की मांग उठाई

सोशल मीडिया में शिव जी की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने पर टनकपुर ही नहीं चम्पावत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हिंदूवादी संगठनों में आक्रोश है। मंगलवार को टनकपुर में बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद समेत हिंदूवादी व सामाजिक संगठनों के लोगों ने पूर्व सभासद हाजी मुकीम खान के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर जुलूस निकाला।

### मुकेश बोरा को रिमांड पर लेगी पुलिस

**हल्द्वानी :** नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ का अध्यक्ष मुकेश बोरा जेल में बंद है। पुलिस गिरफ्तारी के बाद से उससे सिर्फ एक ही दिन पूछताछ कर पाई है। अब पुलिस एक बार फिर से उसे रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। इन सबके बीच बोरा के अधिवक्ता ने पॉक्सो कोर्ट में जमानत अर्जी लगा दी है। इस मामले में कोर्ट तीन अक्टूबर को सुनवाई करेगी। बोरा के खिलाफ 1 सितंबर को लालकुआं कोतवाली में दुग्ध संघ में काम करने वाली महिला ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था।


**कार्यालय नगर पंचायत नसीराबाद जनपद रायबरेली**

पत्रांक– 530/अधि0अधि0/न0प0न0/ले0वि0/2024–25 दिनांक– 01/10/2024

**निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रदेश के नगर निकायों को स्वायत्तशासित एवं वित्तीय रूप से स्वालम्बी बनाने तथा इनकी कार्य प्रणाली में पारदर्शिता लाने हेतु भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की सभी नगर निकायों में अनिवार्य रूप से एक्रुवल आधारित दोहरी लेखाप्रणाली को लागू करने हेतु कड़े निर्देश दिये हैं।

अत: उक्त के क्रम में नगर पंचायत नसीराबाद में एक्रुवल आधारित दोहरा लेखा प्रणाली के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 हेतु बैलेन्स शीट एवं अन्य अन्तिम खाते तैयार करने हेतु योग्य अनुभवी फील्ड लेवल कंसल्टेंट (चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट) को नियुक्त किये जाने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए इच्छुक चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट फर्मो से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। कार्य विवरण हेतु इच्छुक फर्म नगर पंचायत नसीराबाद से सलाहकारी निर्देश पत्र (टी0आर0ओ0) दिनांक 22/10/2024 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकतें हैं, अथवा विस्तृत जानकारी एवं शर्ते हेतु कार्यालय दिवस में सम्बन्धित विभाग से सम्पर्क कर ले सकतें हैं। कार्य करने हेतु इच्छुक फर्म अपने–अपने तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव अलग–अलग मोहरबन्द लिफाफों में दिनांक 23/10/2024 को अपरान्ह 02 बजे तक नगर पंचायत नसीराबाद में जमा कर सकतें हैं।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत नसीराबाद**
**रायबरेली**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत नसीराबाद**
**रायबरेली**



**कार्यालय अपर जिलाधिकारी / सचिव, देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी**

संख्या : 1839 दे0स0–नीलामी विज्ञापन दिनांक : 30/912024

**नीलामी विज्ञप्ति / सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, देवा मेला–2024 दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 से प्रारम्भ होकर दिनांक 27 अक्टूबर, 2024 तक चलेगा। मेला अवधि में निम्न ठेकों की नीलामी हेतु खुली बोली आमन्त्रित की जाती है, जिसके लिये इच्छुक व्यक्ति नीलामी के समय से पूर्व, कार्यालय देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति (कलेक्ट्रेट परिसर बाराबंकी) में जमानत धनराशि, आधार कार्ड की स्वहस्ताक्षरित प्रति पर नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो चस्पा कर, जमा करने के पश्चात् नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं। नीलामी प्रक्रिया के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | नाम ठेका | तिथि | समय | स्थान | जमानत धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गधा बाजार | 5.10.2024 | अपरान्ह 3:00 बजे | कार्यालय देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, कलेक्ट्रेट परिसर, बाराबंकी। | 2,00,000/– |
| 2 | घोड़ा बाजार | 5.10.2024 | सायं 3:30 बजे | कार्यालय देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, कलेक्ट्रेट परिसर, बाराबंकी। | 2,00,000/– |
| 3 | पशुओं की लोडिंग व अनलोडिंग | 5.10.2024 | सायं 4:00 बजे | कार्यालय देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, कलेक्ट्रेट परिसर, बाराबंकी। | 2,00,000/– |

नियम व शर्ते

1. प्रत्येक बोलीदाता को बोली बोलने से पूर्व निधर्धारित जमानत धनराशि कार्यालय देवा मेला में जमा करना होगा।
2. अधिकतम बोलीदाता को, बोली की 1/4 धनराशि तत्काल नकद (चालान जमा) / एकाउण्ट पेयी चेक जमा करना होगा। शेष 3/4 धनराशि 03 दिवस के अन्दर नकद (चालान जमा) / एकाउण्ट पेयी चेक के माध्यम से अनिवार्य रुप से जमा करना होगा। निर्धारित अवधि में बोली की पूर्ण धनराशि जमा होने के पश्चात् कार्यादेश निर्गत किया जायेगा। यदि निर्धारित अवधि में बोली की पूर्ण धनराशि जमा नहीं की जाती है तो जमा की गयी जमानत राशि जब्त करते हुए पुनः नीलामी करायी जायेगी।
3. अधिकतम बोलीदाता को बोली की पूर्ण धनराशि निर्धारित अवधि में जमा करने, निविदा स्वीकृति एवं कार्यादेश प्राप्ति के पश्चात सफल निविदादाता को रु0. 100/– के नान ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा।
4. प्रत्येक बाजार में व्यापारियों से वसूल किया जाने वाला शुल्क देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार ही वसूल किया जायेगा। ठेकेदार द्वारा निर्धारित दर से अधिक वसूली से सम्बन्धित शिकायत प्राप्त होने तथा जांच में पुष्टि होने पर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। जमा धनराशि जब्त करते हुये भविष्य के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया जायेगा।
5. रसीद का प्रारूप, सचिव देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी द्वारा अनुमोदित होगा, तथा रसीद पर समिति के कार्यालय की मोहर लगाना आवश्यक होगा। ठेकेदार को स्पष्ट अक्षर/अंक में रेट बोर्ड एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं व मोबाइल नम्बर प्रदर्शित करना होगा।
6. कार्यालय देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी के पूर्व वर्षों की नीलामी के बकायेदार को उपरोक्त नीलामियों में भाग/बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा।
7. पशुओं की लोडिंग व अनलोडिंग हेतु रैम्प का निर्माण ठेकेदार को स्वयं करना होगा। 8. ठेकेदार द्वारा शर्तो की अवहेलना किये जाने पर बिना पूर्व सूचना के ठेका निरस्त किया जा सकता है।
9. विस्तृत शर्तो एवं नियमों की जानकारी कार्य दिवसों में कार्यालय देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी से प्राप्त की जा सकती है।
10. विशेष परिस्थितियों में शर्तो एवं नियमों में संशोधन जिलाधिकारी / अध्यक्ष देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी के अनुमोदन से किया जा सकेगा।
11. नीलामी स्वीकृति का अधिकार जिलाधिकारी / अध्यक्ष, देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी में निहित है।
12. किसी विवाद में जिलाधिकारी / अध्यक्ष महोदय, का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।

**(अरुण कुमार सिंह)**
**अपर जिलाधिकारी/सचिव,**
**देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति,**
**बाराबंकी।**

## एक नजर

### 2027 में फिर बनेगी भाजपा सरकार : दिनेश शर्मा

**लखीमपुर खीरी :** पूर्व डिप्टी सीएम एवं राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने भाजपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता में विपक्ष पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष भाजपा से इतना घबराया हुआ है कि वह न तो सनातन धर्म को बख्श रहा है और न ही सन्यासी को। इसका जवाब 2027 के चुनाव में मिलेगा। मंगलवार रात आयोजित कवि सम्मेलन में शामिल होने आए पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि सदस्यता अभियान की समीक्षा में काफी बेहतर प्रगति मिली है। कहा कि भले ही लोकसभा चुनाव में परिणाम बहुत अच्छे न आए हों, लेकिन प्रदेश की जनता इस बार पूर्ण समर्थन देने के लिए आतुर बैठी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष शरद बाजपेई, सदर विधायक योगेश वर्मा, धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, रमेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### रॉयल्टी कहीं की मिट्टी की खोदाई कहीं और

**बरेली :** सदर तहसील क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन की सख्ती के बाद भी खनन का काम रुक नहीं रहा है। मंगलवार को सूचना पर एसडीएम सदर ने खनन अधिकारी के साथ छापेमारी की। टीम को देखकर खनन कर रहे लोग भाग निकले, जबकि एक ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके पर मिली है। प्रशासन ने उसे सीज करा दिया है। मामले में लेखपाल से रिपोर्ट मांगी गई है। एसडीएम सदर गोविंद मौर्य ने बताया कि कई दिनों से रामगंगा किनारे अवैध खनन की सूचनाएं आ रही थीं, लेकिन टीम को मौके पर भेजने पर लोग पहले ही भाग जाते थे। मंगलवार को खनन अधिकारी मनीष के साथ मौके पर छापेमारी की। बताया कि टीम के पहुंचने से पहले ही कई लोग वाहनों को लेकर भाग गए। हालांकि, एक ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके पर मिली। बताया कि जांच में सामने आया कि मिट्टी की खोदाई के लिए रायल्टी दूसरे जगह की थी, जबकि गाटे कहीं और के खोदे गए। दस्तावेज पर ट्रैक्टर का नंबर था, लेकिन मौके पर मिला ट्रैक्टर बिना नंबर का ही था। जिस चालक का नाम दिया गया था, मौके पर वो भी नहीं था। एसडीएम के मुताबिक ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज करा दिया गया है। लेखपाल से मामले में रिपोर्ट मांगी गई है।

# खेत में घास काट रहे ग्रामीण पर बाघ ने किया हमला, मौत

## परिजनों ने किया हंगामा, विधायक के आश्वासन पर हुए शांत

संवाददाता, मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी)



प्रभु दयाल

▶▶ पहले भी बाघ हमला कर दो ग्रामीणों का कर चुका है शिकार

**अमृत विचार :** मोहम्मदी क्षेत्र के गांव नासियाघाट में बाघ ने घास काट रहे एक ग्रामीण पर हमला बोल दिया। ग्रामीण का अधखाया शव गन्ने के खेत में बरामद हुआ है। गुस्साए परिजनों ने मुआवजा समेत अन्य कई मांगों को लेकर हंगामा किया। विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह और वन विभाग समेत अन्य अफसरों ने बमुश्किल समझाकर परिजनों को शांत किया।

गांव शाहपुर राजा निवासी प्रभुदयाल विश्वकर्मा (45) साइकिल से मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे पशुओं के लिए घास लेने पड़ोस के गांव नासियाघाट गया था। वह गन्ने के खेत के सामने घास काट रहा था। इसी बीच खेत में छिपे बैठे बाघ ने उसकी गर्दन दबोच ली और करीब 200 मीटर दूर गन्ने के खेत में खींच ले गया, जहां उसे निवाला बनाया। परिवार वालों ने बताया कि प्रभुदयाल जब काफी देर तक घर वापस नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश करने लगे। मौके पर उसकी साइकिल खड़ी मिली। इधर उधर देखा तो उसकी चप्पलें और हंसिया पड़ा मिला।

वहीं शव गन्ने के खेत में मिला। बाघ के हमले से मौत की खबर से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना पर क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम अवनीश कुमार, रेंजर नरेश पाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने जब शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कोशिश की तो परिजन भड़क गए। वह मुआवजा देने समेत अन्य मांगा करने लगे। विधायक व अफसरों ने उन्हें मांगों के प्रति आश्वस्त किया। तब लोग माने और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बता दें कि इससे पहले भी बाघ हमला कर दो ग्रामीणों को निवाला बना चुका है।

वन्यजीव के गन्ने के खेतों में छुपे होने की संभावना होने पर वन विभाग की टीमें निरंतर गश्त कर रहीं हैं। साथ ही खेतों पर समूह बनाकर जाने की सलाह दी जा रही है। विशेषज्ञों का दल बाघ को ट्रेंकुलाइज करने के लिए पूरे इंतजाम के साथ डटा है।

–संजय कुमार बिश्वाल, प्रभागीय वनाधिकारी

# छोटी काशी के कपिलश फाउंडेशन ने फिर बनाया विश्व कीर्तिमान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ




विश्व रिकॉर्ड घोषित करते द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दुबई के जज समीर सिंह।

▶▶ चार वर्ष पूर्व का अपना रिकॉर्ड तोड़कर पुनः स्थापित किया दुनिया का सबसे लंबा कवि सम्मेलन मुशायरा कराने का कारनामा

**अमृत विचार :** कपिलश फाउंडेशन के बैनर तले एकत्र हुए देश के 14 राज्यों के साहित्यकारों ने मंगलवार को फिर नया इतिहास रच दिया। फाउंडेशन ने अपने चार वर्ष पूर्व 2021 के 128 घंटे वाले विश्व रिकॉर्ड को तोड़कर एक नया कीर्तिमान 150 घंटे का स्थापित कर दिया। इस मौके के कई व्यापारिक और राजनीतिक नेता, वरिष्ठ साहित्यकार साक्षी बने।

विगत 25 सितंबर को नगर के मोहम्मदी रोड स्थित रायल लॉन में शुरू हुए 150 घंटे तक अनवरत चलने वाले कवि सम्मेलन-मुशायरा का मंगलवार को समापन कर दिया गया। इस अवसर पर विश्व रिकॉर्ड दर्ज करने वाली द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दुबई यूएई के जज समीर सिंह और गोल्डन बुक का वर्ल्ड रिकॉर्ड टेक्सास अमेरिका के जज आलोक कुमार ने पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के बाद नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने के प्रमाण पत्र संस्था की अध्यक्ष शिप्रा खरे और संयोजक यतीश चंद्र शुक्ला, श्रीकांत तिवारी कांत और रविसुत शुक्ल को प्रदान किए।

इससे पहले उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल, पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता रवि प्रकाश वर्मा, कांग्रेस नेता सैफ अली खान आयोजन स्थल पर पहुंचे और उन्होंने कार्यक्रम की सराहना की। विश्व रिकॉर्ड का टूटने और नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित होने की खुशियों में उपस्थित साहित्यकारों ने ढोल नगाड़े पर थिरक कर पटाखे फोड़ कर खुशियां मनाई। इस मौके पर संस्था के पर्यवेक्षक प्रोफेसर विशंभर दयाल शुक्ल, पूर्व विधायक विनय तिवारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल, डॉ वेद प्रकाश अग्निहोत्री, अरुणेश मिश्र, श्यामाचरण शर्मा, आर्या शुक्ला, पंकज सिंह दिनकर, राजीव श्रीवास्तव आदि वरिष्ठ साहित्यकार मौजूद रहे।

### वुजूखाने सर्वे को लेकर पूरक हलफनामा दाखिल

**अमृत विचार, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में स्थित कथित वुजूखाने का एएसआई सर्वे कराने के मामले में मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष की ओर से एक वादी लक्ष्मी देवी की सर्वे की मांग वाली याचिका की कॉपी दाखिल करने के लिए याची राखी सिंह की ओर से एक पूरक हलफनामा दाखिल किया गया है। मुस्लिम पक्ष की तरफ से भी जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ के समक्ष हुई और कोर्ट ने मामले को आगामी 22 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

# जन्म के 21 दिन बाद ही कक्षा 5 पास करा दिया

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

**कारनामा**

▶▶ छात्र के पिता ने जिलाधिकारी से मामले की शिकायत की

**अमृत विचार :** हसनपुर तहसील क्षेत्र के एक गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 पास कर चुके छात्र के स्थानांतरण प्रमाण पत्र में लापरवाही बरती गई है। पीड़ित छात्र के पिता ने जिलाधिकारी से मामले की शिकायत की है। साथ ही लापरवाही बरतने वाले शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मामला हसनपुर तहसील क्षेत्र के ब्लॉक गंगेश्वरी के गांव भैंसरोली के प्राथमिक विद्यालय का है। गांव निवासी ब्रज किशोर का बेटा ललित कुमार गांव के ही प्राथमिक विद्यालय का छात्र है। ब्रज किशोर ने बताया कि उसने बेटे का दाखिला 1 अप्रैल 2019 को कक्षा 1 में कराया था। उसके पुत्र ने सत्र 2023-24 में कक्षा 5 उत्तीर्ण कर ली । जब उसने अपने पुत्र का स्थानांतरण प्रमाण पत्र विद्यालय से प्राप्त किया तो स्थानांतरण प्रमाण पत्र में कई लापरवाही की गईं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक की लापरवाही के चलते स्थानांतरण प्रमाण पत्र में धर्म के स्थान पर हिंदी लिख दिया गया। जबकि कक्षा का उल्लेख नहीं किया गया है।

वहीं छात्र की जन्मतिथि 9 जनवरी 2014 है, जबकि छात्र की कक्षा पांच करने की उत्तीर्ण तिथि 30 जनवरी 2014 लिखी गई है। पीड़ित छात्र के पिता ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की है। छात्र के पिता ने कहा कि दोषी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई कर स्थानांतरण प्रमाण पत्र को ठीक कराया जाए।

# कार्यालय भवन का किसी भी अन्य रूप में इस्तेमाल अनुचित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाथरस के विकासपुरी, सासनी मोहल्ले में स्थित बच्चा पार्क में किसी भी तरह के निर्माण पर रोक लगाते हुए कहा कि कार्यालय भवन का किसी भी अन्य रूप में इस्तेमाल न किया जाए। इस संबंध में कोर्ट ने राज्य सरकार व स्थानीय प्रशासन से जवाब मांगा है।

उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने राजीव कुमार शर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामले की अगली सुनवाई आगामी 11 नवंबर 2024 को सुनिश्चित की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि बच्चों के लिए बने कार्यालय को दुकानों में परिवर्तित कर दिया गया है। नई दुकानों का निर्माण किया भी जा रहा है। जिलाधिकारी ने भी बताया है कि कार्यालय को दुकानों में बदलने की अनुमति नहीं दी गई है। इसके बावजूद बच्चा पार्क कार्यालय को दुकानों में तब्दील किया जा रहा है, जिसके कारण वर्तमान जनहित याचिका दाखिल की गई।

# शादी के वादे का उल्लंघन दुष्कर्म नहीं : कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▶▶ परिस्थितियां बदलने पर संबंध बिगड़ने के कारण वादे का उल्लंघन मायने नहीं रखता

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले पर विचार करते हुए कहा कि शादी का हर वादा सहमति से यौन संबंध बनाने के लिए पीड़िता को गुमराह करने के तौर पर किया गया हो, यह जरूरी नहीं है, जब तक यह सिद्ध ना हो जाए कि शादी का ऐसा वादा रिश्ते की शुरुआत से ही आरोपी की ओर से झूठा था।

मौजूदा मामले में शुरुआत में सद्भावना के साथ विवाह का वादा किया गया, लेकिन बाद में परिस्थितियां बदलने पर पक्षकारों के संबंध बिगड़ने के कारण वादे का उल्लंघन हुआ, जो मायने नहीं रखता। वादे के ऐसे उल्लंघन को शारीरिक संबंध स्थापित करने की सहमति प्राप्त करने के लिए गलतफहमी के रूप में नहीं माना जा सकता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की एकलपीठ ने श्रेय गुप्ता की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। वर्तमान मामले में शिकायतकर्ता सक्षम आयु वर्ग से संबंधित है जो ऐसे शारीरिक संबंधों के जोखिम को समझती है, क्योंकि विवाह और विवाह के वादे में बहुत अंतर होता है और वह इस अंतर को समझ पाने में पूर्ण सक्षम है। इसके बावजूद उसने अपने बेटों की उम्र के बराबर याची के साथ शारीरिक संबंध बनाए। ऐसी परिस्थितियों में याची के द्वारा शिकायतकर्ता के पति की मृत्यु के बाद किया गया विवाह का वादा कोई अर्थ नहीं रखता है, क्योंकि महिला खुद अपने पति की लंबी बीमारी और मृत्यु के बाद याची के साथ शारीरिक संबंध बनाने की इच्छुक थी। उसकी आयु याची के साथ विवाह करने के लिए उपयुक्त नहीं थी।

# व्यापारियों की सुविधा को भाजपा ने कई निर्णय लिए

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल।

**अमृत विचार :** जिला सराफा एसोसिएशन का महाअधिवेशन सोमवार रात शहर के नदरई गेट स्थित मैरिज होम में हुआ।

मुख्य अतिथि व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने व्यापारियों की सुविधा के लिए कई बेहतर निर्णय लिए हैं। सरकार के लिए व्यापारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान बनवारी लाल कंछल, एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, एसपी अर्पणा रजत कौशिक, पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, अनिल पूंढीर, कैलाश नाथ अग्रवाल, ललित बौहरा, सतीश गुप्ता ने संबोधित किया। संचालन अखिलेश अग्रवाल ने किया गया।

# सोने के विवाद में सौतेले बेटे की चाकू घोंपकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



▶▶ कमरे में सोने को लेकर हुआ था विवाद, मृतक की पत्नी ने दर्ज कराई नामजद रिपोर्ट

**अमृत विचार :** कमरे में सोने को लेकर हुए मामूली विवाद में एक ग्रामीण ने अपने सौतेले बेटे की चाकू घोंपकर हत्या कर दी और घर से फरार हो गया। पत्नी ने मृतक के सौतेले पिता और भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कराई है। पुलिस हत्यारोपियों की तलाश में जुटी है।

यह घटना अमांपुर थाना क्षेत्र के नगला भवानी गांव में हुई। सोमवार रात 8 बजे अजय (26) खाना खा रहा था। वह पत्नी और बच्चों समेत नीचे कमरे में सोने को कह रहा था। जबकि उसका सौतेले पिता रामबाबू नीचे कमरे में अजय के छोटे भाई रिंकू व उसकी पत्नी के सोने की बात कह रहा था। इसी को लेकर अजय व रामबाबू के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद अजय को उसकी पत्नी सरिता अपने साथ छत ले गई। मगर उससे पहले रामबाबू चाकू लेकर छत पर जा पहुंच। रामबाबू के हाथ में चाकू देख अजय की मां मुन्नी देवी उसे उतारकर नीचे ले गई। इसके कुछ देर बाद रामबाबू फिर चाकू लेकर अजय के छोटे भाई रिंकू के साथ दोबारा छत पर जा धमका। वहां जाकर अजय के पेट में घोंप दिया, जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया। उसकी पत्नी सरिता के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंच गए। घायल अजय को आनन-फानन में अमांपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया।

इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम को भी बुला लिया गया। छानबीन के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पत्नी सरिता की तहरीर पर पुलिस ने मृतक के सौतेले पिता रामबाबू और सगे छोटे भाई रिंकू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं। पुलिस हत्यारोपियों की तलाश में जुटी है।

# बच्ची से शिक्षक ने किया दुष्कर्म का प्रयास

संवाददाता, भीरा (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार :** चार वर्ष की बच्ची को ट्यूशन पढ़ाने आए शिक्षक ने उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की। बच्ची के चीखने-चिल्लाने पर परिवार के लोगों को आता देख आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना सोमवार शाम 5 बजे की है। थाना क्षेत्र का सुनील मिश्रा बच्ची को ट्यूशन पढ़ाने आया था। परिवार वालों ने बताया कि आरोपी ने कुछ देर तक तो बच्ची को पढ़ाया। बाद में मौका पाकर बच्ची को बगल के कमरे में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। बच्ची जब रोने लगी और उसने शोर मचाया तो परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों को आते देख आरोपी बच्ची को छोड़कर मौके से भाग निकला। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा ने बताया पीड़ित परिवार की तरफ से तहरीर मिली है जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

# ट्रक से टकराई बाइक दो दोस्तों की मौत

**अमृत विचार, अमरोहा :** ट्रक में पीछे से घुसी तेज रफ्तार बाइक पर सवार दो युवकों बिजनौर निवासी मोहम्मद जैद (20) और नदीम (22) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले दोनों युवक दोस्त थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं तहरीर के आधार पर ट्रक के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। हादसा सोमवार रात थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव पीलाकुंड के पास हुआ।

## वर्ग पहेली-209

**बाएं से दाएं**

2. जंगली भैंसा, वन्य पशु।
4. 1. हित या भलाई के विचार से किया गया कथन, हितवचन 2. वह विचारधारा जो हित
6. 1. यक्ष की स्त्री 2. यक्षिणी 3. दुर्गा की एक अनुचरी।
7. पान बेचने वाला व्यक्ति, पनवाड़ी, बरई, तंबोली।

**ऊपर से नीचे**

1. किसी विषय पर एक राय रखने वाले, समान विचार वाले, सहमत।
2. सूर्योदय के पहले का समय जब आसमान में लाली छा जाती है, उषाकाल, भोर, तड़का।
3. हस्तिनापुर का एक नाम।
4. 1. हिफ़ाज़त संबंधी 2. हिफ़ाज़त या रक्षा करने वाला।
5. 1. गहरा, बेहद करीबी, अंतरंग (मित्र) 2. जिगर संबंधी, जिगर का 3. हार्दिक, दिली 4. अभिन्न, घनिष्ठ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | | 3 |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| 4 | | | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 5 |
| 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | 7 | | |

### वर्ग पहेली -208 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बो | ■ | ■ | 2 अ | ■ | 3 ना |
| ड़ा | ■ | 4 अ | भि | रा | म |
| ■ | ■ | ■ | वं | ■ | ची |
| 5 ऐ | ■ | ■ | चि | ■ | न |
| 6 त | बी | य | त | ■ | ■ |
| बा | ■ | ■ | ■ | ■ | 7 छौं |
| 8 र | हा | ई | ■ | ■ | टा |

## सुडोकू-122

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 1 | | 5 | 6 | | | 8 |
| 3 | | | | | 2 | | 4 | |
| | | 8 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 9 | | 1 | | 2 |
| | 6 | 3 | | | | 7 | 8 | |
| 1 | | 2 | | 3 | | | | 5 |
| | | 4 | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | | | | 6 |
| 6 | | | 7 | 4 | | 8 | 2 | |

### सुडोकू - 121 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 7 |
| 8 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 4 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 3 अक्टूबर 00.18 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 12.23 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** – आज आप उत्सव के मूड में रहेंगे। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का तनाव कम होगा। भविष्य की योजनाओं में आप निवेश कर सकते हैं। नए लक्ष्यों को निर्धारित करेंगे और उसमें काम भी करेंगे।

**वृष** – आज परिजनों का व्यवहार आपको खराब लग सकता है। इसके बावजूद भी आप लोगों का मनोबल बढ़ाने में काफी मदद कर सकते हैं। करियर को लेकर बड़े निर्णय लेने से बचें। फिर नकारात्मक विचारों में मन में न आने दें।

**मिथुन** – आज व्यवसाय में धीमेपन को लेकर थोड़ा चिंतित हो सकते हैं। माता-पिता से सलाह लेकर काम करना उत्तम होगा। बोलचाल के दौरान भाषा की मर्यादा का ध्यान रखें। अनावश्यक बोलने के कारण मजाक का पात्र बन सकते हैं।

**कर्क** – आज कई दिनों से जिस मामले को लेकर अनिर्णय की स्थिति में थे, उसको लेकर निष्कर्ष में पहुंच सकते हैं। कारोबार में आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकार बढ़ेंगे। मानसिक तनाव में कमी आएगी।

**सिंह** – आज किसी आवश्यक कार्य के पूर्ण न होने से आप क्रोधित हो सकते हैं। धन उधार लेना आपको महंगा पड़ सकता है। अधिकारी वर्ग को आपके काफी अपेक्षा होगी। कारोबार को लेकर आपका अनुमान पूरी तरह से गलत सिद्ध हो सकता है।

**कन्या** – आज दैनिक दिनचर्या काफी उलझी हुई सी प्रतीत होगी। स्वास्थ्य को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। जीवनसाथी आपके प्रति समर्पित भाव रखेगा। कोई उलझा हुआ मामला सुलझ सकता है। मित्रों से शुभ सूचना मिल सकती है।

**तुला** – आज लोग आपके सही कार्यों का भी विरोध करेंगे। मित्रों के प्रति अविश्वास उत्पन्न हो सकता है। किसी पर भी ज्यादा भरोसा करना घातक हो सकता है। यदि किसी प्रोग्राम का आयोजन कर रहे हैं तो बहुत ज्यादा सावधानी रखें।

**वृश्चिक** – आज रुके कार्यों में गति आएगी। भावनात्मक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों अपनी कूटनीति से विरोधियों को पस्त कर देंगे। छात्र नए विषयों के अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नए अनुभव मिलेंगे।

**धनु** – आज जॉब में काम का दबाव अधिक रहेगा। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे। आपके ऊपर सामाजिक उत्तरदायित्व बढ़ने वाला है। व्यवसाय में पारदर्शिता रखें। आपको जो काम सोच रहे थे वो समय से पूरा हो जाएगा।

**मकर** – आज अपनी दिनचर्या में योग और व्यायाम को शामिल करें। आय के नए साधन तलाशने का प्रयास करेंगे। नए व्यापार की योजना बना सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस लौटाने का दबाव बन सकता है। अपने अंतर्मन की आवाज को अनसुना न करें।

**कुंभ** – आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में आप योगदान दे सकते हैं। व्यवसाय में फाइनेंस को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। ऑफिस में जूनियर्स की बातों से मन व्यथित होगा।

**मीन** – आज व्यापार में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। पार्टनर्स के व्यवहार को लेकर जो समस्या थी उसे चर्चा द्वारा दूर कर लेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से शानदार सहयोग मिलेगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
संसार – सुबह : 09.08
सोच न था – रात : 07.19

**&pictures**
केदारनाथ – सुबह : 11.19
गदर – रात : 07.30

**Sony Pix**
वेनम – सुबह : 10.17
द डार्क नाइट – रात : 09.00

**Zee Cinema**
हम साथ साथ हैं – दोपहर : 01.09
हीरो हिन्दुस्तानी – रात : 10.30

**Colors Cineplex**
स्पाइडर मैन 2 – सुबह : 11.03
टाइगर नागेश्वर राव – रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली- तुम्हारी उम्र क्या है?
हाथी -पांच साल
बिल्ली-लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो!
हाथी-आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली- 25 साल
हाथी- लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली- झंडू केसरी जीवन, बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला- मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति- बस एक
बीवी- हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 84,266.29 | 25,796.90 |
| गिरावट | 33.49 | 13.95 |
| प्रतिशत में | 0.04 | 0.05 |



## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
| --- | --- |
| सोसोना स्टैंडर्ड | 77,750 |
| सोना रवा | 77,900 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,300 |
| चांदी (999) | 92,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# मुनाफाखोरी पर रोक से जुड़े उपबंध खत्म करेगी सरकार

## जीएसटी मुनाफा रोधी व्यवस्था एक अप्रैल 2025 से नहीं रहेगी प्रभावी

- जीएसटी दर में कटौती का लाभ नहीं देने वाली कंपनियों की शिकायत दर्ज नहीं कर पाएंगे उपभोक्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

जीएसटी मुनाफा-रोधी व्यवस्था एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी नहीं रहेगी। सरकार ने जीएसटी कानून में मुनाफाखोरी पर रोक से जुड़े उपबंध खत्म करने को अधिसूचित की है। अधिसूचना का मतलब है कि उपभोक्ता एक अप्रैल, 2025 से जीएसटी दर में कटौती का लाभ नहीं देने वाली कंपनियों के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं कर पाएंगे।

सरकार के जीएसटी नीति प्रकोष्ठ ने एक और अधिसूचना में कहा कि साथ ही एक अक्टूबर से मुनाफाखोरी-रोधी प्रावधानों के तहत सभी लंबित शिकायतों का भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के बजाय जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) की प्रधान पीठ निपटान करेगी। ये अधिसूचनाएं जीएसटी परिषद की सिफारिशों के अनुरूप हैं। परिषद ने 22 जून को 53वीं बैठक में मुनाफाखोरी-रोधी उपबंध खत्म करने तथा मुनाफाखोरी-रोधी मामले जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की प्रधान पीठ द्वारा देखने के लिए केंद्रीय जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 171 और धारा 109 में संशोधन करने की सिफारिश की थी।

### सकल जीएसटी संग्रह 6.5% बढ़कर 1.73 लाख करोड़

नई दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का सितंबर महीने में सकल संग्रह सालाना आधार पर 6.5% बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले साल की समान अवधि में सकल जीएसटी संग्रह 1.63 लाख करोड़ रहा था। अगस्त, 2024 में जीएसटी संग्रह 1.75 लाख करोड़ था। सितंबर में घरेलू कर राजस्व 5.9% बढ़कर 1.27 लाख करोड़ हो गया। वहीं माल के आयात से प्राप्त राजस्व 8% बढ़कर 45,390 करोड़ हो गया। आलोच्य अवधि में जीएसटी विभाग की तरफ से 20,458 करोड़ के रिफंड जारी किए गए जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 31% अधिक है। रिफंड को समायोजित करने के बाद सितंबर में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.53 लाख करोड़ रहा। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.9% अधिक है।

# ईटीएफ : निवेश का लचीला और विविधीकृत विकल्प

ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) एक प्रकार का वित्तीय उत्पाद है जो स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड करता है। यह निवेशकों को स्टॉक्स, बॉण्डस, या कमोडिटीज के मिश्रण में निवेश करने का अवसर देता है, जिससे वे एक विविधीकृत पोर्टफोलियो बना सकते हैं। ईटीएफ की खासियत यह है कि इसे स्टॉक की तरह किसी भी समय खरीदा और बेचा जा सकता है। इसके साथ ही, यह म्यूचुअल फंड्स की तुलना में कम लागत और अधिक पारदर्शिता प्रदान करता है। हालांकि, ईटीएफ में बाजार जोखिम और ट्रैकिंग एरर जैसे जोखिम होते हैं, जिनका ध्यान निवेशकों को रखना चाहिए। आइये इसके कुछ मुख्य बिन्दुओं पर गौर किया जाए ...

### प्रकार

- **इक्विटी :** ये स्टॉक्स या शेयरों में निवेश करते हैं। इन्हें बाजार के किसी इंडेक्स जैसे निफ्टी या सेंसेक्स के आधार पर डिजाइन किया जाता है।
- **बॉण्ड :** ये सरकारी या कॉर्पोरेट बॉण्ड में निवेश करते हैं।
- **कमोडिटी :** इनका निवेश किसी विशेष कमोडिटी जैसे गोल्ड, सिल्वर या अन्य धातुओं में होता है।
- **अंतर्राष्ट्रीय :** ये किसी दूसरे देश के शेयरों या इंडेक्स में निवेश करते हैं।

### निवेश के फायदे

- **लिक्विडिटी :** आप इसे बाजार के कामकाजी घंटों के दौरान कभी भी खरीद और बेच सकते हैं।
- **कम लागत :** ईटीएफ में मैनेजमेंट फीस अक्सर म्यूचुअल फंड्स से कम होती है।
- **विविधता :** एक ही ईटीएफ में विभिन्न प्रकार के स्टॉक्स, बॉन्ड्स या कमोडिटी में निवेश किया जा सकता है, जिससे जोखिम कम होता है।



### जोखिम

- **बाजार :** ईटीएफ बाजार में मौजूद कई एसेट्स (स्टॉक्स, बॉण्ड्स, कमोडिटीज़) के प्रदर्शन पर निर्भर होते हैं। अगर बाजार में गिरावट होती है, तो ईटीएफ में भी गिरावट आ सकती है।
- **ट्रैकिंग एरर :** ईटीएफ का उद्देश्य किसी विशेष इंडेक्स या एसेट क्लास को ट्रैक करना होता है, लेकिन कई बार ईटीएफ इंडेक्स से मेल नहीं खा पाता। इसे ट्रैकिंग एरर कहा जाता है। यह इंडेक्स और ईटीएफ में अंतर पैदा करता है।
- **कम लिक्विडिटी :** कुछ ईटीएफ, विशेष रूप से छोटे या कम लोकप्रिय ईटीएफ, में लिक्विडिटी की कमी होती है। इसका मतलब उन्हें आसानी से खरीदा या बेचा नहीं जा सकता, और ऐसे में आपको वांछित मूल्य पर बिक्री या खरीदने में कठिनाई हो सकती है।
- **कॉन्ट्रैक्ट :** कुछ ईटीएफ (जो डेरिवेटिव्स का प्रयोग करते हैं) में जोखिम होता है कि अगर कोई तीसरा पक्ष अपने अनुबंध को पूरा नहीं कर पाता है, तो ईटीएफ प्रभावित होता है।
- **कर :** कुछ देशों में ईटीएफ से होने वाले लाभ पर टैक्स अलग है, जो निवेशकों के लिए जोखिम हो सकता है।
- **कमोडिटी :** किसी ईटीएफ का आधार कमोडिटी (जैसे सोना या तेल) है, तो इसका मूल्य उनकी कीमतों में उतार-चढ़ाव पर बदल सकता है।
- **मुद्रा :** यदि ईटीएफ विदेशी एसेट या मार्केट्स में निवेश करता है, तो इस पर मुद्रा विनिमय दरों में बदलाव का असर पड़ता है।

## 13 कंपनियों ने आईपीओ की सेबी से मांगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में जारी तेजी के बीच कंपनियां कोष जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की होड़ में हैं। सेबी से एक ही दिन में 13 कंपनियों ने आईपीओ की मंजूरी मांगी हैं। अगर मंजूरी मिली तो ये 8,000 करोड़ जुटाएंगी। विक्रम सोलर, आदित्य इन्फोटेक, वरिंदरा कंस्ट्रक्शंस, अजाक्स इंजीनियरिंग, राही इंफ्राटेक, विक्रान इंजीनियरिंग, मिडवेस्ट, विनी कॉरपोरेशन, सम्भव स्टील ट्यूब्स, जारो इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड रिसर्च, ऑल टाइम प्लास्टिक्स लि., स्कोडा ट्यूब्स और डेव एक्सेलरेटर ने आवेदन किया हैं।

## मौद्रिक नीति समिति का सरकार ने किया पुनर्गठन

- राम सिंह, सौगत भट्टाचार्य, नागेश कुमार बाहरी सदस्य नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने नीतिगत दर तय करने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का मंगलवार को पुनर्गठन किया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि राम सिंह, सौगत भट्टाचार्य और नागेश कुमार को एमपीसी का नया बाहरी सदस्य बनाया गया है। सरकार ने रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत मौद्रिक नीति समिति के पुनर्गठन को अधिसूचित किया है। पुनर्गठन के तहत दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स के निदेशक प्रो. राम सिंह, अर्थशास्त्री सौगत भट्टाचार्य और नई दिल्ली स्थित औद्योगिक विकास अध्ययन संस्थान के निदेशक और मुख्य कार्यपालक डॉ. नागेश कुमार इसके बाह्य सदस्य हैं। एमपीसी के प्रमुख भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर हैं। समिति की पहली बैठक सात से नौ अक्टूबर को होनी है। गवर्नर दास नौ अक्टूबर को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा करेंगे।

## क्लस्टर विकास का दृष्टिकोण अपनाएं : वित्तमंत्री

ईटानगर, एजेंसी



- अरुणाचल प्रदेश की सरकार को सीतारमण ने दी सलाह

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश की सरकार को सलाह दी कि वह राज्य में सूक्ष्म व लघु उद्यमों (एमएसई) की उत्पादकता तथा प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के साथ क्षमता निर्माण के लिए क्लस्टर विकास दृष्टिकोण को अपनाए। भारतीय स्टेट बैंक के ऋण पहुंच कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अरुणाचल में आज तक एमएसएमई मंत्रालय द्वारा घोषित औद्योगिक क्लस्टर (संकुल) नहीं है।

वित्त मंत्री ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री पेमा खांडू से अनुरोध करती हूं कि वे राज्य में 20 जीआई-चिह्नित उत्पादों के लिए क्लस्टर विकास का दृष्टिकोण अपनाएं। छोटे स्थानों पर ऐसे क्लस्टर, मंत्रालय द्वारा घोषित किए जा सकते हैं और ऐसे उद्यमों को वित्तपोषित करने को भारतीय लघु औद्योगिक विकास बैंक को जोड़ा जा सकता है। सीतारमण ने कहा कि ऋण पहुंच कार्यक्रम के जरिये पीएम स्वनिधि, स्टैंड-अप इंडिया, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मुद्रा, एनआरएलएम-एसएचजी, पीएम सूर्य घर और पीएमईजीपी जैसी योजनाएं शुरू हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बैंक ऋण के जरिये लाभ पहुंचाने के लिए 17 योजनाएं शुरू की हैं, जिनके लिए गारंटी की जरूरत नहीं है।

### क्या है क्लस्टर

क्लस्टर उद्यमों का समूह है जो जहां तक संभव हो समीपस्थ क्षेत्र में स्थित होते हैं। यह एक समान तथा समान उत्पादों व सेवाओं का उत्पादन करता है। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने एमएसई को अधिक प्रतिस्पर्धी और उत्पादक बनाने में मदद करने के लिए क्लस्टर विकास दृष्टिकोण अपनाया है। इसमें एमएसई की वृद्धि तथा स्थिरता का समर्थन करने के लिए सामान्य सुविधा केंद्र स्थापित करना शामिल है।

## खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में मामूली बढ़कर 2.44% पर

**नई दिल्ली।** औद्योगिक कर्मचारियों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में मामूली बढ़कर 2.44% रही। इससे पिछले महीने जुलाई में यह 2.15% थी। श्रम मंत्रालय के अनुसार, अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-औद्योगिक श्रमिक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) इस साल अगस्त में 0.1 अंक घटकर 142.6 अंक रहा। इस साल जुलाई में सीपीआई-आईडब्ल्यू 142.7 था।

इसमें कहा गया है कि मुद्रास्फीति अगस्त, 2024 में सालाना आधार पर 2.44% रही, जबकि अगस्त, 2023 में यह 6.91 प्रतिशत थी। श्रम और रोजगार मंत्रालय का संबद्ध कार्यालय श्रम ब्यूरो देश के औद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण 88 केंद्रों में फैले 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा कीमतों के आधार पर हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संकलित करता है।



## एक नजर

### टाइटलर की याचिका पर 29 नवंबर को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह जगदीश टाइटलर की उस याचिका पर 29 नवंबर को सुनवाई करेगा जिसमें कांग्रेस नेता ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान उत्तरी दिल्ली के पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या से संबंधित एक मामले में उनके खिलाफ हत्या और अन्य अपराधों के लिए आरोप तय किए जाने को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने मामले की संक्षिप्त सुनवाई के बाद टाइटलर के अधिवक्ता से कुछ गवाहों के बयान फाइल करने को कहा जो रिकॉर्ड में नहीं हैं।

### बाढ़ प्रभावित 14 राज्यों को 5,858 करोड़ रुपये जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य आपदा मोचन कोष से 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को 5,858.60 करोड़ जारी किए हैं। महाराष्ट्र को 1,492, आंध्र प्रदेश को 1,036, असम को 716, बिहार को 655.60, गुजरात को 600, हिमाचल को 189.20, केरल को 145.60, मणिपुर को 50, मिजोरम को 21.60, नागालैंड को 19.20, सिक्किम को 23.60, तेलंगाना को 416.80, त्रिपुरा को 25 और प. बंगाल को 468 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

### राम रहीम को मिली 20 दिन की पैरोल

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को 20 दिन की पैरोल दे दी है। इस अवधि में उस पर चुनावी गतिविधियों में भाग लेने तथा हरियाणा में प्रवेश पर रोक होगी। राम रहीम ने विधानसभा चुनाव से पहले पैरोल की अर्जी दी थी। आचार संहिता लागू होने से पैरोल अर्जी चुनाव विभाग को भेजा गया था। डेरा प्रमुख ने कहा था कि पैरोल मिलने पर वह उत्तर प्रदेश के बागपत में रहने का इच्छुक है। कोर्ट ने सिंह को दो शिष्याओं से दुष्कर्म का दोषी करार देते हुए जेल की सजा सुनाई थी।

# कांग्रेस की नसों में है भ्रष्टाचार : मोदी

## हरियाणा की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री बोले-यह दलालों और दामादों की पार्टी

पलवल (हरियाणा), एजेंसी

- कहा-बापू-बेटे की राजनीति का मोहरा नहीं बनेंगे यहां के दलित



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस की हरियाणा इकाई में कलह होने का दावा करते हुए कहा कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी से सबसे अधिक नाराजगी राज्य के दलित, पिछड़े और वंचित समाज की है और वे बापू-बेटे (हुड्डा परिवार) की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे। मोदी ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस की नस-नस में भ्रष्टाचार दौड़ता है और यह दलालों व दामादों की पार्टी बन गई है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस के भीतर जो कलह मची है, उसे भी यहां के लोग देख रहे हैं। कांग्रेस से सबसे अधिक नाराजगी तो दलित, पिछड़े, वंचित समाज की है। दलित समाज ने भी ठान लिया है कि वो बापू-बेटे की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान किसी का नाम नहीं लिया लेकिन उनका इशारा स्पष्ट तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे दीपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर था। कांग्रेस से दलितों की नाराजगी का उनका इशारा विपक्षी पार्टी की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा से था। मोदी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने झूठ का प्रयोग किया था और अब हरियाणा में वह उसी का विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को लगता है कि उसका अपना वोटबैंक तो पक्का है। साथ ही वो सोचती है कि लड़ेंगे और बंटेंगे वो लोग जो भारत से प्रेम करते हैं। हमें कांग्रेस की इस सोच और साजिश को कभी भी सफल नहीं होने देना है।

### खर्ची-पर्ची की व्यवस्था फिर लाना चाहती है कांग्रेस

प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने करीब 1.5 लाख सरकारी नौकरियां दीं और वो भी बिना 'खर्ची-पर्ची' के, साथ ही हजारों कर्मचारियों को पक्का किया। उन्होंने कहा कि लेकिन अब कांग्रेस वाले फिर वही 'खर्ची-पर्ची' व्यवस्था हरियाणा में वापस लाना चाहते हैं और आप पर थोपना चाहते हैं। कहा कि उनकी सरकार बनने के दूर-दूर तक आसार नजर नहीं आ रहे हैं। लेकिन लूट-खसोट का बंटवारा अभी से हो गया है। ये है कांग्रेस की सच्चाई।

# सोनम हिरासत में, बेमियादी अनशन शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी



- लद्दाख को छठी अनुसूची में दर्जा देने की मांग पर दिल्ली में कर रहे थे मार्च

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और दिल्ली सीमा पर हिरासत में लिए अन्य लोगों ने मंगलवार को उन पुलिस थानों पर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दी जहां उन्हें रखा गया। इनको उस समय हिरासत में लिया गया जब वे लद्दाख को छठी अनुसूची में दर्जा देने की मांग को लेकर दिल्ली की ओर मार्च कर रहे थे।

सोनम लेह से शुरू हुई दिल्ली चलो पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे है। उन्हें और लद्दाख के 120 लोगों को सोमवार रात हिरासत में लिया गया। पदयात्रा का आयोजन लेह एपेक्स बॉडी ने किया था, जो करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ चार साल से लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और इसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने, लद्दाख को लोक सेवा आयोग के साथ शीघ्र भर्ती शुरू करने और लेह एवं करगिल जिलों को अलग लोकसभा सीट की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है। पुलिस के अनुसार, वांगचुक व अन्य को निषेधाज्ञा के उल्लंघन में हिरासत में लिया गया और उन्हें बवाना, नरेला औद्योगिक क्षेत्र और अलीपुर सहित कई थानों में ले जाया गया। वहीं, सोनम वांगचुक की हिरासत के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में दायर याचिका पर मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने तीन अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

### वांगचुक की हिरासत अलोकतांत्रिक : विपक्ष

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने सोनम वांगचुक को हिरासत में लिए जाने की आलोचना करते हुए कहा कि इस अलोकतांत्रिक कार्रवाई को स्वीकार नहीं किया जा सकता। राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि संवैधानिक अधिकारों के लिए शांतिपूर्वक मार्च कर रहे सोनम को हिरासत में लिया जाना अस्वीकार्य है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर मोदी सरकार ने यह कायरतापूर्ण कार्रवाई की है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सोनम वांगचुक की यात्रा को बाधित करके कुछ हासिल नहीं कर सकती। आप नेता अरविंद केजरीवाल ने कहा कि निहत्थे लोगों से आखिर क्या डर है? दिल्ली आने से कभी किसानों तो कभी लद्दाख के लोगों को रोकते हैं। क्या दिल्ली किसी की बपौती है?

## सावरकर पर टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी को समन जारी

मुंबई,एजेंसी

- नासिक की अदालत ने मानहानि के मामले पर की सुनवाई

महाराष्ट्र के नासिक जिले की एक अदालत ने हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि के मामले में उन्हें समन जारी किया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नासिक, दीपाली परिमल केडुस्कर ने 27 सितंबर को गांधी को इस संबंध में एक नोटिस जारी किया, जिसमें कहा गया है कि एक देशभक्त व्यक्ति के खिलाफ दिया गया बयान प्रथम दृष्टया अपमानजनक प्रतीत होता है। गांधी को मामले की अगली तारीख पर व्यक्तिगत रूप से या अपने कानूनी प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होना होगा, जिस पर अभी निर्णय होना बाकी है। शिकायतकर्ता एक गैर सरकारी संगठन के निदेशक हैं। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उन्होंने हिंगोली में गांधी द्वारा संबोधित सम्मेलन और 2022 में दिए गए भाषण को सुना और देखा है।

## लड्डू मामले की जांच एसआईटी ने रोकी

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के डीजीपी द्वारका तिरुमाला राव ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने लड्डू में पशु वसा के कथित मिलावट की जांच अस्थायी रूप से रोक दी है, क्योंकि मामला सुप्रीम कोर्ट में है। राव ने कहा कि दो दिनों में एसआईटी ने खरीद और नमूनाकरण प्रक्रियाओं की जांच की है तथा यह समझने की कोशिश की है कि लड्डुओं में मिलावट कैसे संभव है। सबसे पहले एसआईटी को प्रक्रिया समझना, उसका अध्ययन करना होगा और सारी जानकारी लेनी होगी, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट आदेश के अनुरूप जांच को रोक दिया है।

## सिद्धारमैया ने धनशोधन के मामले पर सवाल उठाए

बेंगलुरु, एजेंसी

- बोले- एमयूडीए में इसके प्रावधान लागू नहीं होते, किस आधार पर ईडी ने किया मामला दर्ज



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को ईडी के धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने पर सवाल उठाया और कहा कि मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले में इसके प्रावधान लागू नहीं होते। सिद्धारमैया ने कहा कि मुझे नहीं पता कि यह किस आधार पर धन शोधन का मामला है।

संभवतः आपको भी ऐसा ही लगता होगा। मेरे हिसाब से, यह धन शोधन का मामला नहीं बनता क्योंकि ली गई जमीन के बदले में भूखंड दिया गया था, तो यह धन शोधन का मामला कैसे है? सोमवार को ईडी ने सिद्धारमैया के खिलाफ एमयूडीए की ओर से उनकी पत्नी को 14 भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर मामला दर्ज किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस्तीफा देने की जरूरत नहीं है। सिद्धारमैया की पत्नी ने सोमवार को एमयूडीए को पत्र लिखकर 14 भूखंडों का स्वामित्व और कब्जा छोड़ने की पेशकश की और कहा कि उनके लिए कोई भी भूखंड उनके पति और मानसिक शांति से बढ़कर नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोई किसी चीज को छोड़ने का फैसला करता है कि वह विवाद नहीं चाहता, तो यह अपराध या कबूलनामा कैसे हो सकता है?

### लोकायुक्त पुलिस ने भूमि का किया सर्वेक्षण

**मैसूरु।** भूखंड आवंटन की जांच कर रही लोकायुक्त पुलिस की टीम ने मंगलवार को उस भूमि का सर्वेक्षण किया, जिसके बदले में 14 भूखंड अवैध रूप से सिद्धारमैया की पत्नी को आवंटित हुए थे। भूमि सर्वेक्षण के दौरान विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी, सर्वेक्षक और एमयूडीए के नगर नियोजन सदस्य भी लोकायुक्त टीम के साथ थे।

## आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर कोर्ट नाराज

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न कांड की जांच के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाने पर मंगलवार को एसआईटी से नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि पुलिस, जो आरोपियों को पकड़ने के लिए किसी हद तक चली जाती है, वे मामले में ऐसा करने में असमर्थ कैसे है। ठाणे जिले में बदलापुर के स्कूल में चार और पांच साल की दो बच्चियों का एक पुरुष कर्मचारी ने यौन उत्पीड़न किया था। आरोपी अक्षय शिंदे घटना के बाद गिरफ्तार हुआ था और 23 सितंबर को मुठभेड़ में वह मारा गया।

## मां की हत्या कर अंग खाने के दोषी की मौत की सजा बरकरार

मुंबई, एजेंसी

- बंबई हाईकोर्ट ने कहा- ये नरभक्षी है, उम्रकैद दी तो ये यही करेगा

बंबई हाईकोर्ट ने 2017 में मां की हत्या कर अंगों को कथित तौर पर खाने को लेकर कोल्हापुर की अदालत द्वारा दोषी को दी मौत की सजा मंगलवार बरकरार रखी। कोर्ट ने कहा कि यह नरभक्षी है, सुधरने वाला नहीं, अगर उम्रकैद दी तो ये यही करेगा।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि दोषी सुनील कुचकोरवी की फांसी की सजा बरकरार रखी जाती है। दोषी में सुधार की संभावना नहीं है। यह मामला दुर्लभतम श्रेणी का है। दोषी ने न केवल मां की हत्या की, बल्कि उसने उसके शरीर के अंगों - मस्तिष्क, हृदय, यकृत, गुर्दे, आंत को निकाल लिया और उन्हें बर्तन में पका रहा था। उसने उसकी पसलियां पकाई थीं और उसका हृदय पकाने वाला था। पीठ ने कहा कि अगर उसे उम्रकैद दी जाती है, तो वह जेल में भी इसी तरह का अपराध कर सकता है।

## पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

- पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले में कार्रवाई

**कोलकाता।** सीबीआई ने मंगलवार को प. बंगाल में प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक भर्ती में कथित अनियमितताओं में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों ने कहा कि सीबीआई के साथ-साथ ईडी भी कथित शिक्षक भर्ती अनियमितताओं की भी जांच कर रहा है। गिरफ्तार चटर्जी को सोमवार रात अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ईडी ने 22 जुलाई, 2022 को कथित शिक्षक भर्ती घोटाले में चटर्जी को उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के साथ 27 जुलाई को गिरफ्तार किया था और अर्पिता के टॉलीगंज तथा बेलघरिया स्थित दो आवासों से 50 करोड़ रुपये जब्त किए थे। पूर्व शिक्षा मंत्री को 2022 में एसएससी शिक्षक भर्ती में अनियमितता के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## हरियाणा में दुष्यंत और चंद्रशेखर के वाहन पर पथराव, मामला दर्ज

जींद (हरियाणा), एजेंसी

जींद जिले के उचाना विधानसभा क्षेत्र में बीती रात को चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और उत्तर प्रदेश के सांसद चंद्रशेखर आजाद की गाड़ी पर अज्ञात लोगों ने पथराव कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, घटना के वक्त नेताओं का काफिला रुका था बज यह घटना हुई, तब वाहन में कोई नहीं था। चुनाव प्रचार के लिए जा रहे चौटाला और आजाद की गाड़ी पर कुछ युवकों ने पत्थर फेंके और ध्यान भटकाने के लिए धूल मिट्टी उड़ाई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। दुष्यंत और पुलिस में बहस भी हुई। उचाना सीट से जननायक जनता पार्टी (जजपा) के दुष्यंत चौटाला प्रत्याशी हैं और चंद्रशेखर उनके समर्थन में रोड शो करने आए थे। देर शाम को इनका काफिला उचाना कलां गांव पहुंचा था।

## संविधान पर हमला कर रही मोदी सरकार

सोनीपत, एजेंसी



- विधानसभा चुनाव से पहले सोनीपत की जनसभा में कांग्रेस नेता बोले- केंद्र सरकार कुछ अरबपतियों के लिए कर रही काम

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर संविधान पर हमला करने का आरोप लगाते हुए बेरोजगारी, अग्निपथ योजना और किसानों के कल्याण सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार की आलोचना की। पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए सोनीपत की जनसभा में गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार देश के कुछ चुनिंदा अरबपतियों के लिए काम कर रही है।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अग्निपथ योजना सैनिकों की पेंशन, कैंटीन सुविधा और उन्हें मिलने वाले शहीद के दर्जे को चुराने का तरीका है। पहले सरकारी कारखाने हुआ करते थे, इनका निजीकरण होगया। जहां देखो अडाणी और अंबानी नजर आते हैं। गांधी ने आरोप लगाया कि जवानों की पेंशन चुराने के पीछे का मकसद अडाणी जैसी कंपनी को रक्षा बजट सौंपना था। संविधान की प्रति हाथ में लिए गांधी ने कहा कि गरीबों, दलितों, किसानों और पिछड़ों के पास जो भी है वह इसी की बदौलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा 24 घंटे संविधान पर हमला करती रहती है।





« ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

## दो मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया, ढाई दिन के खेल में निकाला नतीजा, अश्विन प्लेयर ऑफ द सीरीज

# टेस्ट बना टी-20, बांग्लादेश क्लीन स्वीप



बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच जीतने के बाद प्लेयर ऑफ द सीरीज की ट्रॉफी लेते रविचंद्रन अश्विन। ● एजेंसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में भारत ने मंगलवार को बांग्लादेश को 7 विकेट से पराजित करके सीरीज 2-0 से जीत ली। टीम इंडिया ने आखिरी 2 दिन के खेल में बड़ा उलटफेर कर दिया। पहले दिन सिर्फ 116 मिनट का ही खेल हो पाया था। दूसरे व तीसरे दिन बारिश के कारण मैच रद रहा था। टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया की घरेलू मैदान पर यह 18वीं जीत है। दोनों पारी में अर्द्धशतक लगाने वाले यशस्वी जायसवाल प्लेयर ऑफ द मैच रहे, जबकि सीरीज में 114 रन बनाने वाले व 11 विकेट लेने वाले आर अश्विन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

ग्रीनपार्क में दूसरे टेस्ट में अंतिम दिन मंगलवार को बांग्लादेश दूसरी पारी में 2 विकेट पर 26 रन से आगे खेलने उतरी। टीम अपने स्कोर में 10 रन ही जोड़ सकी थी कि पहली पारी के शतकवीर मोमिनुल हक को 2 रन पर अश्विन ने राहुल के हाथों कैच आउट कराकर टीम को तीसरी सफलता दिलायी। इसके बाद शदमान खान और कप्तान नजमुल हसन शांतो ने संभलकर खेलते हुए भारत की 52 रनों की लीड को खत्म कर चौथे विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी की। 27.2 ओवर में 91 के स्कोर पर जडेजा ने नजमुल को 19 रनों पर क्लीन बोल्ड चौथा झटका दिया। इसके बाद अर्द्धशतक पूरा कर चुके शदमान आकाशदीप की गेंद पर स्लिप में यशस्वी को कैच थमा बैठे। शदमान ने 101 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 50 रन बनाए। 93 रनों पर पांचवां विकेट गिरने के बाद स्कोर में 1 रन ही जुड़ा था कि जडेजा ने लिट्टन दास को एक रन पर क्लीन बोल्ड किया फिर शाकिब अल हसन को 9 रनों पर विकेटकीपर पंत के हाथों कैच आउट दिलवाकर टीम को सातवीं सफलता दिलायी। एक छोर संभाले मुश्तिफिकुर रहीम और मेहंदी हसन मिर्जा ने टीम का स्कोर 100 रनों के पार पहुंचाया। बुमराह ने मुश्तिफिकुर को भी क्लीन बोल्ड कर बांग्लादेश की पारी का 146 रनों पर अंत किया। मुश्तिफिकुर ने 37 रन बनाए। खालिद अहमद 5 रन बनाकर नाबाद लौटे। भारत की तरफ से बुमराह, अश्विन और जडेजा ने 3-3 विकेट झटके वहीं 1 विकेट आकाशदीप को मिला।

दूसरी पारी में 95 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को शुरुआती झटका कप्तान रोहित शर्मा के रूप में 18 रनों पर लगा। रोहित 8 रन बनाकर मेहंदी हसन की गेंद पर हसन महमूद को कैच दे बैठे। इसके बाद शुभमन गिल भी 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। 34 रनों पर 2 विकेट गिरने के बाद यशस्वी और विराट ने तेजी से खेलते हुए टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। इस दौरान यशस्वी ने अपना अर्द्धशतक पूरा किया लेकिन वह 92 के कुल स्कोर पर कैच थमा बैठे। शेष रनों को कोहली और पंत ने 17.2 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर शानदार जीत दिलाकर सीरीज क्लीन स्वीप की।

### कोहली ने शाकिब को तोहफे में दिया अपना बल्ला



**कानपुर।** भारत के सुपर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में घरेलू टीम के क्लीन स्वीप के बाद मेहमान टीम के जल्द ही संन्यास लेने वाले ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को अपने हस्ताक्षर वाला बल्ला तोहफे में दिया। यहां विदेशी सरजमीं पर अपना अंतिम टेस्ट खेलने वाले शाकिब पहले की स्पष्ट कर चुके हैं कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में तब तक नहीं खेलेंगे जब तक कि बांग्लादेश की मौजूदा कार्यवाहक सरकार उनके देश से बाहर जाने में किसी तरह की रुकावट नहीं आने का आश्वासन नहीं देती। जीत दर्ज करने के बाद कोहली बांग्लादेश की टीम की ओर बढ़े और बांग्लादेश के महानतम क्रिकेटर को अपना बल्ला सौंपा। दोनों को एक-दूसरे का अभिवादन करते और हंसते हुए देखा गया जबकि शाकिब ने बल्ले से शैडो ड्राइविंग की।

### यह जादू नहीं अनुभव का उपयोग : बुमराह

**कानपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने स्वयं को जादूगर कहे जाने पर कानपुर टेस्ट जीतने के बाद कहा कि मैं विशेषण में विश्वास नहीं रखता यह परिस्थितियों के अनुसार अनुभव का उपयोग है। दूसरे टेस्ट मैच में कुल छह विकेट लेने वाले बुमराह ने (स्वयं को जादूगर कहे जाने पर) कहा कि मैं इस तरह के विशेषण में विश्वास नहीं रखता। यह टेस्ट जीत बेहद खास है। ऐसी स्थिति में आप अपने अनुभव का उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि चेन्नई की तुलना में यहां जीतना तुलनात्मक तौर पर अलग था। आकाश दीप बढ़िया गेंदबाजी कर रहे हैं और जिस तरह से वह बेहतर कर रहे हैं, उसे देखकर मैं बेहद खुश हूं।



यशस्वी
51 रन
45 गेंद
8/1 चौके/छक्के

### स्कोर बोर्ड

**बांग्लादेश पहली पारी : 233/10**

**भारत पहली पारी: 285/9 (घोषित)**

**बांग्लादेश दूसरी पारी: 146//10** — 47 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शादमान का जायसवाल बो आकाश | 50 | 101 | 10/0 |
| जाकिर हसन पगबाधा बो अश्विन | 10 | 15 | 1/0 |
| हसन महमूद बो अश्विन | 4 | 9 | 1/0 |
| मोमीनुल हक का राहुल बो अश्विन | 2 | 8 | 0/0 |
| नजमुल हुसैन शंटो बो जडेजा | 19 | 37 | 2/0 |
| मुशफिकुर रहीम बो बुमराह | 37 | 63 | 7/0 |
| लिटन दास का पंत बो जडेजा | 1 | 8 | 0/0 |
| शाकिब अल हसन का एवं बो जडेजा | 0 | 2 | 0/0 |
| मेहदी हसन मिराज का पंत बो बुमराह | 9 | 17 | 1/0 |
| ताइजुल इस्लाम पगबाधा बो बुमराह | 0 | 13 | 0/0 |
| खालिद अहमद नाबाद | 5 | 11 | 1/0 |

अतिरिक्त : 9, गेंदबाजी : बुमराह 10-5-17-3, अश्विन 15-3-50-3, आकाश दीप 8-3-20-1, सिराज 4-0-19-0, जडेजा 10-2-34-3

**भारत दूसरी पारी: 98/3** — 17.2 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का महमूद बो मिराज | 8 | 7 | 1/0 |
| यशस्वी का शाकिब बो ताइजुल | 51 | 45 | 8/1 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो मिराज | 6 | 10 | 1/0 |
| विराट कोहली नाबाद | 29 | 37 | 4/0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 4 | 5 | 1/0 |

गेंदबाजी : मिराज 9-0-44-2, शाकिब 3-0-18-0, ताइजुल 5.2-0-36-1

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रा | अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इंडिया | 11 | 8 | 2 | 1 | 98 | 74.24 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 3 | 1 | 90 | 62.50 |
| श्रीलंका | 9 | 5 | 4 | 0 | 60 | 55.56 |
| इंग्लैंड | 16 | 8 | 7 | 1 | 81 | 42.19 |
| द. अफ्रीका | 6 | 2 | 3 | 1 | 28 | 38.89 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 3 | 5 | 0 | 36 | 37.50 |
| बांग्लादेश | 8 | 3 | 5 | 0 | 33 | 34.38 |
| पाकिस्तान | 7 | 2 | 5 | 0 | 16 | 19.05 |
| वेस्टइंडीज | 9 | 1 | 6 | 2 | 20 | 18.52 |

## खेल डायरी

### भारत ने बांग्लादेश को हराया, सैफ अंडर-17 का खिताब

**थिम्पू (भूटान)।** भारत की फुटबॉल टीम ने फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को 2-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप का अपना खिताब बरकरार रखा है। सोमवार रात चांगलिमथांग स्टेडियम में खेले गये मैच का पहला हाफ बांग्लादेश के खिलाफ भारत के ग्रुप लीग मैच जैसा ही था। जहां भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार हमलावर रहे। वहीं बांग्लादेश के छह खिलाड़ी डिफेंस में लगे रहे। इसके बाद पहले हाफ में खराब प्रदर्शन के बाद मोहम्मद कैफ ने 58वें मिनट में हेडर से बेहतरीन गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद 95वें मिनट में मोहम्मद अरबाश ने बाएं पैर से शानदार गोल कर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन ऐसी टीम के खिलाफ गोल करना कभी आसान नहीं होता जोकि रक्षात्मक मानसिकता के साथ मैदान पर उतरी हो। मैच के दौरान केवल एक बार बांग्लादेश भारतीय गोल के करीब पहुंचा। यह ब्रेक पर एक मूव था और गोलमाउथ पर क्रॉस को गोलकीपर सूरज सिंह ने समय रहते रोक दिया।

### रहाणे और सरफराज के अर्धशतकों ने मुंबई को संभाला



**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।** रणजी चैंपियन मुंबई के पहले दिन ही जब तीन विकेट मात्र 37 रन के योग पर गिर गए तो ऐसा लगा कि टीम जल्द ही सिमट जायेगी। लेकिन कप्तान अंजिक्य रहाणे (नाबाद 86) और श्रेयस अय्यर ने शुरुआती झटकों के बाद टीम को संभाल लिया और पहले दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने ईरानी ट्रॉफी के लिए खेले जा रहे मुकाबले में शेष भारत के विरुद्ध चार विकेट खोकर 237 रन बना लिये। शेष भारत के मुकेश कुमार ने 3 विकेट झाटके। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में श्रेयस अय्यर (57 रन) और सरफराज खान ने (नाबाद 54 रन) अर्धशतक जड़े। इकाना स्टेडियम में मंगलवार को गीली आउट फील्ड के चलते पहले दिन 68 ओवर का ही खेल हुआ। मुकेश ने तीन विकेट चटकाये। यश दयाल को एक विकेट मिला।

### संघों को एथलीट मॉनिटरिंग सिस्टम देगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड प्रदेश संघों को आधुनिक एथलीट मॉनिटरिंग सिस्टम देगा जिससे खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। प्रदेश संघों को भेजे पत्र में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बताया कि बेंगलुरू के सेंटर आफ एक्सीलैंस की एक टीम एएमएस के प्रभावी इस्तेमाल की जानकारी देने के लिये जल्दी ही उन तक पहुंचेगी। शाह ने पत्र में लिखा मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बीसीसीआई सभी प्रदेश संघों को एएमएस देगा जिसका खर्च बीसीसीआई वहन करेगा। दिसंबर में आईसीसी चेयरमैन बनने जा रहे शाह ने कहा प्रदेश संघ इससे खिलाड़ियों का बेहतर प्रबंधन कर सकेंगे और खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ दे पाएंगे। एएमएस खिलाड़ियों को जोखिम और तैयारियों पर सूचना देने के साथ कोचों और प्रशासकों को प्रदर्शन अलर्ट, चोटों और फिटनेस पर विश्लेषण और कार्यभार मॉनिटरिंग भी करेगा।

### पार्थ को जूनियर विश्व चैंपियनशिप में दोहरा स्वर्ण

**लीमा।** पार्थ राकेश माने ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सोमवार को इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पार्थ ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत खिताब जीतने के बाद, अजय मलिक और अभिनव शॉ के साथ मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। गौतमी भालोट, शांभवी क्षीरसागर और अनुष्का थोकुर की भारतीय महिला टीम ने 10 मीटर एयर राइफल में 1894.8 के संयुक्त स्कोर के साथ नया जूनियर विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। इन तीन स्वर्ण पदकों के साथ जूनियर शूटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या आठ हो गई है। भारत टूर्नामेंट में अब तक पांच स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीत चुका हैं।

## चैंपियंस लीग में रोनाल्डो के गोल से अल नस्त्र ने अल रेयान को हराया

रियाद, एजेंसी

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल से सऊदी अरब के अल नस्त्र ने सोमवार को एएफसी चैंपियंस लीग एलीट ग्रुप चरण के मैच में कतर के अल रेयान को 2-1 से हराया।

पांच बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता रोनाल्डो वायरल संक्रमण के कारण इराक के अल शोर्ता के खिलाफ दो हफ्ते पहले 1-1 से ड्रॉ रहे टीम के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे। सोमवार को उनका एक गोल ऑफ साइड हो गया लेकिन मैच खत्म होने से 14 मिनट पहले उन्होंने एक और गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। लीवरपूल के पूर्व फारवर्ड सादियो माने ने मध्यांतर से ठीक पहले अल नस्त्र को बढ़त दिलाई जबकि रोनाल्डो ने टीम की बढ़त को 2-0 किया। मैच खत्म होने से तीन मिनट पहले रोजर गुएडेस ने अल रेयान के लिए गोल दागा लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए। अन्य मुकाबलों में सऊदी अरब के अल अहली ने यूएई के अल वासल को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की जबकि कतर के अल साद ने ईरान के एस्टेघलाल को इसी अंतर से हराया। ईरान के पर्सेपोलिस और उज्बेकिस्तान के पाख्ताकोर का मुकाबला 1-1 से बराबर रहा।



### बोर्नेमाउथ ने साउथम्पटन को हराया

**बोर्नेमाउथ (इंग्लैंड)।** बोर्नेमाउथ ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सोमवार को यहां साउथम्पटन को 3-1 से हरा दिया। सत्र के छह मैच के बाद भी साउथम्पटन को पहली जीत की तलाश है और टीम एक अंक जुटाकर वोल्वरहैम्पटन के साथ संयुक्त रूप से आखिरी पायदान पर है। बोर्नेमाउथ की ओर से एवनिलसन (17वें मिनट), डेंगो ओउआटारा (32वें मिनट) और एंटोनी सेमेन्यो (39वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा।

## फाइनल में भिड़ेंगे अल्काराज और सिनर


बीजिंग, एजेंसी

विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को यहां रूस के दानिल मेदवेदेव पर सीधे सेट में 7-5, 6-3 से जीत के साथ चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने 88 मिनट में सेमीफाइनल जीतकर मेदवेदेव के खिलाफ अपने जीत-हार के रिकॉर्ड को 6-2 तक पहुंचाया। वहीं, शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने ने चीन के बू युचाओकेते को हराया। अब फाइनल में कार्लोस अल्काराज से उनका मुकाबला होगा।

फाइनल में अब अल्काराज का मुकाबला गत चैंपियन और शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी यानिक सिनर और चीन के वाइल्ड कार्ड धारक बु युनचाओकेट के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मैच के विजेता से होगा। इससे पहले महिला वर्ग में पाउला बेडोसा ने अमेरिकी ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली जेसिका पेगुला को 6-4, 6-0 से हराकर डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शुरुआती सेट में 1-3 से पिछड़ने के बाद दुनिया की पूर्व नंबर दो खिलाड़ी बेडोसा ने वापसी करते हुए तीसरे नंबर की खिलाड़ी पेगुला को हराया। बेडोसा क्वार्टर फाइनल में चीन की 35 वर्षीय झांग शुआई से भिड़ेंगी जिन्होंने पोलैंड की मैग्डेलेना फ्रेच को 6-4, 6-2 से हराया। रैंकिंग में 595वें स्थान की खिलाड़ी झांग ने लगातार 24 मैच हारने के बाद चीन ओपन में प्रवेश किया था। वहीं 115वें नंबर की यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा ने भी 14वीं रैंकिंग वाली अन्ना कालिन्स्काया को 7-5, 6-0 से हराकर उलटफेर किया। यूलिया क्वार्टर फाइनल में चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता नाओमी ओसाका और छठी रैंकिंग वाली कोको गॉफ के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।

वहीं, तीन बार की ग्रैंड स्लैम विजेता एरिना सबालेंका ने सोमवार को यहां चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एश्लिन क्रूगर को 6-2, 6-2 से हराकर लगातार 14वीं जीत दर्ज करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका का सामना अब मेडिसन कीज से होगा जिन्होंने ब्राजील की बीट्रिस हदाद माइया को 6-3, 6-3 से हराया। प्री क्वार्टर फाइनल में सबालेंका की नजरें अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ लगातार 15 जीत की बराबरी करने पर होंगी।

चीन ओपन



- सबालेंका का विजय अभियान जारी
- गॉफ से भिड़ेंगी ओसाका, पेगुला बाहर

## बॉलीवुड हलचल

### वेबसीरीज डायनेस्टी में काम करेंगी रवीना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन वेबसीरीज डायनेस्टी में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि रवीना टंडन वेब सीरीज डायनेस्टी में काम करने जा रही है। रवीना टंडन इस शो में मुख्य भूमिका निभाएंगी, जबकि दिग्गज गायक-अभिनेता तलत अजीज भी एक अहम किरदार निभाएंगे। कहा जा रहा है कि वेबसीरीज डायनेस्टी का निर्देशन साहिल संघा कर रहे हैं। रवीना टंडन इस वेबसीरीज की स्टार कास्ट के साथ अक्टूबर के दूसरे भाग में शूटिंग शुरू करेंगी। इस वेबसीरीज का बड़ा हिस्सा दिल्ली में शूट किए जाने की संभावना है।

### रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म वेट्टैयन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आएगी। वेट्टैयन 10 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वेट्टैयन में राणा दग्गुबाती, फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका शामिल हैं।



### कार्तिक ने असली चैंपियंस के साथ मनाया जश्न

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने ओलंपिक और पैरालंपिक चैंपियन के साथ जश्न मनाया है। कार्तिक आर्यन ने फिल्म चंदू चैंपियन में मुरलीकांत पेटकर के किरदार को सिल्वर स्क्रीन पर जीवंत कर दिया। हर तरफ से ढ़ेर सारा प्यार और प्रशंसा पाने के बाद कार्तिक ने अपने जबरदस्त परफॉर्मेंस से हमारे पैरालंपिक एथलीटों को सम्मानित किया है। कार्तिक हमेशा इन चैंपियनों की भावना का जश्न मनाते रहे हैं। इसकी झलक तब देखने मिली, जब वे हाल ही में नीता अंबानी द्वारा आयोजित एक खास कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां पहली बार 140 ओलंपियन और पैरालिंपियन एक साथ देखे गए। कार्तिक ने अपने सोशल मीडिया पर एक छोटा वीडियो शेयर किया है, जिसमें पैरालंपिक चैंपियन नवदीप सिंह और प्रीति पाल को उनकी फिल्म चंदू चैंपियन का फेमस डायलॉग चंदू नहीं चैंपियन है मैं बोलते हुए जोश में देखा जा सकता है। कार्तिक ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा है,किसी को कभी कम मत समझना चंदू नहीं चैंपियन है। असली चैंपियंस के साथ। कार्तिक आर्यन, दीवाली पर रिलीज होने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आएंगे।

## आईओए कोषाध्यक्ष ने अध्यक्ष के दावों को दिया झूठ करार

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीटी उषा के दावों पर सहदेव ने किया पलटवार कहा- उनके आरोपों का ना कोई सबूत है और ना ही वास्तविक आधार

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव ने आईओए कार्यकारी समिति के सदस्यों के पेरिस ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित करने के प्रस्ताव पर सहमत नहीं होने के अध्यक्ष पीटी उषा के दावे के लिए उन पर पलटवार करते हुए कहा उनका दावा सरासर झूठ है।

उषा ने सोमवार को कहा था कि यह बेहद चिंताजनक है कि कार्यकारी समिति के सदस्य ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित करने में विफल रहे और उन्होंने वित्त समिति पर पेरिस खेलों के लिए भारतीय खिलाड़ियों की तैयारी के लिए दिए जाने वाले कोष को रोकने का आरोप लगाया। उषा के दावों का खंडन करते हुए सहदेव ने कहा समिति के सदस्यों के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है और ना ही पेरिस ओलंपिक 2024 के पदक विजेताओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए लिखित में कोई आधिकारिक प्रस्ताव है। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के भी अध्यक्ष सहदेव ने उषा पर आईओए संविधान के अनुसार जिम्मेदारी लेने के बजाय झूठ फैलाने और मनगढ़ंत बातें करने का आरोप लगाया। सहदेव ने कहा हम यह समझ पाने में असफल हैं कि आईओए अध्यक्ष झूठ क्यों फैला रही हैं। कार्यकारी समिति के सदस्यों को नीचा दिखाने के लिए जबकि इसका ना तो कोई सबूत है और ना ही कोई वास्तविक आधार है। उनके प्रयास और प्रस्ताव कुछ और नहीं बल्कि सफेद झूठ हैं जिन्हें अध्यक्ष हर बार मीडिया के सामने मगरमच्छ के आंसू बहाते हुए गढ़ती रहती हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 48.5 रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन या एटीएफ की कीमत 6.3 प्रतिशत की कटौती के बाद मंगलवार को इस साल के निचले स्तर पर आ गई। वहीं, तेल कंपनियों ने होटलों तथा रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी (19 किलोग्राम) की कीमत में 48.5 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की है। 48.5 रुपये बढ़ने के बाद 1,740 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर हो गई है।

### आरती सरीन बनीं सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा की डीजी

**नई दिल्ली।** शल्य चिकित्सक वाइस एडमिरल आरती सरीन ने मंगलवार को सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) का महानिदेशक पद संभाल लिया। वह यह पदभार संभालने वाली पहली महिला अधिकारी हैं। महानिदेशक सशस्त्र बलों से संबंधित समग्र चिकित्सा नीति मामलों के लिए सीधे रक्षा मंत्रालय के प्रति उत्तरदाई हैं। वह एएफएमसी पुणे की पूर्व छात्रा हैं।

### अस्पताल में भर्ती अभिनेता रजनीकांत, हालत स्थिर

**चेन्नई।** फिल्म अभिनेता रजनीकांत को सोमवार देर रात यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी हालत स्थिर है। 73 वर्षीय रजनीकांत का मंगलवार को संभवतः कोई पूर्व निर्धारित उपचार होना है और उनकी हालत स्थिर है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रजनीकांत के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स को किया जाएगा सम्मानित

**पेरिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स को सीजर पुरस्कार के 50वें संस्करण में सम्मानित किया जाएगा। एकेडमी ऑफ सिनेमा आर्ट्स एंड टेक्निक्स ने यह घोषणा की। सीजर पुरस्कार की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी एक बयान में बताया गया कि रनअवे ब्राइड, प्रिटी वुमन, नॉटिंग हिल और एरिन ब्रोकोविच जैसी फिल्मों के लिए मशहूर 56 वर्षीय अभिनेत्री को 28 फरवरी, 2025 को फ्रांस की राजधानी के ओलंपिया हॉल में आयोजित पुरस्कार समारोह के दौरान 'ऑनररी सीजर' से पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### जाकिर नाइक एक महीने के पाकिस्तान दौरे पर

**इस्लामाबाद।** भारतीय भगौड़ा डॉ. जाकिर नाइक एक महीने की लंबी यात्रा के लिए पाकिस्तान पहुंचा, जहां वह कराची, इस्लामाबाद और लाहौर जैसे प्रमुख शहरों में व्याख्यान देगा। यह जानकारी मंगलवार को मीडिया रिपोर्टों से प्राप्त हुई। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, तीन दशकों में नाइक की यह पहली पाकिस्तान यात्रा है। इससे पहले वह आखिरी बार 1992 में पाकिस्तान गए थे, जब वह भारत लौटने से पहले लाहौर में धार्मिक विद्वान डॉ. इसरार अहमद से मिले थे।

### चीनी सेना की दक्षिण चीन सागर में समुद्री गश्त

**बीजिंग।** चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) दक्षिणी थिएटर कमांड ने सोमवार से मंगलवार तक दक्षिण चीन सागर में युद्ध-तैयारी गश्त करने के लिए एक नौसैनिक बेड़े का आयोजन किया। पीएलए आर्मी दक्षिणी थिएटर कमांड ने आज एक बयान में कहा कि यह गश्त वार्षिक सैन्य अभ्यास के तहत की गई।

### तेल अवीव में आतंकवादी हमले में आठ लोग की मौत

**तेल अवीव।** इजराइल में तेल अवीव के उपनगर जाफ़ा में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में कम से कम आठ लोग मारे गए और सात घायल हो गए। द टाइम्स ऑफ़ इजराइल अखबार ने पुलिस का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। इससे पहले दिन में इजराइली मीडिया ने बताया कि मध्य इज़रायल में दो अज्ञात हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में 10 लोग घायल हो गए। दो हमलावरों को कथित तौर पर मार गिराया गया।

### इंडोनेशिया के सुलावेसी प्रांत में भूकंप के तीव्र झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के दक्षिणपूर्व सुलावेसी प्रांत में मंगलवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किये गये। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शाम करीब 04:28 बजे आए भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 आंकी गयी।

# ईरान ने दागीं मिसाइलें, इजराइल बोला- छोड़ेंगे नहीं

## इजराइल में बजे इमरजेंसी अलार्म, लोग बंकरों में छिपे, युद्ध से दुनिया में टेंशन बढ़ी, नसरल्ला की मौत के बाद युद्ध शुरू

यरुशलम, एजेंसी

हिजबुल्ला प्रमुख नसरल्ला की मौत से बौखलाए ईरान ने मंगलवार को इजराइल पर ताबड़तोड़ मिसाइलें बरसाकर युद्ध छेड़ दिया। वहीं, ईरान के इस दुस्साहस को लेकर इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के इस दुस्साहस का मुंहतोड़ जबाव देंगा। युद्ध ने दुनिया में टेंशन बढ़ा दी है।

ईरान ने जैसे ही रॉकेट दागे इजरायल में सायरन बजने लगे। इजरायली सेना ने तुरंत सभी लोगों को बम शेल्टर में शरण लेने की सलाह दी। इस दौरान आसमान में मिसाइल इंटरसेप्शन से धमाकों की आवाजें लगातार आती रहीं। कई इलाकों में ईरानी रॉकेट के गिरने की भी सूचना है, लेकिन उनसे जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। इससे पूर्व इजराइली सेना ने लेबनान में घुसकर बड़े पैमाने पर भूमि आक्रमण अभियान शुरू किया है। यह आक्रमण इजराइल और हिज़बुल्ला के बीच बढ़ते तनाव के बीच हो रहा है, जो हाल के महीनों में सीमा पार से कई हमलों के बाद हुआ है। मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

इजराइली सेना ने कहा कि सेना उन उन क्षेत्रों में हमले कर रही है जो इजराइली सीमा के करीब हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हिजबुल्ला और हमास का समर्थन करने वाले ईरान को सोमवार को चेतावनी दी थी। उन्होंने लेबनान के हिजबुल्ला समूह के नेता के एक हवाई हमले में मारे जाने के कुछ दिन बाद कहा, पश्चिम एशिया में ऐसी कोई जगह नहीं है जहां इजराइल नहीं पहुंच सकता। हिजबुल्ला ने अपने नेता हसन नसरल्ला और अन्य शीर्ष नेताओं के मारे जाने के बाद भी लड़ाई जारी रखने का सोमवार को संकल्प लिया। आतंकी समूह के कार्यवाहक नेता नईम कासेम ने नसरल्ला की मौत के बाद सोमवार को टेलीविजन पर अपने पहले बयान में कहा कि अगर इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो हिजबुल्ला के लड़ाके पूरी तरह से तैयार हैं।



ईरान द्वारा इजराइल की ओर छोड़ी गईं मिसाइलें।



इजराइल-लेबनान सीमा पर हमले के लिए पहुंचे इजराइली टैंक।

### इजराइल ने लेबनान के कई समुदायों से क्षेत्र छोड़ने का किया आह्वान

**यरूशलम।** इजराइली सेना ने सीमा के निकट लेबनान के 24 समुदायों को वहां से चले जाने की चेतावनी दी है। इजराइल द्वारा दक्षिणी लेबनान में सेना भेजने के कुछ घंटों बाद मंगलवार को यह चेतावनी दी गई। इजराइल ने कहा कि उसके सैनिक लेबनान में घुस गये और हिजबुल्ला के लड़ाकों और बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए छापेमारी की। इस बीच हिजबुल्ला ने इजराइल की सेना के लेबनान में घुसने की खबरों को खारिज किया है। इसने कहा यदि वे सीमा पार करते हैं तो उसके (हिजबुल्ला) लड़ाके आमने-सामने की लड़ाई के लिए तैयार हैं। इजराइल की सेना के प्रवक्ता द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किये गये आदेश में दक्षिणी लेबनान के लगभग 24 समुदायों का जिक्र किया गया है और लोगों को सीमा से लगभग 60 किमी (36 मील) दूर, अवाली नदी के उत्तर में चले जाने को कहा गया है।

### भारतीय दूतावास ने सुरक्षा प्रोटोकोल का पालन करने की दी सलाह

**तेल अवीव।** इजराइल के हालात देखते हुए यहां स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीयों को सतर्क रहने और सुरक्षा प्रोटोकोल का पालन करने की सलाह दी है। दूतावास द्वारा जारी परामर्श में कहा गया कि कृपया सावधानी बरतें, देश के भीतर अनावश्यक यात्रा से बचें और सुरक्षित आश्रयों के पास रहें। दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और हमारे सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इजराइली अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में है।

### लेबनान में हवाई हमलों में 95 लोग मारे गए, 172 घायल

**बेरूत।** लेबनान के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली हवाई हमलों में कुल 95 लोगों की मौत हो गयी और 172 अन्य घायल हो गये हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बालबेक-हर्मेल जिले में इजरायली हमले में 16 लोग मारे गए और 48 अन्य घायल हुए। वहीं, मध्य गाजा पट्टी में नुसीरात शरणार्थी शिविर पर सोमवार रात इजराइली हवाई हमले में 12 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

### हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोत पर किया हमला

**दुबई।** हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में एक पोत को निशाना बनाकर हमला किया जो पिछले कुछ सप्ताह में वाणिज्यिक पोतों पर उनका संभवतः पहला हमला है। यह हमला लेबनान में हाल में हुए इजराइली हमलों और हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला के मारे जाने के बाद हुआ है। इससे पश्चिम एशिया में युद्ध के बड़े स्तर पर फैलने की आशंका पैदा हो गई है। हूती विद्रोहियों ने इजराइल के ऊपर उड़ रहे एक अमेरिकी सैन्य ड्रोन को भी मार गिराया।

### हिजबुल्ला ने इजराइली सैनिकों के घुसने की खबरों को किया खारिज

**यरूशलम।** हिजबुल्ला ने इजराइल की सेना के लेबनान में घुसने की खबरों को खारिज किया है। साथ ही इसने कहा कि यदि वे सीमा पार करते हैं तो उसके (हिजबुल्ला) लड़ाके आमने-सामने की लड़ाई के लिए तैयार हैं। इजराइल द्वारा जमीनी स्तर पर अपना अभियान शुरू करने की घोषणा के बाद अपने पहले बयान में हिजबुल्ला के प्रवक्ता मोहम्मद अफीफी ने कहा कि इजराइल की सेना के लेबनान में घुसने की खबरें झूठे दावे हैं।

**वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हुआ समारोह**

# एयरफोर्स दुश्मनों को जवाब देने में सक्षम

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय वायु सेना देश के दुश्मनों को उनकी सीमा में घुसकर करारा जवाब देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि सरकार आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप बल को सबसे उन्नत प्लेटफार्मों से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सिंह ने यहां राष्ट्रीय समर स्मारक में एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होना चाहिए ताकि सम्मान, गौरव और देश की सेवा की भावना के साथ जीवन जिया जा सके। भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित समारोहों के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिंह ने वायु वीर विजेता कार रैली को प्रारंभ किया जिसे आठ अक्टूबर को लद्दाख के थोइस से रवाना किया जाएगा जो समुद्र तल से 3,068 मीटर की ऊंचाई पर दुनिया के सबसे ऊंचे वायु सेना स्टेशनों में से एक है। लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक 7,000 किमी की दूरी तय करने वाली यह रैली आयोजित की जाएगी।



भारतीय वायु सेना की वर्षगांठ में शिरकत करने पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

## जापान की संसद ने शिगेरु इशिबा को प्रधानमंत्री चुना

**तोक्यो।** जापान की संसद ने सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख शिगेरु इशिबा को औपचारिक रूप से देश का नया प्रधानमंत्री चुना। इशिबा को शुक्रवार को लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी का नेता चुना गया था, ताकि वह फुमियो किशिदा की जगह ले सकें। फुमियो किशिदा के मंगलवार की सुबह प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद इशिबा के अगले प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यभार ग्रहण करने का मार्ग प्रशस्त हो गया था। इशिबा मंगलवार को बाद में अपने नए मंत्रिमंडल की घोषणा करेंगे। किशिदा ने 2021 में प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यभार संभाला था, लेकिन घोटालों से घिरने के बाद पद छोड़ दिया।

# थाईलैंड में बस में आग लगने से 25 विद्यार्थियों की मौत

बैंकॉक, एजेंसी

- बस में छह शिक्षकों समेत 44 लोग थे सवार

थाईलैंड में बैंकॉक के बाहरी इलाके में वॉट खाओ फ्राया विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों को ले जा रही एक बस में मंगलवार को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह हादसा थाईलैंड के खु खोत में ज़ीर रंगसिट शॉपिंग मॉल के पास फाहोन योथिन रोड पर स्थानीय समयानुसार अपराह्न 12.30 बजे हुआ।

राजधानी बैंकॉक से लगभग 250 किमी (155 मील) उत्तर में उथाई थानी प्रांत से चली बस में छह शिक्षकों समेत 44 लोग सवार थे। आग लगने के कारणों के बारे में फिलहाल का पता नहीं चल पाया है और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक दमकलकर्मी आग को काबू करने की मशक्कत कर रहे थे। पुलिस के अनुसार सोलह विद्यार्थियों और तीन शिक्षकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



## पत्रकारिता का दोषी होने की बात मुक्त होने के लिए कबूली: असांजे

**फ्रांस।** विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे ने मंगलवार को कहा कि उन्हें वर्षों की कैद के बाद रिहा किया गया, क्योंकि उन्होंने पत्रकारिता का दोष होने की बात कबूल कर ली। असांजे ने फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में पार्लियामेंट्री असेंबली ऑफ द काउन्सिल ऑफ यूरोप की कानूनी मामलों और मानवाधिकार समिति के समक्ष अपनी हिरासत और दोषसिद्धि के प्रभाव के बारे में साक्ष्य दिया। इस पार्लियामेंट्री असेंबली में 46 यूरोपीय देशों के सांसद शामिल हैं। असांजे को ब्रिटेन की जेल में पांच साल बिताने के बाद जून में रिहा किया गया था। उन्होंने अमेरिकी सेना से जुड़ी जानकारी हासिल करने और प्रकाशित करने का दोष को स्वीकार किया था।

# चीन ने भारत के साथ सीमा समझौतों का किया उल्लंघन

वाशिंगटन, एजेंसी

- विदेश मंत्री ने कहा- तनाव जारी रहने से मौजूदा रिश्ते पर भी स्वाभाविक ग्रहण लगेगा

विदेश मंत्री जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि चीन ने सीमा समझौतों का उल्लंघन किया है और तनाव जारी रहने से मौजूदा रिश्ते पर भी स्वाभाविक ग्रहण लगेगा। कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस थिंक टैंक में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा चीन के साथ हमारे अपने संबंधों के संदर्भ में मुझे लगता है कि यह एक लंबी कहानी है, लेकिन संक्षेप में कहें तो सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए समझौते हुए थे, चीन ने उन समझौतों का उल्लंघन किया है।

उन्होंने कहा, चूंकि हमारी सेनाएं अग्रिम मोर्चे पर तैनात हैं, इसलिए तनाव पैदा हो रहा है। जब तक अग्रिम मोर्चे पर तैनातियों का समाधान नहीं हो जाता, तनाव जारी रहेगा। अगर तनाव जारी रहता है, तो इसका असर बाकी रिश्तों पर भी पड़ेगा। यही वजह है कि पिछले चार सालों से हमारे रिश्ते अच्छे नहीं रहे हैं। मंत्री से चीन के साथ तनाव और साथ ही भारत के साथ व्यापार संबंधों में चीन द्वारा हर देश को पीछे छोड़ने के बारे में पूछा गया। जयशंकर ने कहा जब व्यापार की बात आती है, तो वैश्विक स्तर पर चीन की हिस्सेदारी वैश्विक विनिर्माण में लगभग 31-32 प्रतिशत है।



### चीन सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन सामान्य नहीं : थल सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि चीन से लगती सीमा पर स्थिति स्थिर है लेकिन इसे सामान्य नहीं कहा जा सकता और यह संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने अप्रैल 2020 से पहले की यथास्थिति की बहाली की मांग करते हुए कहा कि जब तक ऐसा नहीं होगा तक स्थिति संवेदनशील बनी रहेगी। द्विवेदी ने यहां चाणक्य रक्षा संवाद- 2024 के दूसरे संस्करण के पूर्वावलोकन कार्यक्रम में विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हुए वर्ष 2047 तक एक मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध भारत की बात कही।

## शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा के लिए हरसंभव कदम उठाएगी सरकार

**ढाका।** दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान संभावित अशांति की चिंता के बीच, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह समारोहों के शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन के लिए जो भी आवश्यक होगा, कदम उठाएगी और इस बार का उत्सव पिछले सभी उत्सवों की तुलना में सबसे अच्छा होगा। दुर्गा पूजा उत्सव 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। सरकारी बीएसएस समाचार एजेंसी ने गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम के हवाले से कहा, इस बार का दुर्गा पूजा उत्सव पिछले सभी उत्सवों की तुलना में सबसे अच्छा होगा।

### चीन बोला- भारत व पड़ोसी देशों से चल रहा तनाव



**बीजिंग।** चीन ने अपना 75वां राष्ट्रीय दिवस मनाया और राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कड़ी चेतावनी दी कि कम्युनिस्ट राष्ट्र के लिए आगे की राह आसान नहीं होगी, क्योंकि उसे आर्थिक चुनौतियों के साथ-साथ अमेरिका के साथ बढ़ती प्रतिद्वंद्विता और भारत सहित अन्य पड़ोसियों के साथ बढ़ते तनाव का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को बीजिंग के विशाल तियानमेन स्कवायर पर राष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग प्रतीकात्मक ध्वजारोहण समारोह में शामिल हुए। देश में एक सप्ताह का अवकाश घोषित है। राष्ट्रीय दिवस की 60वीं और 70वीं वर्षगांठ की तरह इस बार कोई उत्सव या चीन की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने वाली भव्य सैन्य परेड नहीं हुई।

# 56 साल बाद ढाका ग्लेशियर में दफन मिला शहीद का शव

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

- चालक सहित 102 यात्रियों को लेकर भरी थी उड़ान, आईडी से हुई सिपाही की पहचान

अमृत विचार : भारत-चीन सीमा पर तैनात एक फौजी 56 साल पहले अपने घर के लिए निकला। वह अपने 102 साथियों के साथ वायु सेना के विमान में सवार था। विमान ने उड़ान तो भरी, लेकिन अपने बेस पर वापस नहीं लौट पाया। विमान क्रैश हो गया और सभी 102 लोग लापता हो गए। अब 56 साल बाद पता लगा कि विमान हादसे में लापता हुए सैनिक नारायण सिंह का शव ढाका ग्लेशियर में दफन है।

सेना के जवानों ने शव निकाला। शव पहचानने की हालत में नहीं था, लेकिन शव से मिली एक आईडी से शहीद की शिनाख्त सिपाही नारायण सिंह के रूप में की गई। कोलपुड़ी पोस्ट गेरूर ब्लॉक थराली (चमोली) के रहने वाले नारायण सिंह भारतीय सेना में सिपाही थे। वर्ष 1968 में उनकी तैनाती भारत-चीन सीमा पर स्थित लेह में थी। सेना के अधिकारियों ने उनके पुत्र जयवीर सिंह को चार दिन पूर्व एक पत्र भेजा। मेजर साहिल रणदेव की ओर से भेजे गए पत्र में लिखा, 7 फरवरी 1968 को भारतीय वायुसेना का विमान एन-12-बीएल-534 चंडीगढ़ से उड़ा। छह क्रू सदस्यों के साथ विमान लेह पहुंचा, ताकि भारतीय सेना के लोगों को लेह से चंडीगढ़ वापस लाया जा सके। वापसी में विमान ने लेह से उड़ान भरी। विमान में कुल 102 यात्री (चालक दल सहित) सवार थे, लेकिन चंडीगढ़ की ओर बढ़ते समय खराब मौसम की वजह से ढाका ग्लेशियर के सामान्य क्षेत्र में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

## भारत में 2.5 लाख नए वीजा स्लॉट जारी करना स्वागत योग्य

**वाशिंगटन।** अमेरिका में प्रेसिडेंशियल कमीशन फॉर एशियन-अमेरिकन के एक भारतीय-अमेरिकी सदस्य ने भारत में अमेरिकी दूतावास द्वारा 2.5 लाख नए वीजा आवेदनों पर विचार किए जाने का स्वागत किया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि भारत में अमेरिकी दूतावास ने पर्यटकों, कुशल कामगारों और छात्रों सहित यात्रियों के लिए अतिरिक्त स्लॉट खोले हैं जिनमें नए वीजा आवेदनों पर विचार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि हाल में जारी किए गए स्लॉट भारतीय आवेदकों को समय पर साक्षात्कार देने में मदद करेंगे, जिससे यात्रा को सुविधाजनक बनाया जा सकेगा। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एशियन-अमेरिकन, नेटिव हवाईयन एंड पैसिफिक आइलैंड (एएएनएचपीआई) के लिए राष्ट्रपति के सलाहकार आयोग के सदस्य अजय भुटोरिया ने सोमवार को कहा, यह व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) एएएनएचपीआई आयोग में पहले प्रस्तुत की गई मेरी सिफारिशों में से एक का प्रत्यक्ष परिणाम है।

**ज्ञान-विज्ञान** | नासा के मार्स पर्सिवरेंस रोवर की महत्वपूर्ण खोज, खोलेगी कुछ और राज

# मंगल पर मिली अजीबो-गरीब धारीदार चट्टान

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : लालग्रह मंगल में एक अजीबोगरीब धारीदार चट्टान की खोज हुई है। मार्स पर्सिवरेंस रोवर ने यह खोज की है। जेज़ेरो क्रेटर में यह चट्टान मिली है। माना जा रहा है कि यह चट्टान मंगल के बारे में नई जानकारी दे सकती है।

नासा का मार्स पर्सिवरेंस रोवर मंगल की सतह की जांच पड़ताल में लंबे समय से जुटा हुआ है। अभी तक कई महत्वपूर्ण खोजों को अंजाम दे चुका है और अब धारीदार चट्टान का मिलना मंगल की सतही पदार्थों का रहस्य उजागर कर सकती है। यह चट्टान अजीब काली और सफेद धारीदार है। मार्स पर्सिवरेंस रोवर लाल ग्रह के अतीत में सूक्ष्मजीव जीवन के साक्ष्य की तलाश कर रहा है। मगर काली और सफेद धारियों वाली इस चट्टान ने बहुत सारे प्रश्न खड़े कर दिए। वैज्ञानिकों ने इसका नाम फ्रेया कैसल रखा है। यह चट्टान कुछ हद तक पृथ्वी के रूपांतरित चट्टानों के समान दिखता है। जिन्हें नाइस, मार्बल व शिस्ट कहा जाता हैं। प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकोन ने इसका खुलासा किया है। उनका कहना है कि फ्रेया कैसल उच्च श्रेणी की चट्टान जैसा दिखता है। जिन स्थितियों में मंगल पर फ्रेया कैसल का निर्माण होगा, वह संभवतः पृथ्वी के समान रही होंगी। यह खोज मंगल की सतह पर चट्टानों के बारे मे नई जानकारी उजागर करती है। बहरहाल इस चट्टान का विस्तृत अध्ययन किया जाना है। तभी इसकी वास्तविकता का पता लग सकेगा। मंगल पर अनेक प्रकार की चट्टान मिलती रही हैं, मगर इसका रंग रूप अजीब कहानी बयां करता है। जिस स्थान पर यह चट्टान मिली है, वह स्थान करीब 3.9 अरब साल अस्तित्व में आया। संभावना यह भी जताई जा रही है कि तब कुछ इस तरह की चट्टानें बनी हो सकती है। प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों का कहना है कि वह जल्द इस चट्टान का रहस्य उजागर कर देंगे।

बॉक्स



### मंगल पर खोज क्रांति से कम नही

नैनीताल : मंगल ग्रह पर खोज किसी क्रांति से कम नही। पिछले दो दशक में परत दर परत मंगल के खुलासे होते चले गए हैं। इस दिशा में आधुनिक विज्ञान व तकनीक मील का पत्थर साबित हुई है। अब मानव का मंगल पर पहुचना शेष रह गया है। अगले पांच वर्ष में यह कार्य भी पूर्ण हो जाएगा।

## यूएनजीए में स्थायी सीट के लिए समर्थन करने वाले देशों का धन्यवाद

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने सोमवार को उन देशों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता देने का समर्थन किया। इनमें यूएनएससी के स्थायी पांच सदस्य देशों में से चार अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस, साथ ही अंगोला, चिली, माइक्रोनेशिया, पुर्तगाल शामिल हैं, जबकि बेलारूस और भूटान ने विकास पहल में मदद के लिए भारत को धन्यवाद दिया। जिन लोगों ने 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूएनएससी में भारत के साथ-साथ अफ्रीका के एक देश की स्थायी सदस्यता तथा जर्मनी और जापान के समर्थन में बात की, उनमें शामिल हैं: अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंको, चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट, कीर स्टार्मर।